सुप्रभात
रांची, बुधवार
27.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 164



12 अभिनेता रोनित रॉय ने अपनी पत्नी से फिर की शादी

## न्यूज डायरी

### ईंट भट्टे की दीवार ढही छह मजदूरों की मौत

**देहादून/रुड़की।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रुड़की तहसील के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के लहबोली गांव में एक ईंट भट्टे की दीवार गिरने से छह मजदूरों की मौत ही गयी, वहीं दो अन्य घायल हैं। हादसे में एक घोड़े की भी मौत हुई है जबकि एक घायल भी है।

### दीपक कुमार बने सीआइडी के डीएसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने पांच डीएसपी का तबादला किया है। पलामू जिले के लेस्लीगंज में झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप -6) में पदस्थापित दीपक कुमार रांची सीआइडी डीएसपी बनाये गये हैं। इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर हो गयी है।

### सरना कोड की मांग पर 30 को भारत बंद

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने मंगलवार को आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर में बैठक की। अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। जिसमें 30 दिसंबर को सरना कोड की मांग पर भारत बंद की तैयारी की समीक्षा की गयी।

### ओवरटेक के चक्कर में दो बाइक सवारों की मौत

**धनबाद।** जिले में मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर है। तीनों छात्र बाइक से ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक से टकरा गये। मृतक गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जगदीश सहरदार टोला निवासी संदीप महतो और नितेश महतो हैं।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मार ली गोली

**बोकारो।** जिले के गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र झुमरा के निकट रहावन कैंप में सीआरपीएफ 26 बटालियन के रामबाबू राय (40) ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वे रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित रंका के रहने वाले थे। उनके दो बच्चे हैं।

### बैठक से पहले इस्तीफा देंगे ललन सिंह!

**पटना।** बिहार के सियासी गलियारे से चौंकाने वाली खबर है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन सिंह इस्तीफा दे सकते हैं। कहा जा रहा है कि 29 दिसंबर को राष्ट्रीय परिषद की बैठक होने वाली है और इस बैठक से पहले ही ललन सिंह इस्तीफा दे सकते हैं।

### बिहार में नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया। मंगलवार को यहां सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद कि बैठक में यह फैसला लिया गया। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने लिये गये निर्णयों की जानकारी दी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 60,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

# आरबीआइ को उड़ाने की धमकी, अलर्ट मोड पर मुंबई पुलिस

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ), एचडीएफसी और आईसीआईसीआई समेत कई बैंकों को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। ईमेल के जरिये दी गयी धमकी में कहा गया है कि आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने पद से इस्तीफा दे दें। धमकी भरे ईमेल में कहा गया है कि 11 जगहों पर बम लगाये गये हैं। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, हालांकि कहीं से कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। जानकारी के अनुसार नया साल शुरू होने से पहले बैंकों को यह धमकी दी गयी है। धमकी देने वाले ने आरोप लगाया है कि वित्तम मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला किया है। (शेष पेज 11 पर)



### वित्त मंत्री, गवर्नर से इस्तीफा मांगा, मुंबई में 11 जगहों पर रखे हैं बम

### इजरायली दूतावास के पास धमाके की कॉल पर हड़कंप

दिल्ली में इजरायली दूतावास के पास विस्फोट की कॉल पर हड़कंप मच गया है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने पाया कि कहीं कोई बम धमाका नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इजरायल दूतावास के पास बम धमाके की कॉल 5.45 पर मिनट पर आई थी। इससे महकमे के अधिकारी तुरंत हरकत में आ गये। आनन-फानन में एक टीम मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को कहीं कोई धमाका नजर नहीं आया। स्पेशल सेल के सूत्रों बताया कि नई दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में इजरायल एंबेसी के पीछे एक खाली प्लॉट से धमाके की आवाज कुछ लोगों ने सुनी थी। यह आवाज किस वजह से आई उसकी छानबीन भी की जा रही है। मौके पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची थी। दूतावास के सभी स्टाफ सुरक्षित हैं। आसपास सघन तलाशी चल रही है। पुलिस और एजेंसियां पूरी तरह जांच कर लेना चाहती हैं कि कहीं कोई ब्लास्ट से जुड़ी सामग्री इजरायली दूतावास के आसपास तो नहीं है।

# एसटी-एससी परीक्षार्थियों को फ्री कोचिंग करायेगा टीआरआइ

## आज होगा संथाली कोचिंग का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बुधवार से डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान (टीआरआइ) अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक-युवतियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग एवं समकक्ष प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क संताली भाषा कोचिंग का शुभारंभ कर रहा है। संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा से जुड़ा यह विशेष कोचिंग करीब 4 महीने का है। इसमें अब तक 30 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति संवर्ग के छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलवाना है। इन छात्रों को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित संताली भाषा में संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलवाना है। चूंकि संताली भाषा के पाठ्यक्रम की विशिष्टताओं के कारण अन्य भाषा के पाठ्यक्रमों की प्रतियोगियों के लिए ज्यादा अंक प्राप्ति की संभावना है। 8वीं अनुसूची में सम्मिलित संताली भाषा की खासियत यह है कि मुंडारी भाषा परिवार की भाषायें बोलने वाले मुंडारी, हो, खड़िया, आसुरी, बिरहोरी, बिरजिया, स्वासी आदि समुदायों के प्रतिभागियों को उनकी मातृभाषा संताली से मिलती-जुलती होने के कारण तैयारी करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

इस कोचिंग कार्यक्रम में गैर मुंडारी भाषा परिवार के प्रतिभागियों के लिए भी अलग से अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इससे उन्हें संताली भाषा सीखने में आसानी हो और उसके पाठ्यक्रम की तैयारी से यथाशीघ्र जुड़ सकें। संस्थान में संचालित होने वाली संताली भाषा कोचिंग को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संताली भाषा विभाग की सहायक प्राध्यापिका डुमनी माई मुर्मू एवं डॉ फ्रांसिस सी मूर्मू तथा डॉ सन्तोष मुर्मू आदि व्याख्याताओं द्वारा पाठ्यक्रम की तैयारी की जायेगी।

इस प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम विषेष रूप से संघ लोक सेवा आयोग एवं समकक्ष परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है। जिसमें गद्य, कविता उपन्यास, कहानियां, नाटक एवं जीवनी की पुस्तकें हैं। जैसे होरह सेरेंग, डब्ल्यूजी आर्चर, हो सेरंग, रघुनाथ मुर्मू, सोरोस सेरेंग, बाबूलाल मुर्मू उपन्यास आदि शामिल है।



ज्ञातव्य है कि संस्थान द्वारा दो और कोचिंग कार्यक्रम जनवरी के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ होगा। उसमें अनुसूचित जनजाति के युवक-युवतियों के लिए राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिये निःशुल्क गैर आवासीय कार्यक्रम एवं अति कमजोर जनजातीय समुदाय शामिल है।

## सीएम ने चतरा को दी बाईपास रोड की सौगात, कहा

# विपरीत परिस्थितियों में भी दे रहे हैं विकास को रफ्तार

**सरकार आपके द्वार**

- जिले को दिया 402 योजनाओं का तोहफा
- लाभुकों में 221.78 करोड़ की बांटी परिसंपत्ति
- नयी-नयी योजनाएं जनता के बीच पहुंचेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चतरा।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि विपरीत परिस्थितियों के बीच विकास को दे रहे रफ्तार हैं। यह एक संवेदनशील सरकार है, जो आपके दुःख दर्द में आपके साथ हमेशा खड़ी है। हमारी कोशिश है कि एक-एक व्यक्ति की परेशानियों को दूर कर सकें। श्री सोरेन मंगलवार को चतरा के सिमरिया प्रखंड में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चतरा जिला को नये वर्ष में बाईपास रोड की सौगात मिलेगी। इसके टेंडर निष्पादन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जनवरी में इसका शिलान्यास होगा।

**दो साल में ताकतवर झारखंड का लक्ष्य :** सीएम ने कहा कि वर्ष 2025 में झारखंड 25 वर्ष का युवा राज्य बन जायेगा। यह राज्य किस तरह मजबूत हो, इसके लिए हमारी सरकार लगातार कदम उठा रही है। अगले दो वर्षों में हमारा लक्ष्य झारखंड को ताकतवर राज्य बनाना है। हमारी सरकार गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण, हित और सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई ऐतिहासिक और मजबूत निर्णय लिये हैं। इनमें सार्वजनिक पेंशन योजना के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवाओं और परित्यक्ता को पेंशन से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)



### पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य को लूटा

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि नवजात झारखंड का पूर्ववर्ती सरकार ने विकास के नाम पर केवल शोषण किया है। इस कारण झारखंड पिछड़ा राज्य बन गया है। खजाना खाली कर दिया गया था। इस कारण गांव भुखमरी के कगार पर चले गये। केंद्र पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि अपना हक व अधिकार मांगने पर केंद्र सरकार इडी-सीबीआइ भेजती है। प्रधानमंत्री आवास के लिए केंद्र सरकार से नाक रगड़ते रहे, पर कुछ नहीं किया। तब आपकी सरकार ने राज्य के लोगों को राज्य सरकार से अबुआ आवास गरीबों को देने का कानून बनाया। गरीबों का दो कमरे की जगह अब तीन कमरे का आवास बनेगा। पूर्व की सरकारों की गलत नीतियों के कारण राज्य पिछड़ता गया। पिछले दो दशकों में इस पर किसी सरकार को इसकी चिंता नहीं थी। पर जब से हमारी सरकार बनी है, तमाम चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बीच भी विकास को रफ्तार देने का काम कर रहे हैं।

# इंडी गठबंधन में सीटों को ले कर तकरार, फंसा पेंच

- राजद, सपा, टीएमसी और आप ने कांग्रेस के सामने रखीं कई शर्तें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान घटने की जगह बढ़ती जा रही है। दिल्ली, पंजाब, यूपी और पश्चिम बंगाल के बाद अब बिहार में भी स्थानीय दल कांग्रेस को उसके मुताबिक सीटें देने को तैयार नजर नहीं आ रहे हैं। गठबंधन में सीटों को लेकर अगली बैठक में चर्चा होगी, लेकिन इससे पहले ही गठबंधन में पेंच फंसता हुआ नजर आ रहा है। यूपी और बिहार समेत 3 राज्यों में तनातनी बढ़ सकती है।

सूत्रों के मुताबिक बिहार में राजद ने कांग्रेस से कहा है कि वे सहयोगी दलों को केवल 6 सीटें दे सकते हैं। राजद और जेडीयू 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। राजद का कहना है कि वह सीपीआई एमएल और सीपीआई के लिए 2 और कांग्रेस के लिए 4 सीटें छोड़ सकती है। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से कहा है कि वे उन्हें केवल 8 सीटें दे सकती है। इन आठ सीटों में बनारस, लखनऊ जैसी सीटें शामिल हैं, जहां एसपी की मौजूदगी ज्यादा नहीं है। इन सबसे अलग कांग्रेस दोनों राज्यों में सहयोगियों से अधिक सीटों की उम्मीद कर रही है और बातचीत के लिए और अधिक प्रयास कर सकती है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 42 में से करीब 2 सीट ही ऑफर कर सकती है।

### टीएसपीसी का जोनल कमांडर सहदेव गंझू गिरफ्तार

**लातेहार।** जिला पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर सहदेव गंझू उर्फ सहादेव गंझू उर्फ रौशन जी उर्फ रंजन उर्फ रितेश को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल से की गयी है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने मंगलवार की देर शाम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। बताया कि सूचना मिली थी कि टीएसपीसी नक्सली संगठन का जोनल कमांडर आक्रमण गंझू अपने कुछ सहयोगियों के साथ बालूमाथ थाना के हेसाबार-भांग जंगल में भ्रमणशील है। लेवी, रंगदारी वसलूने एवं किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसपर टीम गठित कर कार्रवाई हुई।

### कर्नाटक में कोविड से 3 की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कोरोना के म्यूटेड स्ट्रेन से 125 लोग संक्रमित हैं। हासन, दक्षिण कन्नड़ और बेंगलुरु शहर में एक-एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत हो चुकी है। वर्तमान में 436 सक्रिय मामले हैं। इसमें से 400 लोग होम केयर में हैं। महामारी को लेकर चिंता की लहर है।

## वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के संकल्प का प्रतीक : मोदी

# वीर साहिबजादों का बलिदान हौसला बढ़ानेवाला

- बहादुरी की ऊंचाइयों में उम्र कोई मायने नहीं रखती

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारतीयों ने अत्याचारियों का सम्मान के साथ सामना किया है और जब हम अपनी विरासत पर गर्व महसूस करते हैं, तो दुनिया का नजरिया भी बदल जाता है। उन्होंने यहां वीर बाल दिवस पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र वीर साहिबजादे के अमर बलिदानों को याद कर रहा है। उनसे प्रेरणा ले रहा है क्योंकि आजादी के अमृत काल में भारत के लिए वीर बाल दिवस का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। पीएम ने पिछले साल इसी दिन मनाये गये पहले वीर बाल दिवस के उत्सव को याद किया। मौके पर पीएम ने बच्चों के गायन और तीन मार्शल आर्ट का प्रदर्शन देखा। दिल्ली में युवाओं के मार्च-पास्ट को भी हरी झंडी दिखायी।

**उम्र कोई मायने नहीं रखती :** पीएम मोदी ने कहा, वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कभी न हार मानने वाले रवैये का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब बहादुरी की ऊंचाइयों की बात आती है तो उम्र कोई मायने नहीं रखती है। पीएम ने इसे सिख गुरुओं की विरासत का उत्सव बताते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार वीर साहिबजादों का साहस और आदर्श आज भी हर भारतीय का हौसला बढ़ाते हैं। पीएम ने नचिकेता, अभिमन्यु, ध्रुव, मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त, एकलव्य, खुदीराम बोस, बटुकेश्वर दत्त, कनकलता बरुआ, रानी गाइदिन्ल्यू, बाजी राउत और कई अन्य राष्ट्रीय नायकों का उल्लेख किया जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण का बलिदान दिया। (शेष पेज 11 पर)

### हमारी विरासत पर अब दुनिया की भी नजर



पीएम मोदी ने कहा, दुनिया ने भी हमारी विरासत पर तभी ध्यान दिया जब हमने अपनी विरासत को उसका उचित सम्मान देना शुरू किया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं तो दुनिया का नजरिया भी बदल गया है। भारत अब गुलामी की मानसिकता को त्याग रहा है और उसे देश की क्षमताओं, प्रेरणाओं और लोगों पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि भारत अर्थव्यवस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल और कूटनीति की वैश्विक समस्याओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे समय से गुजर रहा है जो युगों में आता है। कई कारक एक साथ आये हैं जो भारत के लिए स्वर्णिम काल निर्धारित करेंगे।

## तीसरी आंख




## आइएनएस इंफाल रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक : राजनाथ

# पोतों पर हमलावरों को पाताल से भी खोज निकालेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागने की क्षमता से लैस स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आइएनएस इंफाल को भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया गया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पोतों पर हमला करने वालों को समुद्र की गहराई भी ढूंढ़ निकालेंगे और सख्त कार्रवाई करेंगे। मंगलवार को नौसेना के नवनिर्मित युद्धपोत आईएनएस इंफाल का जलावतरण करते हुए रक्षा मंत्री ने इसे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। साथ ही कहा कि इससे नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जायेगी।

**भारत ने समुद्री गश्त बढ़ायी :** उन्होंने कह, भारत सरकार ने वाणिज्यिक पोत 'एमवी केम प्लूटो' और 'एमवी साईबाबा' पर हाल में हुए हमलों को गंभीरता से संज्ञान लिया है। सरकार इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढ़ निकालेगी और कड़ी कार्रवाई करेगी। श्री सिंह ने कहा कि हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है। शनिवार को पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाज 'एमवी केम प्लूटो' पर एक ड्रोन हमला किया गया था। (शेष पेज 11 पर)



**नौसेना की मारक क्षमता बढ़ी :** श्री सिंह ने कहा कि आइएनएस इंफाल को रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा है कि इससे नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की ताकत बढाने के उद्देश्य से नौसेना को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एक लंबे समय तक पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर जमीनी खतरे को ही तवज्जो दी जाती रही। इसे देखते हुए सेना और वायु सेना पर तो ध्यान दिया जाता था, किंतु नौसेना पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता था। पीएम मोदी के नेतृत्व में, उनके दृष्टिकोण ने नौसेना के महत्व को रेखांकित किया और आज नौसेना पर भी उतना ही ध्यान दिया जा रहा है जितना अन्य दोनों सेनाओं पर। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण हमारा ज्यादातर व्यापारिक सामान समुद्र से होकर आता है। इसलिए नौसेना को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है।

# फिलिस्तीनियों के जैसा होगा कश्मीरियों का हाल : फारुख

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने एक बार फिर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान बातचीत के जरिये कश्मीर मुद्दा नहीं सुलझाते हैं तो कश्मीरियों का भी वही हाल होगा, जो गाजा में फिलिस्तीनियों का हुआ था। डॉ फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे का समाधान नहीं निकालते हैं, तो कश्मीरियों का भी वही हाल होगा, जो गाजा में फिलिस्तीनियों का हुआ था।

श्रीनगर में एनसी के नवा-ए-सुभ कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए अब्दुल्ला ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान से कश्मीर मुद्दे पर बातचीत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बातचीत करने को तैयार नहीं है, जबकि पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और नवाज शरीफ भी बातचीत की जरूरत पर जोर दे चुके हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सलाह माननी चाहिए, जिन्होंने कहा था कि भारत अपने दोस्त बदल सकता है, लेकिन पड़ोसी नहीं। फारूक ने यह भी कहा कि पीएम मोदी भी कह चुके हैं कि मुद्दों का समाधान बातचीत से हो सकता है।

**भारत-पाक वार्ता जरूरी**

## राज्यपाल से मिले चीफ जस्टिस संजय मिश्र



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने राज भवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। यह राज्यपाल से उनकी शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG/ 01 /2023-24 ,PR संख्या–314038 Building (23-24).D द्वारा प्रकाशित निविदा जिसकी वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि:– 25.12.2023 तथा बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि –03-01-2024 एवं निविदा खोलने की तिथि :–04-01-2024 निर्धारित की जाती है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR314399 (Building)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा ई०–निविदा आमंत्रण सं०– 11/RI/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक– 30.11.2023, जिसका पी०आर० संख्या–312313 (Rural Work Department) 23-24)*D द्वारा निविदा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 314309 Rural Work Department(23-24)#D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 04/2023-24
Date :- 26/12/2023

**2nd Call**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on SiyarbhukiNala, Block- Patratu, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 59.731 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 03/01/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 10/01/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 10/01/2024(up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 12/01/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 314371 Minor Irrigation (23-24)D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–मो0 रहीम अंसारी, उम्र–28 वर्ष, रंग–साँवला, ऊँचाई–5 फीट 3 ईंच,पहनावा–भूरा रंग का शर्ट एवं नीला रंग जींस पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता मो0 रहीम अंसारी, पे0–मो0 नईम अंसारी, सा0–ऊपर टोला, बडा मुरी, थाना–मुरी ओ0पी0, जिला–राँची जो दिनांक–26.10.2023 को घर से काम करने को कहकर निकले जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में मुरी ओ0पी0 सन्हा सं0–09/23, दिनांक–02.11.2023 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी मुरी ओ0पी0, राँची। –6204631114

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 314361 (Police)23-24*D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–गोविन्द कुमार, उम्र–22 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–सफेद रंग का शर्ट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता गोविन्द कुमार, पे0–विरेन्द्र राम, स्थायी पता–विरपुर, थाना–जडावनपुर, जिला–बैशाली बिहार, वर्तमान पता–राँची रेलवे स्टेशन, थाना–चुटिया, जिला–राँची जो दिनांक–01.12.2023 को राँची रेलवे स्टेशन से बगैर बताए कहीं चले जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा सं0–19/23, दिनांक–05.12.2023 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी चुटिया, राँची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 314355 (Police) 23-24 (D)


## सीएम आवास घेराव करने पहुंचे सहायक अध्यापकों को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोका

# 5 जनवरी तक हड़ताल स्थगित, जनवरी के पहले सप्ताह वेतनमान को लेकर होगी उच्चस्तरीय वार्ता

### नाराज शिक्षकों का सड़क पर फूटा गुस्सा, लगाये सरकार विरोधी नारे, निकाली भड़ास

आश्वासन मिला



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वेतनमान की मांग को लेकर मंगलवार को राज्यभर के टेट पास सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री आवास घेराव करने पहुंचे, परंतु सुरक्षा जवानों ने सभी को राजभवन के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इससे नाराज आंदोलनरत शिक्षकों का गुस्सा सड़क पर दिखा। राजभवन के समक्ष जुटे इन सहायक अध्यापकों ने ना केवल सरकार विरोधी नारे लगाए, बल्कि मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के लिए जिद पर अड़े रहे। हालांकि, पुलिस प्रशासन की व्यापक तैयारी के आगे सभी विवश दिखे। इस बीच सहायक अध्यापकों का पुलिस प्रशासन के साथ नोंकझोंक भी हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय एवं दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो आंदोलन स्थल पर पहुंचे जहां प्रदर्शन कर रहे टेट पास सहायक अध्यापकों से लंबी वार्ता की। मुख्यमंत्री के दोनों प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्ष के अंतिम सप्ताह होने के कारण अधिकारी नहीं रहेंगे इसलिए 5 जनवरी के पहले वेतनमान पर उच्चस्तरीय वार्ता होगी। इसके बाद हड़ताल पर अड़े शिक्षकों ने अगले 5 जनवरी तक के लिए हड़ताल स्थगित कर दिया।

### पढ़ाना छोड़कर आंदोलन कर रहे हैं शिक्षक

मालूम हो कि झारखंड राज्य टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के बैनर तले आंदोलन कर रहे सहायक अध्यापकों ने सरकार से वार्ता करने का अनुरोध करते हुए वेतनमान की मांग को पूरा करने का अनुरोध किया है। समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय और मोहन कुमार ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन शिक्षक को स्कूल में बच्चों को पढ़ाना चाहिए, वह शिक्षक आज सड़क पर आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन हम लोगों के आंदोलन से डर गया है और बैरिकेडिंग कर रोकने का प्रयास कर रहा है, लेकिन यह हम डरने वाले नहीं हैं। मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर हम अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को विवश कर देंगे।

### महिला सहायक अध्यापक भी आंदोलन में आगे रहीं

मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम के दरम्यान महिला सहायक अध्यापिका सबसे आगे दिखी। बैरिकेडिंग के समक्ष पुलिस प्रशासन से कई बार उनकी नोकझोंक भी हुई। आंदोलन कर रही सहायक अध्यापिका सुनीता ने कहा कि चुनाव के वक्त सत्तारूढ़ दलों के द्वारा वेतनमान की बात कही गई थी, लेकिन सत्ता में आते ही इसे भुला दिया गया। अगर यही हाल रहा तो 2024 के चुनाव में सत्तारूढ़ दलों को पता चल जायेगा। आंदोलन कर रहे सहायक अध्यापक मोहन मंडल ने कहा कि सरकार ने हमें धोखा दिया है। महाधिवक्ता की राय और विशेष समिति की अनुशंसा भी यह सरकार मानने के लिए तैयार नहीं है।

### इनकी रही भागीदारी

मुख्यमंत्री आवास घेराव में मिथिलेश उपाध्याय, झरीलाल महतो, प्रमोद कुमार, मोहन मंडल, दशरथ ठाकुर, संजय मेहता, मनोज शर्मा, सीमांत घोषाल, महेश मेहता, नफीस अख्तर मिथिलेश यादव, सज्जाद अंसारी, अभिमन्यु दुबे, रजनीकांत पांडेय सहित सभी 24 जिलों के जिला कमिटी के अरविंद पांडेय, कालीनाथ यदुवंशी, गौरव, सुनीता कुमारी, विजय कुमार, हरिहर मोदी, किशोर शर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, विनोद साव, बासुदेव यादव, चंदन ठाकुर, अविनाश रंजन, अरविंद कुमार, संजय यादव, विमलेश कुमार, अनीता महतो, महेंद्र प्रसाद, सुधीर प्रसाद, मोहन महतो, मुकेश यादव, बिनोद यादव, सुजीत प्रभाकर, कैलाश मेहता समेत प्रखंड कमिटी, संकुल कमिटी के हजारों शिक्षक थे।

## झाप्रसे के एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नति, अधिसूचना जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नति दे दी है। इन अधिकारियों को अब पुनरीक्षित वेतनमान पीवी-4, 37400 से 67000 और ग्रेड पे 8700 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13 में प्रोन्नति दी गई है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिली संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नति :** ज्योत्सना सिंह, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम जमशेदपुर, मंजू रानी स्वांसी, एडीएम पाकुड़, अमर कुमार उपसचिव कार्मिक विभाग, मोहम्मद आसिफ हसन उपसचिव कार्मिक विभाग, जावेद अनवर इदरीशी, निदेशक लेखा प्रशासन दुमका, सुरेंद्र कुमार, एसी जामताड़ा, मनोज कुमार, निदेशक प्रशासन गृह कर निदेशालय, मधुमिता कुमारी, उपसचिव झारखंड कर्मचारी चयन, मीना, संयुक्त निदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची, कमलकांत गुप्ता, अपर जिला डंडा अधिकारी विधि व्यवस्था धनबाद, चिंटू दोराईबुरू, अवर सचिव कार्मिक विभाग, नीलम सोरेंग, सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार सिंहभूम, कुंवर सिंह पाहन, अपर नगर आयुक्त रांची नगर निगम, स्मृति कुमारी, उप नगर आयुक्त गिरिडीह नगर निगम को संयुक्त सचिव रैंक में प्रोन्नति दी गयी है। इसमें कहा गया है कि सभी प्रमोशन झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रथम बैच के पदाधिकारी की प्रोन्नति हाईकोर्ट में दायर वाद के आदेश के फलाफल से प्रभावित होगी।

### नौ अधिकारी विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नत

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 9 पदाधिकारियों को अपर सचिव से विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन दिया है। इन सभी पदाधिकारी को विशेष सचिव एससी में अब पुनरीक्षित वेतनमान पीवी-4, 37400 से 67000 ग्रेड-पे 8900 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13-ए में प्रमोशन प्रदान की गई है।

**इन्हें मिली प्रोन्नति :** जल संसाधन विभाग के अपर सचिव संजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव जय किशोर प्रसाद, डीडीसी गढ़वा राजेश कुमार राय, अपर सचिव भवन निर्माण विभाग विधान चंद्र चौधरी, अपर सचिव पेयजल स्वच्छता विभाग राजीव रंजन कुमार, नगर आयुक्त हजारी बाग नगर निगम शैलेंद्र कुमार लाल, परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची सुधीर बाड़ा, अपर सचिव वन विभाग राजदीप संजय जॉन और एडीएम कोडरमा अनिल कुमार तिर्की को विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी गयी है।

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ अपील पर हाइकोर्ट में बहस 10 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई हाईकोर्ट में 10 जनवरी 2023 को होगी। मामले में अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआई की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है।

दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई है। जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

### करीब 9000 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का होगा वितरण

## 29 दिसंबर को झारखंड को मिलेगी कई सौगातें, सभी डीसी को तैयारी का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने झारखंड सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे राज्यभर में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है। प्रोजेक्ट भवन में उन्होंने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये अधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 29 दिसंबर को मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस दिन राज्य को एक साथ कई सौगात भी देंगे। इसमें करीब 9000 लोगों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। इसके लिए सभी विभागों में तैयारी अंतिम चरण में है।

समारोह में पथ निर्माण विभाग अंतर्गत कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया जायेगा। इस दौरान ही नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का भी उद्घाटन इसी दिन कराने की तैयारी चल रही है। 29 को ही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का समापन होना है। ऐसे में रांची जिला प्रशासन ने भी इस दिन को लेकर विशेष तैयारी शुरू की है। बड़े पैमाने पर अबुआ आवास योजना की स्वीकृति के साथ-साथ 17 अन्य योजनाओं के आवेदकों के आवेदन की स्वीकृति दी जायेगी। परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जायेगा।

## मांगें नहीं मानी गयीं तो एक जनवरी से हड़ताल

### पीडीएस डीलर्स ने दी चेतावनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यभर के पीडीएस डीलरों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि अगर एसोसिएशन की मांगें नहीं मानी गई, तो एक जनवरी से 26 हजार पीडीएस डीलर हड़ताल पर चले जाएंगे। आंदोलन की रणनीति के लिए रांची में फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि डीलर्स की दस सूत्री मांगें हैं इसे अब तक पूरा नहीं किया गया। यह हड़ताल देशव्यापी है। राज्य के सभी जिलों में पीडीएस सेंटर बंद रहेंगे। पिछले दो साल से पीडीएस डीलर्स की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।

**क्या है प्रमुख मांगें :** अनुकंपा पर बहाली व्यवस्था फिर से शुरू की जाए। कोविड के दौरान बांटे गये 13 महीने के राशन का कमीशन दिया जाए। महंगाई को देखते हुए कमीशन की राशि को तीन रुपया किया जाए। ई पॉश मशीन में फोर जी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और गुजरात सरकार की तर्ज पर 30 हजार रुपए मानदेय प्रति महीने किया जाए।

### कोडरमा में कैदी कोरोना पॉजिटिव, मची हडकंप

**रांची।** कोडरमा से करोना ने दस्तक दी दी है। ताजा मामला मरकच्चो थाना क्षेत्र का है। मरकच्चो पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया था। जेल भेजने से पहले सदर अस्पताल में उसका टू नेट से करोना टेस्ट किया गया। टेस्ट में उस कैदी का करोना पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद स्वास्थ्य महकमा में हड़कंप मच गयी। फिलहाल करोना गाइडलाइन के तहत उसका इलाज चल रहा है। दूसरी ओर उस कैदी का आरटीपीसीआर टेस्ट भी करने की तैयारी की गयी है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि करोना मरीज के मिलने से हमलोग चिंतित तो हैं, लेकिन डरने की कोई बात नहीं है।

## राज्य में बहाल शिक्षकों को नहीं मिली प्रोन्नति, सर्च कमेटी रद्द

# राज्य के विश्वविद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षक नहीं बन पायेंगे कुलपति!

### वीसी ( कुलपति ) बनने के लिए प्रोफेसर बनने के बाद 10 साल का चाहिए अनुभव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के विश्वविद्यालयों में लगभग 15 से 30 साल पढ़ाने का अनुभव रखनेवाले और यूजीसी के सभी मापदंडों को पूरा करने वाले भी अब कुलपति नहीं बन सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि झारखंड में 2008 में बहाल हुए असिस्टेंट प्रोफेसर में से किसी का भी प्रमोशन नहीं हुआ है। वहीं 1996 में बहाल हुए सहायक प्रोफेसरों की बहाली एसोसिएट प्रोफेसर में तो हुई, लेकिन इसके बाद उन्हें प्रोफेसर में प्रमोशन दिया ही नहीं गया।

### राज्यपाल ने रद्द की सर्च कमेटी

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कुलपतियों की बहाली के लिए बनायी गई सर्च कमेटी को रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, इंटरनल के बाद कमेटी को रद्द कर दिया था। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सारे मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे थे। इसलिए कमेटी को रद्द कर दिया गया।

### 10 साल का अनुभव होना चाहिए

कुलपति बनने के लिए प्रोफेसर बनने के बाद 10 साल का अनुभव होना चाहिए। 2008 में बहाल असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी लगभग 12 से 15 साल ही बची है। अब इन्हें प्रमोशन भी दिया भी जाता है, तो ये दस साल का अनुभव पूरा नहीं कर पाएंगे। यूजीसी नियम के अनुसार, विश्वविद्यालयों में प्रत्येक विषय के लिए 1 प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर और पांच असिस्टेंट प्रोफेसर होने चाहिए। लेकिन किसी भी विश्वविद्यालय में ये नहीं हैं। सभी विश्वविद्यालयों में से सिर्फ 9 विश्वविद्यालय प्रोफेसर ही हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में कोल्हान विश्वविद्यालय, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय और सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय में एक भी विश्वविद्यालय प्रोफेसर नहीं हैं।

### ये विश्वविद्यालय प्रभारी कुलपति के भरोसे

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, सिदो कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका, नीलाबंर–पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में प्रभारी कुलपति हैं। इन सभी विश्वविद्यालयों के लिए राजभवन ने रिक्तियां भी निकाली है लेकिन अब तक इसमें बहाली नहीं हुई है। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सुखदेव भोई को वित्तीय अनियमितता का आरोप लगने की वजह से बर्खास्त कर दिया गया। वहीं रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय और कोल्हान विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति भी नहीं है।

### सीपीआई का 98वां स्थापना दिवस मना

## सांप्रदायवाद देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती : महेंद्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीआई ने मंगलवार को 98वां स्थापना दिवस मनाया। सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा, भाजपा सांप्रदायवाद के नाम पर लोगों को बांट रही है। देश में सिर्फ शोषित और शोषक वर्ग हैं। ऐसे में वामदलों के सामने सांप्रदायवाद और भाजपा बड़ी चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों और मजदूरों के हित में पार्टी लगातार सक्रिय है। केंद्र से लेकर अलग-अलग राज्यों में भी पार्टी कार्यकर्ता इन मुद्दों को उठा रहे हैं।

**सांप्रदायिक सरकार को हटाने का संकल्प :** पाठक ने कहा कि आने वाले दिनों में सांप्रदायिक सरकार को हटाने का संकल्प लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नये साल के साथ ही पार्टी इस अभियान को तेज करेगी। सांप्रदायवाद से मुक्ति के लिए पार्टी लगातार अभियान चला रही है। जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में भाजपा सरकार ने किसानों और मजदूरों को कमजोर करने का काम किया है। ऐसे कानून पास किये हैं, जिससे किसानों और मजदूरों की शक्ति छिनती जा रही है। कॉरपोरेट घराने शक्तिशाली हो रहे हैं। इस दौरान पार्टी कार्यालय में वाम झंडा फहराया गया। कार्यक्रम में पार्टी के अन्य नेता भी शामिल रहे।

# चंदन दलाल और एक्सएलआरआई को मिला ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब

## 33 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी संपन्न चार दिनों में करीब 65000 लोग आये प्रदर्शनी देखने



डा संजय सिंह और अभिजीत नानोटी से एमैच्योर कैटेगरी के ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी ग्रहण करते चंदन दलाल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 33 वां जमशेदपुर वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी -2023 आज गोपाल मैदान में संपन्न हो गई। चार दिनों में फूलों की प्रदर्शनी देखने के लिए 65000 से अधिक फूल प्रेमी गोपाल मैदान पहुंचे थे। प्रदर्शनी के अंतिम दिन पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की गई एमैच्योर कैटेगरी में चंदन कुमार दलाल को ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की गई जबकि इंस्टीट्यूशन कैटेगरी में एक्सएलआरआई को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं झारखंड के मुख्य वन संरक्षक डॉ संजय सिंह ने विजेताओं को ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत नैनोटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एमैच्योर कैटेगरी में क्विन ऑफ द शो की ट्रॉफी मंजू भामरा को और किंग ऑफ द शो की ट्रॉफी अभिजीत सिन्हा को प्रदान की गई। इंस्टीट्यूशन कैटेगरी में क्विन ऑफ द शो बेल्डीह क्लब रहा जबकि किंग ऑफ द शो ट्रॉफी स्टील स्ट्रीप व्हील लिमिटेड को प्रदान किया गया।

**अन्य पुरस्कारों की सूची इस प्रकार है :** एमैच्योर कैटेगरी में क्रिसथमम का चैंपियनशिप अवार्ड मंजू भामरा को मिला जबकि दहलिया चैंपियनशिप का किताब साइजर को पॉटेड प्लांट चैंपियनशिप का किताब मंजू भामरा को मिला बोनसाई में चैंपियनशिप का किताब मानव दास को और पॉटेड फ्रूट चैंपियन का ट्रॉफी चंदन कुमार दलाल को मिला रोज सेगमेंट में ओवरआल चैंपियनशिप का किताब चंदन दलाल को मिला जबकि सीजनल कैटेगरी में ओवरआल चैंपियन सीजर रहा। कट फ्लावर चैंपियन सीजर को घोषित किया गया । इंस्टिट्यूशन कैटेगरी में क्रिसथमम चैंपियनशिप ट्रॉफी बिग इंग्लिश स्कूल को मिला जबकि दहलिया चैंपियन एक्सएलआरआई को मिला। पॉटेड प्लांट चैंपियंस का किताब एक्सएलआरआई को और बोनसाई चैंपियनशिप की ट्रॉफी बोरला स्टोर को मिलाख पॉटेड फ्रूट एंड वेजिटेबल सेगमेंट में चैंपियन का किताब स्टील स्ट्रिप व्हील लिमिटेड को दिया गया जबकि रोज चैंपियनशिप का खिताब भी स्टील स्ट्रिप व्हील लिमिटेड को मिलाञ ओवरऑल सीजनल सिजनल का किताब एक्सएलआरआई को मिला जबकि कट फ्लावर में चैंपियनशिप का खिताब भी एक्सएलआरआई को मिला।

### वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का जवाब नहीं : डा संजय श्रीवास्तव

जमशेदपुर। झारखंड के प्रमुख वन संरक्षक डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जमशेदपुर का फ्लावर शो देखकर उनका मन गदगद हो गया । बहुत ही व्यवस्थित, बेहतर डिस्प्ले एवं सुरक्षित ढंग से आयोजित किया गया जहां प्रतिभागियों से लेकर आगंतुकों तक के सुविधाओं का ध्यान रखा गया। इतने शानदार आयोजन के लिए उन्होंने जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर सोसायटी और टाटा स्टील की सराहना की, और सुझाव दिया कि इस प्रदर्शनी को अब राज्य स्तर पर आयोजित किया जाना चाहिए। डॉक्टर संजय सिंह ने आगे कहा कि झारखंड सरकार ने रांची के पास ओरमांझी में देश का सबसे बड़ा बटरफ्लाई पार्क बनवाया है जहां 80 से 100 प्रजाति की तितलियां अपना डेरा बनाए हुए हैं। जमशेदपुर वासियों को रांची बटरफ्लाई पार्क का अवलोकन अवश्य करना चाहिए।

### पुष्प प्रदर्शनी से लौहनगरी के लोगों में फूलों को लेकर प्रेम बढ़ा है : नानोटी

जमशेदपुर। पुष्प प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एमडी अभिजीत नैनोटी ने कहा कि जमशेदपुर फ्लावर शो की चर्चा पूरे देश में होती है। मेरे एक अभिभावक नागपुर में रहते हैं और 10 वर्ष पूर्व उन्होंने मुझे फोन कर अपने साथियों के साथ जमशेदपुर फ्लावर शो देखने की इच्छा जताई थी बल्कि आए भी थे। तब पहली बार मुझे जमशेदपुर फ्लावर शो पर गर्व की अनुभूति हुई थी। जमशेदपुर फ्लावर शो लोग नगरी में लोगों को बागवानी एवं फूलों के प्रति प्रेम जगाने में कामयाब हुआ है और शहर की हरियाली एवं घर-घर जिस तरह से फूलों के गमले एवं हरियाली युक्त लॉन देखने को मिल रहे हैं वह निश्चित रूप से जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले फ्लावर शो का ही नतीजा है। फ्लावर शो में आकर आप फूलों की सुंदरता, फूलों की सुगंध और हरियाली के लिए नए-नए पेड़ पौधे यहां पर देखा जा सकता है और खरीदारी की जा सकती है। जिस तरह से शहर वासी बड़ी संख्या में फूलों की प्रदर्शनी देखने के लिए गोपाल मैदान आए हैं उससे निश्चित रूप से आयोजकों को गर्व महसूस होगा।कार्यक्रम में स्वागत भाषण जमशेदपुर हॉर्टिकल्चर समिति की अध्यक्ष सुमिता नूपुर ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन की रस्म सचिव अनुराधा महापात्र ने पुरी की। इस अवसर पर टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट आयरन मेकिंग उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरामम समेत कई विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के लिए पंजीकरण 2 जनवरी तक

जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 7 एवं 8 जनवरी 2024 को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन (आम बागान मैदान के पास) में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। यह जानकारी इस कार्यक्रम की संयोजिका उषा चौधरी एवं खुशबू कांवटिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का लाभ लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि मंगलवार 2 जनवरी तक हैं। पंजीकरण इस नंबर पर 7979803956 एवं 8789833020 करवाया जा सकता हैं। इस संबंध में सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि श्री भगवान महावीर विकालांग सहायता समिति के सहयोग से इस नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हो रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर का लाभ लेने वाला विकालांग बिना किसी सहारे के चल सकता हैं। पहाड़ पर भी चढ़ सकता हैं। साइकिल चला सकता हैं। नृत्य कर सकता हैं। खेत में काम कर सकता हैं।

### दहेज उन्मूलन को लेकर ब्रम्हर्षि समाज ने प. बद्र्धमान में किया सम्मेलन




जादूगोड़ा । ब्रह्मर्षि समाज शिल्पांचल व ब्रह्मर्षि रक्षक प्रहरी पश्चिम बर्दवान ज़िले के तत्वाधान में जे के नगर के कम्युनिटी हॉल मे दहेज दहेज उन्मूलन समेत अन्य सामाजिक बुराइयां एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के महापुरुषों, पूर्वजों, स्वतंत्रता सेनानिनियो , क्रांतिकारियों , से विभूतियों मसलन रामवृक्ष बेनीपुरी क विभूति नारायण सिंह ,शत्रुघ्न शरण सिंह , योगेन्द्र शुक्ल , कार्यानन्द शर्मा, राजनारायण ,रामदयालु सिंह , रामदेव सिंह ,हरदयाल शर्मा की जयंती मनाई गई व श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।समाज से जुड़े अखिलेश राय व चन्दन सिंह जैसे शहीद हुए जवानो की याद में दो मिनट मौन होकर उनकी वीरता को नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाशंकर राय ने की जबकि मंच संचालन मुन्ना सिंह के द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में दुनिया राय ,चुन्नू तिवारी, हरिशंकर तिवारी,उमेश मिश्रा, सादन सिंह ,शिवनाथ सिंह ,सुधीर सिंह, सुजीत सिंह,मुन्ना सिंह,रवि सिंह,धनंजय सिंह अशोक सिंह, सोनकर राय, मनीष कुमार सिंह, विजय सिंह,धीरज कुमार और आकाश कुमार ने अहम योगदान दिया।

### भटली परिवारजन रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए रवाना



जमशेदपुर। शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्याम भटली परिवार टाटानगर के 46 सदस्यों की टीम रेल मार्ग से रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुई। टीम का नेतृत्व कर रहे भटली परिवार के सदस्य ललित डाँगा ने बताया कि भक्तगण रेल मार्ग से कोयम्बटूर जाएंगे। आगे की यात्रा सड़क मार्ग से होगी। पहले दिन आदियोगी एवं मदुरै में मिनाक्षी मंदिर में दर्शन करने के बाद दूसरे दिन रामेश्वरम द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन करेंगे। तीसरे एवं चौथे दिन कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद मेमोरियल, पाँचवा दिन एलेप्पी शहर में 31 दिसम्बर की रात रूकें गे। छठे एवम सातवे दिन मुनार केरल घूमते हुए वापस शहर लौटेंगें।

### साहित्य के क्षेत्र में परसुडीह की नीता ने शहर का नाम किया रोशन

जमशेदपुर। साहित्य के क्षेत्र में परसुडीह हलुदबनी की रहने वाली नीता सागर चौधरी ने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होकर शहर का नाम रोशन किया हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार नीता हिंदी, अंग्रेजी और बांग्ला तीनों भाषाओं में रचनाएं लिखती हैं। वह शहर की साहित्यिक संस्था तुलसी भवन, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सहयोग, संस्कार भारती आदि संस्थाओं से जुड़ी हैं। शहर की कवयित्री नीता सागर अब तक मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव राजगीर नालंदा बिहार में पुरातन नालंदा विश्वविद्यालय साहित्य शिखर सम्मान, नेपाल के राजगीर मेरठ, इंडो नेपाल साहित्यिक महाकुंभ काठमुंडू में अमृता प्रीतम सम्मान, नेपाल के विराटनगर इंडो नेपाल साहित्यिक महाकुंभ से साहित्यकार सम्मान, मेरठ 2023 क्रांति धरा साहित्य अकादमी में साहित्यकार सम्मान आदि से सम्मानित हो चुकी हैं।

### क्लासिक टेल्को बना विजेता,मदांश बना उप-विजेता



सिदगोड़ा। न्यू सिद्धगोड़ा पूजा कमिटी के बैनर तले सिद्धगोड़ा सिनेमा मैदान मे दिनांक 20 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चल रहें पाँच दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आज का समापन हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव शंकर सिँह जबकि विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व कमिटी के संरक्षक चन्द्रगुप्त सिँह, आजसू नेता समरेश सिँह, झामुमो नेता अभिषेक सिँह, टाटा ब्लूस्कोप यूनियन के महामंत्री संजय सिँह, सोनाहातू के जिला पार्षद प्रहलाद लोहरा आदि मौजूद थे। टूनार्मेंट का संचालन एनएसपीसी क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष अनूप सिँह, कार्यकारी अध्यक्ष समरेश सिँह, महासचिव राजीव बेहरा, उपाध्यक्ष मनोज यादव,मंजोत अतवाल,देवांशु शेखर, रौनक सिसोदिया के देखरेख मे हुआ। टूनार्मेंट मे कुल 24 टीमे भाग ली जिनमे क्लासिक टेल्को और मेदांश के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमे रोमांचक मुकाबले में क्लासिक टेल्को विजेता और मेदांश उपविजेता हुई। विजेता टीम को 50,000 रुपए और ट्रॉफी जबकि रनर अप को 30,000 रुपए और ट्रॉफी का पुरुस्कार मिला। वहीं मैन ऑफ टूनार्मेंट मनोहर को 2000 रुपए, बेस्ट बॉलर रत्नेश तिवारी, बेस्ट फिल्डर अजय और बेस्ट बेट्समैन अविनाश पांडेय को 1000 रुपए का पुरुस्कार और मैडल मिला।

## बकायेदारों और मजदूरों का पैसा लेकर फरार हुआ बिहार राफिया कंपनी प्रबंधन

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित बिहार रफिया कंपनी प्रबंधन पर बकायेदारों के करोड़ों रुपए डकार कर कोलकाता शिफ्ट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बंद कंपनी से रात के अंधेरे में प्लांट एवं मशीनरी को बाहर निकालने के मामले का उद्भेदन होने के बाद काफी संख्या में कामगारों एवं बकायेदारों में मंगलवार को कोल्हान मजदूर संघ के नेतृत्व में कंपनी गेट पर प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की। यूनियन के सचिव सह सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए प्रबधनों पर एफआईआर दर्ज कर बकाया रकम दिलाने की गुहार लगाई गई।

**बंद की भनक तक नहीं लगी :** बताया गया कि बोरा बनाने वाली इस कंपनी को अचानक बंद करने की भनक कामगारों समेत इसके सप्लायरों तक को नहीं लगने दी गई। इसका परिणाम हुआ कि कंपनी में कार्यरत कामगारों को उनका वेतन समेत अन्य कटौती की राशि का भुगतान नहीं हुआ। इधर सप्लायरों समेत सुरक्षा एजेंसी एवं अन्य मद को मिलाकर करीब करोड़ों रुपए की राशि का मामला सामने आया है। इसमें सिर्फ सिक्योरिटी एजेंसी टाइगर का ही 40 लाख बकाया है। इस मामले की सूचना मिलते ही श्रम विभाग से लेकर प्रशासन के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। इससे पूर्व कंपनी के बंद होने के बाद इसके खुलने के आसार नहीं दिखने पर सप्लायरों एवं मजदूरों ने रविवार को कोल्हान मजदूर यूनियन के संरक्षक सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह के कार्यालय में पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई। मजदूरों ने बताया कि करीब 30 से 35 साल तक नौकरी के बाद उन्हें फूल एंड फाइनल हिसाब नहीं दिया। उन्हें फूटी कौड़ी तक नहीं मिली।

# स्वर्णरिखा में नहाने गए दो छात्रों की डूबने से मौत

## कपाली थाना अंतर्गत सापड़ा घाट पर हुआ दर्दनाक हादसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर ।** लौहनगरी के कदमा क्षेत्र के दो छात्रों की स्वर्णरेखा नदी में डूबने से आज मौत हो गई। इन छात्रों की पहचान कदमा अनिल सुर पथ निवासी आदर्श पांडेय 14 वर्ष और 13 वर्षीय करमवीर सिंह के रुप में हुई है। इन छात्रों की मौत की खबर सुनते ही अनिल सुर पथ में शोक की लहर दौड़ गई है।बता दें कि आदर्श पांडेय के पिता मुन्ना पांडेय ट्रेव्लस में चालक है और करमवीर सिंह के पिता त्रिलोचन सिंह आटो चालक है। बताया गया है कि आदर्श और करमवीर समेत छह छात्र कपाली थाना अंतर्गत सापड़ा स्वर्णरेखा नदी घाट गए थे। भोजन-पानी के बाद सभी नदी में नहाने के लिए उतरे। चार छात्र नदी के किनारे नहाने लगे जबकि आदर्श पांडेय और कर्मवीर सिंह गहरे पानी की ओर चले गए। साथियों ने दोनों को मना भी किया, लेकिन नहीं माने। नदी में दोनों को बहते देखकर पास



ही मौजूद मछुआरों ने दोनों को पानी से निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने आदर्श को मृत घोषित कर दिया और कर्मवीर को टीएमएच रेफर कर दिया। टीएमएच में कर्मवीर की भी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सभी घर से दो बाइक पर सवार होकर ये बोलकर निकले थे जुबली पार्क पिकनिक मनाने जा रहे है वहां ना जाकर डोबो के सापड़ा घाट की ओर चले गए।

## बिड़ला मंदिर में अष्टजाम के 800 लोगों ने ग्रहण किया भोग

**जमशेदपुर।** केबुल टाउन स्थित निमार्णाधीन स्वामी लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर में 24 घंटे के अष्टयाम पुजा का आज दोपहर 02:00 बजे हवन पुजन एवं आरती के बाद समापन हो गया। कल प्रातः 11:00 बजे से पुजा प्रारंभ हुई थी जिसमे 24 घंटे तक हरेराम हरिकृष्णा का अष्टयाम हुआ। अष्टयाम पूजा के उपरांत भगवान विषणु के 11,000 मंत्रो के साथ हवन हुआ एवं 11 आरती गायी गई। पुरे विधि-विधान के साथ पुरोहित विनोद पांडेय, धंजी पांडेय सहित ने पुजन कार्य संपन्न कराया। अष्टयाम पुजा में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए। इस अवसर पर आज मंदिर परिसर में महाभोग का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 800 से अधिक श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर भोग ग्रहण किया।


**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

**NOTICE INVITING TENDER**
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/16/2023-24

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of M.D JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 29.12.2023
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 29.12.2023 to 11.01.2024
4. Bids online submission :- Date 29.12.2023to 11.01.2024
5. Bid opening date :- Date 12.01.2024 Time: 3.30 P.M.
6. Details of works:-

| Bid No. | Tender reference No- | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rs.) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | JIIDCO/16/2023-24 | NRI Investment Cell भवन में Supply & Placing of furniture & furnishing item and other miscellaneous. | 36,43,800.00 | 73,000.00 | 5900.00 (Including GST@18%) | 03 months |

1. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in portal.
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
2. Bid Validity :- 120 days
3. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5thFloor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
4. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 8292234107 may be contacted.
5. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in
6. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.**

Sd/- Executive Engineer
JIIDCO, Ranch



OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 19 / 2023-24**

Letter No.- CE/3482/1155 Date: 26.12.2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT19/ 2023-24 | Construction of Internal Road, Peripheral Lighting and High Mast Lighting work at CTS, Musabani in the district of East Singhbhum | 93062765.00 | 10000.00 | 931000.00 | 300 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 2 | JPHCL/ GR 02/ NIT19/ 2023-24 | Construction of Kara Chikitshak Kitchen & Repair of Kara Chikitshak & Account Section at Sakchi Jail in the district of East Singhbhum. | 4264062.00 | 5000.00 | 86000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR 03/ NIT19/ 2023-24 | Repair work of Dog Kennel and Boundary wall, Two nos Dog Kennel with Veterinary Doctor office and Dog Nirikshak Residence at JAP-10, Hotwar in the district of Ranchi | 4319923.00 | 5000.00 | 87000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 02.01.2024 at 11:00 AM to 13.01.2024 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 13.01.2024. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 16.01.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**


## कांड्रा बाजार के दुकानदारों ने प्रदूषण को लेकर किया अमलगम स्टील का गेट जाम

**गम्हरिया।** कंपनी द्वारा फैलाई जा रहे प्रदूषण से परेशान कांड्रा बाजार के व्यवसायियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर ग्रामीणों के साथ अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी के सड़क को मंगलवार सुबह से पूरी तरह बाधित कर दिया। व्यवसाईयों का कहना है कि जब तक सड़क पूरी तरह साफ नहीं होती है तब तक अमलगम के सड़क को जाम रखा जाएगा। वहीं सड़क जाम होने पर कंपनी के दोनों तरफ वाहनों का लंबी कतार लग गई है। सूचना पर कंपनी प्रबंधन की ओर से तेजपाल सिंह पहुंचे उन्होंने कहा कि हमारी कम्पनी से किसी भी तरह का ओवरलोड गाडियां नहीं निकलती है उसके बावजूद भी हमारी कंपनी द्वारा तत्काल प्रभाव से 1 घंटे के भीतर मेन रोड पर सफाई कर्मियों को लगाकर सफाई करवा दिया जाएगा। वही व्यवसाईयों एवं ग्रामीणों ने कंपनी गेट जाकर धरना प्रदर्शन किया और कंपनी से सड़क की सफाई की लिखित आश्वासन होने पर ही जाम हटाने की बात कही। वहीं इसके बाद ग्रामीणों ने कांड्रा बस स्टैंड समीप सड़क को जाम किया।

## प्रथम झारखंड स्टेट पारा योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 30 को जमशेदपुर में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से जमशेदपुर में पहले झारखंड स्टेट पारा योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में सीआईआई यंग इंडियंस का भी सहयोग मिल रहा है। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष संजय सिंह और महासचिव बिपिन कुमार पांडेय का पहली बार हो रहे इस आयोजन में अहम योगदान है। इस चैंपियनशिप में झारखंड के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। झारखंड पारा योगासन स्पोर्ट्स प्रमोशन कमेटी के मुख्य संरक्षक मनोज कुमार यादव हैं। इस आयोजन में सीआईआई यंग इंडियंस की अंकिता नरेडी, शिल्पा धानुका, मृदुल गोयल और कौशिक मोदी का भी अहम योगदान है। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की झारखंड पारा योगासन स्पोर्ट्स प्रमोशन कमेटी के स्टेट को-ऑर्डिनेटर शुभम यादव ने बताया कि पारा योगासन का आयोजन जमशेदपुर में पहली बार होने जा रहा है। इसका आयोजन साकची आम बगान के पास स्थित अग्रसेन भवन में 30 दिसंबर को होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि समाप्त हो चुकी है। पूरे झारखंड के 23 जिलों से कुल 80 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। सभी प्रतिभागियों को 29 दिसंबर की शाम को रिपोर्टिंग करने को कहा गया है। इसके लिए सभी प्रतिभागियों को ओरिजिनल आधार कार्ड और दिव्यांगता प्रमाणपत्र के साथ आने को कहा गया है। हालांकि शहर से बाहर के प्रतिभागी एक दिन पहले आएंगे, जबकि शहर के प्रतिभागी टूनार्मेंट के दिन ही शामिल हो सकते हैं। यह चैंपियनशिप 4 कैटेगरी में होगी। ब्लाइंड कैटेगरी में अंडर 20 और 20 साल से ज्यादा उम्र के महिला और पुरुष प्रतिभागी, डीफ कैटेगरी में अंडर 17 और 17 साल से उपर, ओएच ए कैटेगरी में अंडर 20 और उससे ज्यादा उम्र के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। इनके लिए दिव्यांगता का पैमाना 50 से 75 प्रतिशत निर्धारित है। इसके अलावा ओएच बी कैटेगरी में भी अंडर 20 और उससे ज्यादा उम्र के 75 प्रतिशत से ज्यादा डिसेबिलिटी वाले प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। ट्रेडिशनल योगासन की हर कैटेगरी में 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉज मेडल दिए जाएंगे। इस तरह चैंपियनशिप में 16 गोल्ड, 16 सिल्वर और 16 ब्रॉज मेडल विजेताओं को मिलेगा।

# नारी प्रकृति है और नर पुरुष, दोनों का अन्योन्याश्रय संबंध है : वृजनंदन शास्त्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन मंगलवार को वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने व्यास पीठ से शिव महापुराण, शोभायात्रा, महात्म वर्णन के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। कथा के दौरान प्रसंग के आधार पर कलाकारों ने जीवंत झांकी भी प्रस्तुत की। उन्होंने शिव कथा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव को अर्द्धनारीश्वर भी कहा गया है, इसका अर्थ यह नहीं है कि शिव आधे पुरुष ही हैं या उनमें संपूर्णता नहीं। दरअसल, यह शिव ही हैं, जो आधे होते हुए भी पूरे हैं। इस सृष्टि के आधार और रचयिता यानी स्त्री-पुरुष



शिव और शक्ति के ही स्वरूप हैं। इनके मिलन और सृजन से यह संसार संचालित और संतुलित है। दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। नारी प्रकृति है और नर पुरुष। प्रकृति के बिना पुरुष बेकार है और पुरुष के बिना प्रकृति। दोनों का अन्योन्याश्रय संबंध है। अर्धनारीश्वर शिव इसी पारस्परिकता के प्रतीक हैं। आधुनिक समय में स्त्री-पुरुष की बराबरी पर जो इतना जोर है, उसे शिव के इस स्वरूप में बखूबी देखा-समझा जा सकता है। यह बताता है कि शिव जब शक्ति युक्त होता है तभी समर्थ होता है। महाराज ने प्रदोष व्रत का वर्णन विस्तार से करते हुए आगे कहा कि प्रदोष के दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना का काफी महत्व है। शास्त्रों में प्रदोष के व्रत की बड़ी महिमा बताई गई है। इस व्रत को श्रद्धापूर्वक विधि-विधान से जो भक्त करता है उसको जन्म-जन्मांतर के पापकर्मों से छुटकारा मिल जाता है। महीने में दो बार आने वाले प्रदोष व्रत भगवान भोलेनाथ को समर्पित है और इस दिन संध्याकाल में इनकी आराधना करने से शिव प्रसन्ना होते हैं और मनचाहा वरदान देते हैं। इसका आयोजन यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा द्वारा किया गया हैं।

**मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाती है श्रीमद भागवत कथा : पं. जगदीश भूषण मिश्र :** जमशेदपुर। सांस्कृतिक समिति उत्तर प्रदेश नॉर्दर्न टाउन परिसर में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन प्रतापगढ़ (अवध) से पधारे कथावाचक पंडित जगदीश भूषण मिश्रा ने बताया कि भागवत कथा मृत्यु के भय से भी मुक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा इस काल में सबसे बड़ा भय मृत्यु का है। इस लोक का नाम ही मृत्यु लोक है। मृत्यु ही सत्य है,बाकी सब असत्य है। परीक्षित जी का चरित्र सुनते हुए पंडित जी ने कहा कि राजा परीक्षित को करने मृत्यु का श्राप हुआ तब उन्होंने अपना सर्वस्व भगवान के चरणों में अर्पण कर मां गंगा के पावन तट पर बैठकर सुखदेव भगवान के मुख से दिव्य भागवत कथा का पान कर अपने जीवन को अमर कर लिया।

# पांकी विधानसभा को विकसित बनायेंगे : डा शशिभूषण

## महिलाएं स्वावलंबी होंगी तो पूरा परिवार स्वावलंबी होगा : रामदास साहु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के मौर्या फार्म हाउस में चौथे फेज के दौरान जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह एवं सखी मंडल के बहनों के बीच आजीविका संवर्धन के लिए विधायक मद से सिलाई मशीन एवं उपहार का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र को वर्षों से उपेक्षित रखा गया। जिस कारण यहां के लोग अपने आप को उपेक्षित महसूस करते थे। यह विधानसभा उग्रवादग्रसित रहा है। जिस कारण यहां के लोग अपने आप को विकसित नहीं कर पाते थे। यही कारण है कि इस विधानसभा क्षेत्र में बेरोजगारी घर घर पसरा हुआ है। जिसे दूर करने का प्रयास विगत चार वर्षों से किया जा रहा है। डा मेहता ने कहा कि झारखंड में पांकी विधानसभा को एक विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाना है। इसके लिए मैं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें सिलाई मशीन देकर स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घरों में जो कपड़े का निर्माण करेंगी उसका जेएसएलपीएस के माध्यम से खरीद कर बाजार में उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सह समाजसेवी रामदास साहू ने विधायक के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब महिलाएं स्वावलंबी होंगी तो उनका पूरा घर परिवार स्वावलंबी होगा। उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। झारखंड राज्य में पांकी पहला विधानसभा क्षेत्र है जो इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि विधायक डा मेहता एवं विशिष्ट अतिथि रामदास साहु को अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चौथे फेज में उदयपुरा -2, सोनपुरा, नवगंढ, गुरहा, पंचायत के जेएसएलपीएस के सखी मंडल की बहनों को आजीविका संवर्धन हेतु सिलाई मशीन वितरण किया गया।

# किडनी रोग से पीड़ित युवक के परिजन सांसद से मिले, सहायता की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत कबरा खुर्द गांव का 23 वर्षीय युवक एहसान अख्तर विगत दो माह से किडनी प्रत्यारोपण के लिए गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती है। उनके किडनी प्रत्यारोपण में करीब 15 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। एहसान अख्तर एक गरीब परिवार से आते हैं। इतना खर्च उठा पाना संभव नहीं है। एहसान के परिजन हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने मंगलवार को सांसद विष्णुद्याल राम से उनके मेदिनीनगर स्थित आवास पर पीड़ित परिवारों से मिलाया। पीड़ित एहसान अख्तर के भाई फरहान अख्तर ने सांसद विष्णुदायल राम से अपनी फरियाद सुनाई। सांसद ने फरहान को सभी कागजात उपलब्ध कर मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि एहसान अख्तर के किडनी का प्रत्यारोपण पैसे की वजह नहीं रुकेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया की उन्हें केंद्र सरकार से पूरी सहायता दिलाने का काम वह करेंगे। सांसद के आश्वाशन से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

# जिला प्रशासन की टीम पहुंची रानीताल डैम, लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर प्रखंड के रानीताल डैम में बड़े दिन की खुशियां मनाने के लिए प्रखंड के कुछ युवक रानीताल डैम गये थे। इसी बीच एक युवक डैम में जलकीड़ा करने के लिए उतरा जो डूब गया। इसके बाद उसका कोई अता पता नहीं चला। इसकी खबर उसके साथियों ने घरवालों को दिया। इस घटना से चैनपुर प्रखंड ही नहीं पूरे पलामू जिला में खलबली मची हुई है। डूबे युवक चैनपुर बाजार के निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी है। स्थानीय मछली मारने वाले मछुआरों ने शव ढूंढने की कोशिश कररहे हैं कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। इस खबर की सूचना पाते ही जिला प्रशासन की टीम मंगलवार को रानताल डैम पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त शशि रंजन ने पूरी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर अंचलाधिकारी संजय बाखला एवं एनडीआरएफ की टीम को शव खोजने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी और नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सीओ संजय बाखला, थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सोमवार को दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रानी ताल डैम गए धर्मेंद्र कमलापुरी गहराई वाले हिस्से में डूब गया। उसके साथियों ने उसे बचाने का हर संभव प्रयास किया था लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार को पूरे दिन उसकी तलाश की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह भी उसे ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिला। सूचना मिलने के बाद जिले के उपायुक्त शशि रंजन उप विकास आयुक्त रवि आनंद एवं नगर आयुक्त जावेद हुसैन मौके पर पहुंचे और अंचलाधिकारी से मामले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने रांची से एनडीआरएफ की टीम बुलाकर बॉडी ढूंढने का निर्देश दिया।

# हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए : दिनेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय के जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा छः सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण समारोह का आयोजन रेहला शिवतार ड्रेडर्स परिसर में किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले गुरु दत्तात्रेय,अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम,गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गयी। वितरण समारोह का उदघाटन बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने किया। समारोह की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह बाबुल ने किया। मौके पर दिनेश सिंह ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम के प्रणेता भैय्या जी का स्पष्ट मानना है कि मानव सेवा देव सेवा के बराबर है। आश्रम के सदस्य जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनकी सेवा व मदद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आना चाहिए। शिक्षाविद राजेश्वर पांडेय ने कहा कि दुनियां में न देने वाला बड़ा होता है और न ही लेने वाला छोटा होता है। सभी मनुष्य के शरीर मे भगवान का वास होता है। मौके पर रंजित सिंह ने बताया कि आश्रम द्वारा आगामी 28 दिसंबर गुरुवार को लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के तीन गांवों में आदिवासी परिवारों के बीच एक हजार कंबल वितरित किया जायेगा। कंबल वितरण के दौरान समाज में समानता बनाए रखने के लिए सभी समाज के दर्जनों लोगो को आश्रम द्वारा सम्मनित किया गया।

# सरकार जनता को अबुआ आवास का प्रलोभन देकर न ठगे : विधायक पुष्पा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पुर्व सांसद मनोज कुमार ने पाटन प्रखंड के ग्राम चेतमा में गरीबों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है वह सभी केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिसका आप लोगों को लाभ मिल रहा है । राज्य कि सरकार गरीबों का शोषण कर रही है । मोदी जी के द्वारा दिया हुआ आवास अधुरा पड़ा हुआ है । बालु के अभाव में गरीबों का घर नहीं बन पा रहा है। राज्य सरकार अबुआ आवास का प्रलोभन देकर गरीबों को ठगने का काम कर रही है । वहीं पुर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि मोदी जी के द्वारा दिया गया नारा सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य किया जा रहा है लेकिन राज्य सरकार का जो निति है वह जनविरोधी है । जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है वह मोदी सरकार की देन है। राज्य सरकार अबुआ आवास के नाम पर बिचौलिए की चांदी हो गई है। गरीबों से पैसा वसूलने का काम किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि जो भी समस्या है बेझिझक विधायक से मिलकर बता सकते हैं ।

# फतेह सिंह व जोरावर सिंह हमारे जीवन के आदर्श बने रहेंगे : प्राचार्य एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह॰ ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि भी अर्पित की। पश्चात विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं छात्रों के द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम को ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा प्रिया कुमारी एवं सृष्टी के द्वारा अंग्रेजी में संबोधित किया गया। कक्षा बारहवीं के छात्र आनन्द शंकर एवं कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अनामिका ने हिन्दी में गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाले। विद्यालय के शिक्षक दिलीप मिश्रा के द्वारा भी वीर बाल दिवस के आयोजन के कारणों पर प्रकाश डाला गया। फतेह सिंह व जोरावर सिंह के जीवन पर आधारित छात्रों द्वारा प्रेरणादायक एकांकी का मंचन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि - पंजाबी में सिख शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द शिष्य से हुई है, जिनका अनुवाद सिखने वाला या शिष्य होता है।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**पाटन पलामू।** प्रखंड के महुलिया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा, अंचला अधिकारी दीपक मिश्रा,जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ,20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे, पंचायत के मुखिया अनुराधा देवी, नावाजयपुर थाना एसआई मुकेश कुमार, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर काफी भीड़ भाड़ देखी गई । शिविर में झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित कई प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे। जहां ग्रामीण जनता योजना से संबंधित आवेदन कर रहे थे । वहीं कई आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पोर्ट किया गया।

# पीडीएस दुकान की मनमानी व नियमित राशन वितरण नहीं करने को लेकर लाभुकों ने जमकर किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड अंतर्गत करकट्टा पंचायत के डेवडर में पीडीएस डीलर गंगा मिलन स्वयं सहायता समूह अनुज्ञप्ति संख्या 03/2017के अध्यक्ष व सचिव पर कई कार्डधारियों ने मंगलवार को दिसंबर माह के राशन गबन का आरोप को लेकर पीडीएस दुकान के समक्ष कार्डधारियों जमकर हंगामा किया। लाभुकों ने बताया कि डीलर के द्वारा ई पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया है, और राशन नहीं दिया है। उक्त समूह के द्वारा दिसंबर माह का ईपॉस मशीन में अँगूठा लगवा कर राशन का वितरण नही किया है , राशन मांगने पर बोला गया कि अभी राशन नहीं मिला है बाद मे देंगे।, समूह द्वारा अभी तक दिसंबर माह का राशन भी वितरण नही किया गया है, जिससे लाभुकों में रोष व्याप्त है, लाभुक नारायण यादव,मंजू देवी, मीना देवी, मानो देवी, लालती देवी, रुबी देवी, राजमानिया देवी, उर्मिला देवी, सबिता देवी, पूनम देवी,रिंकू देवी, पुनीता देवी, गीता देवी, प्रेमशिला देवी,कोशिला देवी, कोशीला देवी, मालती देवी, सुनीता देवी,सहित कई कार्ड धारियों ने बताया की पीडीएस दुकान समूह के डीलर अपनी मनमानी तरीके से राशन वितरण करते है, और नियमित राशन वितरण नहीं करते है, अध्यक्ष का कहना है कि वीडियो बनाने व लिखने से कुछ नहीं होने वाला है।

# केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना से ग्रामीणों को जोड़ना है : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के महुलिया-नावाखास में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सांसद बीडी राम ने कहा कि विकसित देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने के उद्देश्य को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुको तक पहुंचाने के उद्देश्य दीक्षित भारत संकल्प यात्रा जा रही है। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाए गांव गरीब दलित आदिवासी महिला किसान युवाओं को प्राथमिकता में रहकर चलाई जा रही है जिसका लाभ उन्हें मिल भी रहा है परंतु बहुत लोग योजनाओं के लाभ से अभी तक वंचित है उन गरीब लाभुको तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक विकास पहुंच सके। श्री राम ने कहा कि सभी पंचायत तक मोदी सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना किसान सम्मन निधि योजना जनधन योजना सुरक्षा बीमा योजना जनजीवन मिशन पोषण अभियान सहित सैकड़ो योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ देश के सभी गरीब महिला किसान युवाओं तक पहुंचने का लक्ष्य है। मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है 2014 में भारत दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था थी परंतु 2023 में भारत दुनिया के पांचवी अर्थव्यवस्था बन गई है और आने वाले समय में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। केंद्र की मोदी सरकार के सार्थक प्रयास से ही आज देश में 13 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा के ऊपर पहुंच गए हैं यह गर्व की बात है। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा आजादी के 75 वर्ष के बाद भी आज तक गरीबी उन्मूलन नहीं हो पाया क्योंकि सरकारें बनती थी और भ्रष्टाचार बढ़ता जाता था। पहली बार प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीबों के कल्याण के लिए धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन लाभुको को तक सीधे पहुंचने का कार्य किया है। इसका लाभ गरीबों तक पहुंच भी रहा है।

## स्पीड न्यूज

### सेवानिवृत्त शिक्षक छठु पाण्डेय के निधन पर शोक व्याप्त

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल पंचायत के चक बरेवा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक छठु पांडेय का निधन सोमवार की रात 12:30 बजे हो गया। वे बिगत एक माह से काफी अस्वस्थ हो गए थे। उनका फिलवक्त इलाज एस एच अस्पताल मेदिनीनगर में डॉ रोहित पाण्डेय के देख रेख में चल रहा था। वे रविवार से वेंटिलेशन पर थे। सोमवार की सुबह उनको दिल का दौरा भी पड़ा था। इस दौरान उनकी मौत हो गये। उनके पुत्र सन्तोष कुमार पांडेय देर शाम अस्पताल से घर ले आए थे । वे 12.30 रात्रि में दम तोड़ दिए। स्वर्गीय पांडेय के दो पुत्र हैं जिसमे बड़ा पुत्र संतोष कुमार पांडेय लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ है।वही छोटा पुत्र सुनील पाण्डेय शिक्षक है।वे 1992 में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### सार्वजनिक दुर्गा मंडप के सचिव आशीष कुमार सिन्हा का निधन

**मेदिनीनगर।** यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि एवं सार्वजनिक दुर्गा मंडप के सचिव आशीष कुमार सिन्हा 85 वर्ष का निधन सदर अस्पताल मेदिनी नगर में हो गया। जो पिछले कुछ महीनो से अस्वस्थ चल रहे थे। राजा हरिश्चंद्र घाट पर उनके बड़े पुत्र डिंबेश श्रीवास्तव ने मुखाग्नि देकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। उनके निधन की जानकारी देते हुए उनके भांजपा सह भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि आशीष मामा करीब पिछले 65 वर्षों से इस शहर में रह रहे थे और नामधारी परिवार के निजी संस्थानों से जुड़कर अपनी पहचान बनाई और फिर यूटीआई, म्यूचुअल और इनकम टैक्स के कार्यों की शुरूआत कर अपने आप को स्थापित किया।साथ ही साथ विभिन्न संस्थानों में रहकर सेवा भाव के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया और ज्ञान शंकर सार्वजनिक दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा की चली आ रही है परंपराओं का निर्वहन अपने जीवन के अंत समय तक किया।

### अनियंत्रित होकर कंटेनर ट्रक पलटी

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के बकोरिया में रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर एक कंटेनर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक संख्या यूपी 21डीटी 4551 मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी इसी दौरान मस्जिद और मदरसा के बीच में सड़क पर बड़े गड्ढे में घुस गई जिसके कारण कंटेनर ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए पलट गई। ग्रामीण समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अकबर अली ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है।जिस समय घटना घटी उस समय लोग दौड़कर कंटेनर के पास पहुंचे तथा चालक और सहचालक को सकुशल बाहर निकाला गया। वही ग्रामीणों के द्वारा मामले की जानकारी सतबरवा पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि यह घटना सुबह 4 बजे के करीब की है।

### सेसा ने नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का किया आयोजन

**मेदिनीनगर।** सेसा द्वारा एसिलर लक्सोटिका फाउंडेशन बंगलोर के सहयोग से पंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम वासु में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सेसा के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा ने किया। उन्होंने बताया कि दृष्टि मनुष्य का अति आवश्यक ज्ञानंद्री है। इसलिए आखं का उचित सुरक्षा आवश्यक है। दृष्टिदोष होने पर ससमय चश्मा का प्रयोग करना चाहिए। सेसा संस्था पलामू में इस वर्ष 50 शिविर के द्वारा 10000 लोगो को इलाज करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रविन्द्र सिंह ने किया। शिविर मे 195 लोगो का जांच हुआ और 1155 लोगो को चश्मा दिया गया।

### सतबरवा में भाजपा नेताओं ने किया अमर बाउरी का स्वागत

सतबरवा। झारखंड विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी का स्वागत सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा के नेतृत्व में रविवार को देर शाम सतबरवा में किया गया। श्री बाउरी पलामू दौरे से रांची लौट रहे थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा व अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुदेश्वर राम ने संयुक्त रूप फूल गुच्छा देकर स्वागत किया। वही डाल्टनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया को फूल माला से स्वागत भाजपा कार्यकताओं ने किया। मौके पर विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार झूठे वादा के सहारे सत्ता काबिज हुई है। चुनाव में किए गए एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी है। झारखंड के लोग वर्तमान गठबंधन की सरकार से ठगा महसूस कर रहे हैं।

### ठाकुरबारी मंदिर में 22 जनवरी को राम दरबार की प्राणप्रतिष्ठा

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड मुख्यालय जैप 8 के समीप ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण कोटखास में प्रखंड वासियों के द्वारा बैठक किया गया। जिसमें कोर्ट खास पंचायत के ठाकुरबाड़ी मंदिर में राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी की चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी जी ने किया । बैठक में पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा पूजा समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजीत तिवारी जी को चुना गया। अध्यक्ष के चुनाव के उपरांत सचिव अवध किशोर राय, कोषाध्यक्ष संदीप प्रसाद सौंडिक , उपकोषाध्यक्ष सुदर्शन सोनी को सर्वसम्मति से चुना गया ।

### पुलिस और लोगों ने किया डैम में डूबे शव की तलाश

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत चैनपुर रानी ताल डैम में शिवनाथ प्रसाद कमलापुरी के 45 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र प्रसाद कमलापुरी ने सोमवार को रानी ताल डैम के किनारे पिकनिक मनाने गया था । पिकनिक मनाने के बाद डैम में नहाने के लिए छलांग लगा दिया जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई । घटना की जानकारी मिलने पर युवक के शव का तलाश चैनपुर पुलिस के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने किया लेकिन शव दूसरे दिन मंगलवार शाम तक नहीं मिला है । मौके पर मेयर प्रत्याशी राजकुमार उर्फ टिंकल गुप्ता ने कहा कि संकट की घड़ी में लोग धैर्य बनाये रखे। उन्होंने युवक के परिजनों से मिलकर परिजनों को ढांढस बंधाया ।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सुठा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उदघाटन प्रखंड से बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, सुंठा मुखिया रवीना बीबी, जीला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नंद यादव, पंचायत समिति सदस्य कबीता दुबे, उप मुखिया रोशन प्रवीण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सुंठा मुखिया रवीना बीबी ने आये हुए सभी लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा । शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया । शिविर में अबुआ आवास के लिए काफी संख्या में ग्रामीणों ने आवेदन दिये।

### सुदूरवर्ती माहुर गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मोहम्मदगंज पलामू।** कादलकुर्मी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती माहुर गांव में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पेंशन के 2 मामलों की ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृति दी गई। इसके अलावा अबुआ आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लगभग 150 फॉर्म जमा कराया गया। जबकि जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को पहचान पत्र दिया गया। मेडिकल टीम ने कई लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवा और आवश्यक परामर्श दिया। गरीब, वृद्ध और असहायों में कंबल बांटे गए। शेष अन्य विभागों के स्टॉल पर ग्रामीणों ने फॉर्म जमा किया। मनरेगा की बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना के तहत एक कूप का फार्म जमा किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ रणवीर कुमार , मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, पीएमएवाई (ग्रामीण) कॉर्डिनेटर विकास कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया अनीता देवी, पंचायत सचिव राजीव पासवान, ग्राम रोजगार सेवक शमशाद अहमद, प्रखंड सहायक मनीष सिंह सहित अन्य कई अधिकारी /कर्मी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### भागमणि चंद्रवंशी विद्यालय के छात्र ने विज्ञान प्रदर्शनी में लहराया विजय परचम



**मेदिनीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल,रांची में सी बी एस ई ने क्षेत्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन कराया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा आठ के छात्र वफा आलम,आसिफ रजा,रिशु कुमार, विज्ञान शिक्षक अरिंदम घोष शामिल हुए। भागमणि पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा बनाया गया( वॉयस कंट्रोल स्मार्ट हेलमेट) को पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस खुशी के अवसर पर स्कूल प्राचार्य पी सी मन्ना ,आरसीयू के कुलाधिपति,कुलपति एवं रजिस्ट्रार ने तीनों छात्रों को राष्ट्रीय लेवल पर विजय हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### विभिन्न यात्री ट्रेनों में चलाई गई विशेष चेकिंग अभियान, बेटिकट यात्रा कर रहे 189 यात्री धराये



**मेदिनीनगर।** रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बरवाडीह रेलवे स्टेशन से उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 189 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 18 हजार 385 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है।

### केंद्रीय कारा में उपायुक्त के नेतृत्व में की गयी छापेमारी

**मेदिनीनगर ।** उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में मेदिनीनगर के केंद्रीय कारागार में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी,सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार,लेस्लीगंज के बीडीओ-सीओ,सदर सीओ, कार्यपालक दंडाधिकारी सेवाराम साहू,रश्मि रंजन,चंद्रशेखर कुणाल,शहर थाना प्रभारी,चैनपुर सदर व लेस्लीगंज थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

### लायंस क्लब ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदनीनगर के तत्वाधान में अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ के मार्गदर्शन पर लायन गुरवीर सिंह के सौजन्य से 100 कंबल का वितरण गरीब एवं असहाय के बीच वितरण किया गया। कंबल वितरण नावा टोली नवकेतन सिनेमा हॉल के पास के भुइया टोली में किया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने गरीबों की सुध ली। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सौजन्य से संध्या में कई चौक चौराहा एवं स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था और लगभग 500 लोगों को चाय उपलब्ध कराया गया। सदस्यों ने कहा कि आगे भी अलग-अलग क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था व कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर डॉ प्रवीण ने समाज के उन सक्षम वर्ग से अपील भी किया कि इस ठंड को देखते हुए जो भी ऐसे कार्य में रुचि रखते हो सहयोग के लिए आगे आयें। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन रंजन अग्रवाल ,लायन सुमित पाठक का विशेष सराहनीय योगदान रहा ।

### रंका के युवक ने पलामू की युवती से रचाई शादी

**पाटन पलामू।** थाना अंतर्गत किशनपुर निवासी तपेश्वर भुइयां की पुत्री सोनी कुमारी तथा गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के गौरगाड़ा निवासी सुभाष भुईयां का शादी किशुनपुर काली मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। सोनी कुमारी के माता का निधन बहुत ही पहले हो गया था , वह असहाय हो गई थी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी किशुनपुर काली मंदिर पहुंच कर लड़की के माता के रूप में दोनो वर वधु को आशीर्वाद दिए । उनके द्वारा सहयोग राशि भी प्रदान किया गया । विधायक के कार्य से उपस्थित महिलाओं समेत आस पास के सभी लोगों ने उनकी काफी सराहना की तथा उनके प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर अशोक कुमार झा , किशनपुर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी ,पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद ) उमेश सिंह , विकास साव ,राजू माली ,नीलम देवी , धर्मेन्द्र साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कर्मियों ने किया चक्का जाम

- एचपीसी का वेतनमान लागू करने की मांग
- कंपनी पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** मंगलवार को एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कैलुडीह छाताबाद में कंपनी प्रबंधक के द्वारा वादा खिलाफी के खिलाफ कंपनी में कार्यरत कर्मियों द्वारा असहयोग आंदोलन शुरू की गई। एसपीजी एवं वेतनमान तथा अन्य मुद्दों पर कर्मियों ने एटक के बैनर तले आउटसोर्सिंग कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया है।

बताते चले कि इससे पहले भी 18 जुलाई 2023 को बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 के महाप्रबंधक कार्यालय में यूनियन के लोगों कर्मियों और आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच एक वार्ता हुई थी और आपसी सहमति बनी थी। जिसमें कंपनी के द्वारा कर्मियों के मांगों को पूरा करने के लिए कुछ समय लिया गया था। लेकिन कंपनी के द्वारा कर्मियों के मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके कारण बाध्य होकर मंगलवार को कंपनी में कार्य कर रहे कर्मी अनिश्चितकालीन कंपनी का चक्का जाम कर दिया है। आंदोलन कर रहे कर्मियों का कहना है कि कंपनी फूट डालो राज करो की नीति को अपना रही है इसलिए जब तक हम लोगों का बी फार्म पर नाम दर्ज नहीं होगा और एचपीसी का वेतन मान लागू नहीं होगा तब तक हम लोग आंदोलन रत रहेंगे, और कंपनी का चक्का जाम रहेगा। आंदोलन कर रहे लोगों में मुख्य रूप से छोटे लाल यादव संजीत कुमार गणेश रजवार संजय भैया देव शंकर राम दीपक कुमार कृष्ण कुमार यादव मोहम्मद रशीद अंसारी मोहम्मद आजाद सरफराज अहमद मोहम्मद साजिद. मोहम्मद अकबर विष्णु दसौंधीं आदि दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### आदित्य वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बने अरुण श्रीवास्तव



**बोकारो।** गया में आयोजित अखिल प्रांतीय अधिवेशन सह हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी में बोकारो के शिक्षाविद अरुण श्रीवास्तव को आदित्य वाहिनी की झारखंड शाखा का अध्यक्ष बनाया गया है। आदित्य वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी झा एवं कार्यक्रम संयोजक राजा राम प्रसाद शर्मा ने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र साढ़े तीन वर्षों के अंदर बनेगा। इस भविष्यवाणी की उद्घोषणा पिछले जुलाई 2021 में पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगतगुरु शंकराचार्य जी ने पुरीपीठ से की थी। इस भविष्यवाणी को पूरा होने में महज 15 माह का समय शेष रह गया है। उन्होंने इसके लिये खुद को समर्पित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### श्री राम कथा को लेकर तैयारी जारी

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी के लटानी बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा आयोजन को लेकर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। कथावाचक राष्ट्रीय संत अवधेश जी महाराज के मुखार बिंदु से भक्तजन पाच दिनों तक श्री राम कथा का लाभ उठाएंगे। धार्मिक आयोजन को लेकर आगामी 29 दिसंबर को पूजा पंडाल लटानी से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। पूजा आयोजकों द्वारा प्रवचन को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। पूजा समापन के दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### धनबाद में सब जूनियर एथलेटिक्स मीट कल

**धनबाद।** धनबाद जिला सब जूनियर एथलेटिक्स मीट 28 दिसंबर को डी.ए.वी कोयला नगर के मैदान में किया जाएगा। इसकी पूर्ण तैयारी कर लिया गया है। प्रतियोगिता 28 दिसंबर को सुबह 7:30 से प्रारंभ हो जाएगा प्रतियोगिता को दो भागों में बांटा गया है। बालक एवं बालिका 14 वर्ष तथा बालक बालिका 16 वर्ष का होगा । कुल 13 अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतर जिला एथलेटिक मीट में भेजा जाएगा जो 24 जनवरी 2024 में गुजरात में होने वाला है।

### सद्भावना रैली निकाल कर चार साहिबजादों को किया नमन

**धनबाद।** मंगलवार को गुरु गोबिंद सिंह के चारो साहिबजादों व माता गुजर (गुजरी) कौर की शहादत दिवस को नमन करने के लिए भाजपा महानगर की अगुवाई में सिख समाज ने सदभावना रैली निकाली गई ।जिसमें बड़ी संख्या सिख समाज के लोग शामिल हुए। रैली गुरुनाकपूरा गुरुद्वारा से प्रारम्भ होकर मटकुरिया गुरुद्वारा से बैंक मोड़, रांगा टांड होते हुए रणधीर वर्मा चौक से वापस पुनः गुरुद्वारा में पहुंचकर समाप्त हुई। प्रीतपाल सिंह आजमानी कार्यक्रम के संयोजक बनाये गए थे। रैली में दिलीप सिंह, नितिन भट्ट, सोनी सिंह, जॉली छाबड़ा, मनिन्दर सिंह सोनी गुरमीत सिंह राजा राजपाल जिम्मी राजपाल सोनी सिंह, गुरुनानक पूरा गुरुद्वारा के प्रधान बलबीर सिंह राजपाल, सत्यपाल सिंह, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आजसू ने दिया धरना



**धनबाद।** मंगलवार को आजसू पार्टी, धनबाद द्वारा नगर निगम प्रधान कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मंटू महतो उपस्थित थे। धरना की अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य हीरालाल महतो ने किया और संचालन महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह ने किया। धनबाद नगर निगम के विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना के माध्यम संबोधित करते हुए मंटू महतो ने 11सुत्री मांग पत्र नगर आयुक्त धनबाद को दिया । धनबाद नगर निगम के 13 वर्ष पूरे होने के बावजूद, धनबाद नगर निगम विकास से अछूता है ।सबसे आश्चर्य की बात है कि जिस वार्ड मे पूर्व मेयर एवं पूर्व ड्यूटी मेंयर रहते हैं , वही वार्ड भी पानी, सड़क, नाली से वंचित है और वहा भी भु माफिया द्वारा तालाब और जोरिया का अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके अंतरिकत पूरे धनबाद नगर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

## अवैध उत्खनन में तीन पर केस, एक को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** धनबाद जिले के बाघमारा अनुमंडल स्थित भाटडीह ओपी क्षेत्र के मुरलीडीह इलाके में रविवार को धनबाद एसडीएम उदय कुमार रजक के नेतृत्व में अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ की गई छापेमारी के बाद पुलिस ने अजमुल अंसारी सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। छापेमारी के बाद एसडीएम के निर्देश पर ओपी प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने उस रैयत मुकेश महतो को पकड़ा जिसकी जमीन पर अवैध माइंस चलाई जा रही थी। मुकेश के ही स्वीकारोक्ति बयान पर पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी केश संख्या 85/23 में अजमुल अंसारी, लक्ष्मण महतो, और रजीबुल अंसारी को अवैध खदान चलाने का नामजद आरोपी बनाया है। वहीं जमीन मालिक मुकेश को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इसके बाद पुलिस अजमुल समेत तीनों अन्यआरोपियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है । बताते चले कि रविवार की दोपहर एसडीएम उदय रजक बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद स्थानीय पुलिस वन विभाग और सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर करीब 60 टन अवैध कोयला पड़ा था। जप्त कोयले को सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया था।

## सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ी 25 बोरा अवैध छाई

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी के सुरक्षाकर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की सुबह दामोदर नदी किनारे पड़े 25 बोरा अवैध छाई को पकड़ा और नदी में फेंक दिया। इस छाई की चोरी स्थानीय युवकों द्वारा लगातार की जाने की सूचना सुरक्षाकर्मियों को मिल रही थी। एफसीआईएल सिंदरी के द्वारा चालू अवस्था में दामोदर नदी के किनारे छाई का भंडारण किया जाता रहा था। 31 दिसंबर 2002 को एफसीआईएल सिंदरी खाद कारखाना बंद होने के लगभग 21 वर्षों बाद स्थानीय युवकों द्वारा इसे छानकर दामोदर नदी के रास्ते नाव से पश्चिम बंगाल के भट्ठों में बेचा जा रहा था। बताया जाता है कि धनबाद जिला में जीरो टालरेंस के कारण अवैध कोयला पश्चिम बंगाल नहीं जाने से वहाँ के भट्टे बंद हो रहे थे। जिसे एफसीआई सिंदरी की छाई से पुनः गुलजार किया जा रहा था।

### धनबाद रेल मंडल में चला टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में दिनांक 25.12.23 को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 1205 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 05 लाख 57 हजार 400 रुपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 110 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था।

## कतरास से अवैध कोयला लदा छह ट्रक जब्त

जिला प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/कतरास।** धनबाद जिले में चल रहे कोयला के काले कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर धनबाद जिला प्रशासन रेस है। जहां एक ओर धनबाद उपयुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को धनबाद जिला प्रशासन ने 54 अवैध कोयला लदे ट्रैकों को पकड़ा था। वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई को निरंतर रखते हुए मंगलवार को संध्या 6.30 बजे कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह चौक पर खनन विभाग के खान निरीक्षक बिनोद प्रमाणिक कतरास पुलिस के एस आई शंकर रजक के सहयोग से 6 अवैध कोयला लदे ट्रैकों को पकड़ा है। सभी ट्रैकों को कतरास थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए खान निरीक्षक बिनोद प्रमाणिक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि श्यामडीह मोड़ पर कोयला लदा 6 अवैध ट्रक खड़ा है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी ट्रैकों को जप्त किया गया। मौके पर कोई भी चालक और खलासी नहीं मिले। सभी ट्रैकों की कागजातों की जांच करने के उपरांत अगर गलत पाया जाएगा तो सभी ट्रैकों पर और ट्रक मालिक पर प्राथमिक दर्ज की जाएगी।

## अहंकारी का दंभ मिटाने प्रकट हुए भगवान

प्रवचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** श्री राम मंदिर बोकारो सेक्टर वन के आध्यात्मिक प्रांगण में हो रहे श्री राम कथा अमृत वर्षा ज्ञान महायज्ञ के पांचवे दिन संत सुधीर जी महाराज ने वन गमन एवं केवट प्रसंग का मार्मिक विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि जरूरत से ज्यादा सुख संपति की बरसात होने पर मनुष्य दम्भी व अहंकारी हो जाता है। कहा कि लक्ष्मी चंचल है वह स्थिर नहीं रहती हैं और उसे अकेले बुलाएंगे तो वह अपने भाई बहनों के साथ आएगी। विषय भोग उनका भाई है इसलिए लक्ष्मी यानी धन को स्थिर रखने हेतु उनके पति नारायण के साथ के साथ बुलाएंगे तो वह स्थिर रहेगी। आगे महाराज श्री ने कहा कि कोई भी शुभ कार्य यथाशीघ्र कर लेना चाहिए। राज्य तिलक को कल पर टालने से ही अयोध्या में अनर्थ होने के षड्यंत्र का मौका मिला। केवट प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि भगवान का प्राकट्य दो लोगों के लिए हुआ है। पहला अहंकारी के अहंकार को मिटाने और दूसरा छोटे लोगों के हीन भावना को हटाने के लिए।

**इन्होंने किया सहयोग**

आयोजन में लियो नाइन के सुजीत कुमार सिंह चंदन जायसवाल मंटू सिंह रुद्र कुमार रमन कुमार दुबे ब्रजेश सर्राफ राजू जायसवाल अमित चौधरी अमर गुप्ता श्री राम मंदिर आचार्य शिव कुमार शास्त्री कृष्णकांत त्रिपाठी जी तथा श्री शक्ति सेवा समिति महिला मंडल से डॉक्टर रिचा सिंह माया सिंह इंद्रा गुप्ता करुणा सिंह अनीता सिंह पुतुल अखौरी की भूमिका रही।

### सवारी वाहन पलटी नौ लोग घायल

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के खासमहल में सवारी वाहन चकमा खाकर पलटी हो गई एइस दुर्घटना मे 9 लोग घायल हो गए एसभी घायल पैक नारायण पुर स्थित कडरूखुडा निवासी बताये जा रहें है। सभी घायलों को लोगों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल लाया। जहां सभी का इलाज चल रहा हैए वही दुर्घटना की खबर पाकर मंत्री बेबी देवी अस्पताल पहुंची और सभी घायलों का हाल जाना और चिकित्सक को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। सभी पिकअप वैन में सवार होकर खासमहल मिट्टी लेने आ रहें थे तभी यह घटना घट गई।

### सरकारी जमीन पर बनी अवैध फैक्ट्री को हटाने की गुहार

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में गोविंदपुर के बड़ा पिछड़ी पंचायत से आए ग्रामीणों ने बताया कि वहां सरकारी जमीन पर कब्जा करके किसी ने सोयाबीन बनाने की अवैध फैक्ट्री खोल रखी है। फैक्ट्री में दिन-रात कम होने से आसपास के ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त अवैध फैक्ट्री को हटाने की गुहार लगाई। आईटीआई कॉलेज के लेक्चर ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें विगत 8 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। उपायुक्त ने तत्काल निदेशक से बात कर इसका समाधान करने का निर्देश दिया।

## वीर बाल दिवस पर निकाली प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा बाबा जोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी के धर्म की रक्षा के लिए सर्वत्र सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरु नानक मिशन स्कूल प्रांगण में मंगलवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। स्कूल से कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा तक प्रभात फेरी निकाली गई। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है ।उन्होने कहा कि 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को गोविंद सिंह जी के पुत्रों के साहिबजादों बाबा जोराबर सिंह व बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा ।इस अवसर पर बच्चों का भाषण प्रतियोगिता का आयोजन व भजन कीर्तन किया गया। मौके पर विधायक अपर्णा सेन गुप्ता के अलावे डब्लू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, अनिल यादव, अखिलेश तिवारी,निर्मल सिंह, डीएन पाठक, भूपेंद्र सिंह,रंजीत गुप्ता, बंटी अग्रवाल,हरदेव सिंह, दलजीत कौर, रिंकी कौर, रानी कौर, हरजीत कौर, गुरप्रीत कौर, सुखविंद्र कौर आदि थे।

# धनबाद रेल डिवीजन ने 136 एमटी लोडिंग का बनाया रिकॉर्ड

- बेहतर प्रदर्शन के लिए डिवीजन को मिले 19 शील्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद डीआरएम ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीआरएम एके मेहता ने बताया कि 68वां रेलवे सप्ताह समारोह जो 24 दिसंबर को हाजीपुर में संपन्न हुआ था, इस समारोह में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया था। जिसमें पूर्व मध्य रेलवे की तरफ से जो ऑफिसर और सुपरवाइजर पिछले वित्तीय वर्ष में बेहतर प्रदर्शन किए हैं, उन्हें पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। धनबाद डिवीजन में तीन ऑफिसर को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए चयनित किए गए। इसके बाद विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार में चार ऑफिसर चयनित किए गए, इसके अलावा सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए धनबाद डिवीजन को कुल 19 शील्ड पुरस्कार के रूप में प्राप्त हुए।

**धनबाद को ओवर ऑल डिविजन का मिला शिल्ड**

ओवर आल डिविजन का शील्ड भी धनबाद डिवीजन को प्राप्त हुआ है जो पिछले वर्ष भी धनबाद डिवीजन को ही प्राप्त हुआ था। वही प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीनियर एडीआरएम ने बताया कि इस वर्ष वितीय वर्ष में भी हम लोगों ने 136 मिलियन टन लोडिंग का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि हमें आशा नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस वित्तीय वर्ष में भी हम लोग बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सभी लोग कृतसंकल्पित हैं। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से एडीआरएम एके मेहता ,सीनियर डीपीओ अजीत कुमार, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार आदि मौजूद थे।


**उपायुक्त- सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (आपूर्ति शाखा)**

**निविदा संख्या - 01/2023–24**

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

मुख्यमंत्री दाल–भात योजना सम्प्रति सरकारी भोजन केन्द्र हेतु रामगढ़ जिला अंतर्गत वर्तमान में संचालित कुल– 09 (नौ) दाल–भात केन्द्रों पर साप्ताहिक औसत गणना के आधार पर उस माह के लिए प्रति व्यक्ति 200 ग्राम चावल, प्रति दिन 2.50 किलोग्राम सप्ताह में 04 दिन चना एवं 2.50 किलोग्राम 03 दिन सोयाबीन बड़ी आपूर्ति करने हेतु इच्छुक एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले निविदादाताओं से दिनांक 06.01.2024 को 2:00 अपराह्न तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। सभी निविदा की तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड से संबंधित निर्देश एवं विहित प्रपत्र जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय से कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है।

निविदादाता का चयन निविदा में चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी हेतु डाले गये बाजार समिति के न्यूनत्तम दर पर किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.314385 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24):D



**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**

**(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों के लिए आम सूचना)**

वितीय वर्ष 2023–24 में गढ़वा जिला अन्तर्गत प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/उन्नत नस्ल की बछिया पालकों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण की योजना है। इच्छुक दुग्ध उत्पादक पुरस्कृत किये जाने हेतु अपना आवेदन कार्यालय में उपलब्ध विहित प्रपत्र में पूर्ण बायोडाटा, सफलता की कहानी, गौशाला एवं गायों के साथ तथा हरा चारा उत्पादन आदि का रंगीन फोटोग्राफ संलग्न कर दिनांकः– 30.12.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में जमा करना चाहेंगे। इस सूचना को गढ़वा जिला के वेबसाइट www.Garhwa.nic.in पर भी देखा जा सकता है तथा आवेदन का विहित प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.314311 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सं० :–RDSD/RAMGARH/17/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू० लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/MDFT/01/2023-24 | दुलमी | जामसिंघ | पंचायत जामसिंघ के जामसिंघ में सामुदायिक भवन/केन्द्र का निर्माण। | 99.91200 | 200000 | 10000 | 9 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 29.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.12.2023 से 06.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 08.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपाकल अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR314307 (Rural Work Department)23-24*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सं० :–RE-03/RDSD/RAMGARH/11/2022-23(4th Call)2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– Block Building मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू० लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-03/RDSD/RAMGARH/Block Building /03/2022-23 | पतरातू | पतरातू | रामगढ़ जिलान्तर्गत पतरातू प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–अंचलाधिकारी आवास/पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्ग कर्मी आवास/चतुर्थ वर्ग कर्मी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध नवनिर्माण कार्य। | 587.649 | 1176000.00 | 10000.00 | 12 (बारह) माह |
| 2 | RE-03/RDSD/RAMGARH/Block Building /05/2022-23 | गोला | गोला | रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचला अधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य। | 556.487 | 1113000.00 | 10000.00 | (12) बारह माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 29.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.12.2023 से 06.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 08.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपाकल अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 314305 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# अग्नि पथ की चिंता

केंद्र सरकार द्वारा लागू करते वक्त अग्निपथ योजना को चार साल के लिए सशस्त्र बलों में सैनिकों की भर्ती के लिए 'परिवर्तनकारी योजना' बतलाया गया। नियमित तौर पर भर्ती की पहले से जारी पिछली प्रक्रिया को खत्म कर दिया गया। अग्निपथ योजना में भारतीय सेना ने दो बैचों में तहत 40 हजार अग्निवीरों को शामिल किया। पहला बैच दिसंबर, 2022 और दूसरा फरवरी, 2023 में भर्ती हुआ। चार साल पूरे होने पर 25 प्रश सेवा छोड़ने पर अग्निवीर किसी अन्य प्रक्रिया के तहत नियमित कैडर में शामिल हो सकते हैं।उल्लेखनीय है कि इस योजना को जब लागू किया गया था तो देश भर में इसका विरोध हुआ था। विरोध के कई कारण बताये गये थे जिनमें प्रमुख यह था कि चार साल की अवधि बहुत कम होती है और एक सैनिक को पूर्ण प्रशिक्षण लेने में 5 से 7 वर्ष लग जाते हैं। बहुत कम समय में तैयार ऐसे युवाओं को युद्ध में भेजने का मतलब होगा उन्हें मौत के मुंह में डालना।योजना के विरोध के पीछे एक और समाज वैज्ञानिक तर्क दिया गया था जो आज भी प्रासंगिक व विचारणीय है। वह यह था कि 21 से 25 वर्ष की आयु पूरी होने पर जब युवा नौकरी छोड़ेगा तब उसके आगे बेरोजगार होने का खतरा तो बना रहेगा, सरकार का तर्क है कि नौकरी छोड़ते वक्त अग्निवीर को एकमुश्त 12 लाख रुपये की राशि मिलेगी जिससे वह आगे की पढ़ाई कर सकता है या कोई व्यवसाय कर सकता है। यह आकर्षण या भुलावा हो सकता है क्योंकि वर्तमान महंगाई को देखते हुए यह राशि बहुत कम है। चूंकि अब तक जितने लोग भर्ती हुए हैं उनमें से फिलहाल कोई सेवानिवृत्त नहीं हुआ है। पहला बैच 2026 को बाहर निकलेगा। उसके बाद ही पता चलेगा कि ये भूतपूर्व अग्निवीर समाज को क्या योगदान देते हैं और शेष जीवन कैसा बिताते है यह देखने का विषय है लेकिन चिंता बरकरार है।

# दिल का संकट

देश में कार्डियो वैस्कुलर डिजीज यानी सीवीडी अर्थात दिल से जुड़े रोगों से होने वाली जीवन क्षति एक गंभीर समस्या बनी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह आंकड़ा चिंता बढ़ाता है कि दुनिया भर में सीवीडी से होने वाली मौतों का पांचवां हिस्सा भारत से है। जो इस संकट की गंभीरता को दशार्ता है। कोरोना संकट के बाद भी देश में हृदयाघात से मरने वालों की संख्या में भी तेजी देखी गई है। वैश्विक स्तर पर जहां प्रति लाख जीवन क्षति का औसत 235 है, वहीं भारत में यह 272 है। दूसरी ओर एनसीआरबी आंकड़े इस संकट की तस्वीर उकेर देते हैं। जिसमें कहा गया है कि हृदयाघात से अचानक होने वाली जीवन क्षति का आंकड़ा जहां 2021 में साढ़े पचास हजार था, वह 2022 में बढ़कर साढ़े छप्पन हजार के करीब पहुंच गया। दरअसल, दिल से जुड़े रोग हमारी जीवनशैली में आए बदलावों की भी देन है। लगातार जटिल होती जीवन व कार्य परिस्थितियां व अराजक खानपान भी इस समस्या के मूल में है। हमारे जीवन में घटता शारीरिक श्रम व खानपान की गुणवत्ता में गिरावट भी समस्या बढ़ाती है।

जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन यानी सीपीआर की होती है। यदि समय रहते हृदय रोगी को सीपीआर जैसी प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा दी जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। व्यक्ति की सांस रुके या दिल की धड़कनें बंद हो रही हों, तो यह तकनीक खासी लाभप्रद साबित हो सकती है। जरूरी नहीं है कि मरीज को इसको देने के लिये तुरंत अस्पताल ले जाना हो या किसी उपकरण की जरूरत पड़े। लेकिन विडंबना यह है कि बहुत कम लोगों को इसका प्रशिक्षण दिया गया है। भारत में इस संबंध में जागरूकता भी बेहद कम है।

# जनकल्याण के मकसदवाली पूंजी की सीमा





-कनिका दत्ता

हैरानी की बात यह है कि 2008 के वित्तीय संकट ने पुनर्विचार का मौका नहीं दिया जबकि यह संकट ही पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों को ज्यादा आवास ऋण देने की वजह से पैदा हुआ था। इस संकट ने लेखा-जोखा और जवाबदेही से जुड़े पुराने जोखिम को फिर से जगजाहिर किया। यही बात सामुदायिक विकास या पर्यावरण के विकास में असर डालने वाले निवेश पर भी लागू हुई।

पिछले सप्ताह की दो खबरों पर गौर करें। पहली यह कि घाटे में चल रही अक्षय ऊर्जा कंपनी सुजलॉन एनर्जी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनैंस कॉर्पोरेशन से 4,200 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की है। दूसरी खबर में जीवाश्म ईंधन वाली दिग्गज कंपनी बीपी ने आठ वर्षों में अपना उच्चतम मुनाफा दर्ज किया है। सुजलॉन के संकट और बीपी के अच्छे मुनाफे के बीच का अंतर काफी कुछ बयां कर रहा है।

सुजलॉन का घाटा बढ़ने की असली वजह, परिचालन से जुड़ी दिक्कतों मसलन कच्चे माल की लागत बढंने परियोजनाओं की भरमार दिखने के साथ ही पवन ऊर्जा पर शुल्क का दबाव बढ़ है। जबकि बीपी को, यूक्रेन में भू-राजनीतिक संकट की वजह से तेल और गैस की कीमतों में आई तेजी का फायदा उठाने का मौका मिला है।

सुजलॉन ने पर्यावरण, समाज और संचालन (ईएसजी) में निवेश करने का शुरूआती रुझान दिखाया था। इसकी नाकामी ईएसजी निवेश से जुड़े जोखिमों को भी उजागर करती है। हालांकि इस निवेश की रफ्तार जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के बाद बढ़ी है।

इस विंड टर्बाइन निमार्ता कंपनी का 6,640 करोड़ रुपये का कर्ज है और इसमें आईडीएफसी पीई, ओलिंपस और एशिया क्लाइमेट पार्टनर्स जैसी ब्लू-चिप निजी इक्विटी कंपनियों और यहां तक कि सन फार्मा के दिलीप सांघवी की दिलचस्पी भी थी। अमेरिका में इसकी सहायक कंपनी ने दिवालिया होने की अर्जी दी है और कंपनी ने सरकारी राहत पैकेज की मांग की है।

दुनिया भर में ईएसजी में निवेश को वैश्विक निवेश की निरंतरता के संदर्भ में देखा जा सकता है जिसमें 21वीं सदी के शुरूआती दौर के लेखा से जुड़ी धोखाधड़ी जैसे कि एनरॉन, वर्ल्डकॉम, फ्रेडी मैक, एआईजी जैसे मामलों में तेजी आई। शीत युद्ध के दौर में साम्यवाद पर पूंजीवाद की जीत के लगभग एक दशक बाद हुए ये घोटाले स्वतंत्र उद्यमों के अनैतिक पक्ष की याद दिलाते हैं।

दावोस और अन्य वैश्विक वार्ता मंचों की चर्चा, पूंजीवाद को बचाने के तरीकों पर केंद्रित रही और इसके तहत ही उभरते बाजारों में ऐसे निवेश पर जोर देने की बात हुई जिसमें मुनाफा कमाने के साथ ही अच्छा काम भी किया जाए। मसलन गरीबी दूर करने जैसे अभियान के लिए 'अनुकंपा या उदार पूंजी' और 'प्रभाव निवेश' की धारणाएं उभरीं। इन अवधारणाओं के मुताबिक पूंजीवाद को केवल मुनाफे की ताकत नहीं बनना चाहिए, बल्कि बेहतर सामाजिक प्रभाव का एक स्रोत भी होना चाहिए।

बिल गेट्स इस अवधारणा के शुरूआती समर्थकों में थे। सामुदायिक विकास के मकसद से अनुकंपा वाली पूंजी की विशाल मात्रा वैश्विक बाजारों में आ गई जिससे गरीब देशों में स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और शिक्षा पर केंद्रित प्रभाव डालने वाले निवेश फंड का दायरा बढ़ा।

नए युग के पूंजीपतियों ने प्रबंधन गुरु सी के प्रह्लाद से प्रमाणित सिद्धांत हासिल किया। उन्होंने, 'दि फॉर्च्यून एट दि बॉटम ऑफ द पिरामिड' लिखा जिसमें गरीबों की मदद करने और मुनाफा कमाने के लिए तर्क दिया गया। कई केस स्टडी में 'गरीबों की मदद करने' वाला हिस्सा दरअसल 'लाभ कमाने' के हिस्से के बाद का विचार प्रतीत होता है।

हैरानी की बात यह है कि 2008 के वित्तीय संकट ने पुनर्विचार का मौका नहीं दिया जबकि यह संकट ही पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों को ज्यादा आवास ऋण देने की वजह से पैदा हुआ था। इस संकट ने लेखा-जोखा और जवाबदेही से जुड़े पुराने जोखिम को फिर से जगजाहिर किया। यही बात सामुदायिक विकास या पर्यावरण के विकास में असर डालने वाले निवेश पर भी लागू हुई।

ये निवेश उन देशों में किए गए जहां कमजोर कानून या कानून की उपस्थिति न के बराबर थी और संस्थागत शासन तंत्र के साथ-साथ बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा था। अब ऐसे हालात में यह कैसे निर्धारित किया जाए कि गरीबों का एक अस्पताल या एक बिजली संयंत्र उस उदार और अनुकंपा वाली पूंजी की सफलता का परिचायक था?

इसका जवाब स्पष्ट नहीं था और इसी वजह से विश्व स्तरीय फजीर्वाड़ा करने वाले अबराज कैपिटल के पाकिस्तानी संस्थापक आरिफ नकवी जैसे लोगों के लिए दरवाजे खुल गए। वैश्विक गरीबी को खत्म करने के लिए पहले पूंजी निवेश और मुनाफा बनाने की इस सम्मोहक कहानी ने बिल गेट्स, एडगर ब्रॉनफमैन, जॉन केरी, प्रिंस चार्ल्स, क्लॉज श्वाब, बैंक ऑफ अमेरिका, मैकिंजी, केपीएमजी, हैमिल्टन लेन, विश्व बैंक के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की सरकारों को भी बेवकूफ बनाया। अबराज ने भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, घाना, तुर्की और कई अन्य देशों की कल्याणकारी परियोजनाओं के लिए शीर्ष वैश्विक निवेशकों से पूंजी जुटाई और इसके लिए वैसी फर्जी कहानी बुनी गई जो दुनिया के अमीर निवेशक सुनने के लिए और निवेश के लिए भी तैयार थे।

हालांकि ऐसा नहीं है कि ईएसजी फंड का पूरा उद्गम ही फर्जी है। लेकिन तथ्य यह है कि जलवायु परिवर्तन के एजेंडे के समर्थन से वास्तव में ईएसजी निवेश में तेजी आती है जो असरदार निवेश तो है लेकिन साथ ही इसमें सतर्कता का स्तर बढ ?ा चाहिए। पिछले साल मई में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने एक ईएसजी-केंद्रित जोखिम वाली चेतावनी जारी की जो अपर्याप्त खुलासा, भ्रामक दावों और ईएसजी निवेश विश्लेषण की अपर्याप्त जानकारी के संकेत देती है।

यह एक समस्या है। दूसरी समस्या बदलने वाली राष्ट्रीय नीतियां हैं, विशेष रूप से उभरते बाजारों में जहां निवेश का अंदाजा लगाना मुश्किल है। उदाहरण के लिए, भारत में विनियमित ऊर्जा मूल्य निर्धारण की लंबे समय से दिख रही समस्याएं अक्षय ऊर्जा कारोबार में जटिलता की परतों को जोड़ती हैं। इसी तरह ज्यादा जीवाश्म ईंधन का उपयोग करने वाली कंपनियां अक्षय ऊर्जा से मिलने वाली बिजली में मामूली निवेश या कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व वाली परियोजनाओं पर जोर देना चाहती हैं ताकि ईएसजी पूंजी हासिल की जा सके।

## खास बात

### नशा का व्यापार

**नारकोटिक** ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस यानी एनडीपीएस अधिनियम की सभी श्रेणियों में दर्ज 26,619 प्राथमिकियों के साथ केरल पहले नंबर पर नजर आता है। वहीं 13, 830 एफआईआर के साथ महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर उभरता है। इसके उपरांत पंजाब एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दर्ज 12,442 एफआईआर के साथ तीसरे स्थान पर दिखायी देता है। निश्चित रूप से केरल का नशीली दवाओं के हॉटस्पॉट के रूप में उभरना देश की बड़ी चिंता होना चाहिए। लेकिन ये आंकड़े किसी राज्य की वास्तविक स्थिति पर पर्दा डालने का आधार नहीं देते। यह भी देखने की जरूरत है कि पुलिस कितनी ईमानदारी से एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज करती है। बहरहाल, एनसीआरबी के आंकड़े यह चिंताजनक निष्कर्ष दे रहे हैं कि नशीले पदार्थों का संजाल, उत्पादन, तस्करी तथा खपत पूरे देश में बढ़ रही है। जिसके खिलाफ जब तक कानून सख्त नहीं बनाये जाते और केंद्र व राज्य सरकारों तथा एजेंसियों में बेहतर तालमेल से नशा तस्करों व उत्पादकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक तस्वीर नहीं बदलेगी।

हाल में जारी एन.सी.आर.बी. के आंकड़ों से पता चलता है। पिछले साल भारत में नशीले पदार्थों के ओवरडोज के कारण 116 महिलाओं की मौत दर्ज की गई। कुल 681 लोगों की मौत नशीली दवाओं के अधिक सेवन से हुई। इसमें सबसे ज्यादा 144 मौतें पंजाब में हुई, जो राज्य में नशे के सामान की उपलब्धता व सेवन की वास्तविक स्थिति को दशार्ती है। इसके बाद राजस्थान में 117 मौतें हुई तथा मध्य प्रदेश में 74 लोग नशे के आत्मघाती कदम के शिकार बने। पंजाब में तस्करी के लिये नशीले पदार्थ रखने से संबंधित 7,433 मामले एनडीपीएस की विभिन्न धाराओं में दर्ज किये गये। निश्चित रूप से नशे की सामग्री रखने के मामले देश में सबसे अधिक हैं। वहीं व्यक्तिगत उपयोग के लिये ड्रग्स रखने के लिये 5009 प्राथमिकियां भी दर्ज की गई। बहरहाल, एनसीआरबी के ये आंकड़े इस बात का प्रमाण भी हैं कि नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई अब एक देशव्यापी चुनौती है।

# इन्द्रजीत का वध

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**क्रोध** में आकर वह सीधे युद्धभूमि में अपना प्रहार शुरू किया। वह जितनी भी एक से एक सिद्धियों का जनकार था, बाणों का जानकार था वह उसका प्रयोग कर रहा था। प्रत्येक स्थिति में वह चाहता था कि मैं विजय प्राप्त करूं। एक बार फिर वह लक्ष्मण जी को बेहोश कर मूर्छित कर दिया। लेकिन लक्ष्मण जल्दी ही स्वस्थ्य हो गये। युद्ध के दरम्यान हनुमान जी ने उसके छाती पर प्रहार कर मेघनाथ को मूर्छित कर दिया लेकिन वह फिर से जग गया। वह अंतिम रुप से सारी शक्ति लगाकर युद्ध कर रहा था। लक्ष्मण जी ने देखा कि इसे मैंने बहुत मौका दे दिया अब इसका संहार मैं करूंगा। संसारका संकल्प करकेउसकी मृत्यु को लक्ष्य करके उन्होंने ऐसा बाण छोड़ा कि मेघनाथ का सर कटकर युद्ध भूमि में गिर गया। मेघनाथ के मारे जाने के बाद रावण की सेना डर के मारे भाग चली। यह खबर मेधनाथ की पत्नी सुलोचना को मिली कि मेधनाथ मारा गया तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। वह समझती थी कि मेघनाथ को कोई पराजित नहीं कर सकता है। इन्द्र को पराजित करने वाला यह वीर कैसे मारा गया। यह सोचकर वह सीधे मंदोदरी के पास गयी। वह बोली माता मेरा दो प्रश्न है?मैं सुनी हूं कि लक्ष्मण जी पत्नी उर्मिला पति के लिये ब्रत करती है तो क्या वह ब्रत करने में मुझसे श्रेष्ठ है? फिर मेरे पति का बध कैसे हो गया? दूसरा प्रश्न है कि क्या लक्ष्मण मेघनाथ की अपेक्षा अधिक बलवान है कि उन्होंने इनका वघ कर दिया।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉटून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### तालमेल से कामयाबी

**जूनियर** क्रिकेट टीम ने जिस तरह से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवीं बार विश्व खिताब भारत की झोली में डाला है वह काबिले तारीफ है। भारत की वयस्क क्रिकेट टीम के लिए एक बड़ा संदेश है कि विश्व खिताब के जीतने के लिए आपसी मतभेद की नहीं, बल्कि मैदान में अच्छे तालमेल की आवश्यकता होती है। खिलाड़ियों के आपसी मतभेद उनकी क्षमता को प्रभावित करते हैं। **-रवि, रांची**

### घातक बयानबाजी

**इन** दिनों सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच में बेतुकी बयानबाजी जोरों पर है। हाल ही में एक राज्य मुख्यमंत्री के यूपी, बिहार के लोगों को लेकर गलत टिप्पणी कर देश की राजनीति को गरमा दिश है। ऐसे में यदि एक राज्य के मुख्यमंत्री होकर अपने प्रवासियों के खिलाफ बोले तो यह कहीं न कहीं उन लोगों को अपमानित करने की बात है। यह शर्मनाक और दुख की बात है। **-शंशाक शेखर, खूंटी**

**138 वर्ष** पुरानी कांग्रेस द्वारा प्रारम्भ डोनेट फोर देस अभियान-यह वैसा आंदोलन है जिससे न केवल देश सशक्त होगा बल्कि कांग्रेस भी मजबूत होगी और देश का लोकतान्त्रिक व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी. आज मैंने इस कोष में अपना 13,800 का अंशदान दिया।

**-शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, मांडर**

## रोचक ट्वीट

2 करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वादा कर सत्ता में आया दल आज संसद में बेरोजगारी का ब तक नहीं सुनना चाहता है।
पर जब देश का युवा जागेगा, तब हर छल का हिसाब मांगेगा,
और ले कर रहेगा अपने हिस्से का न्याय! **-राहुल गांधी, सांसद**





गीता के श्लोकों में मानवता का हर मर्म समाहित है, जो सदैव कर्म पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।'गीता जयंती' की मेरे सभी परिवारजनों को कोटि-कोटि शुभकामनाएं। जय श्री कृष्ण!

**-नरेन्द्र मोदी**

# नव वर्ष पर झारखंड के दर्शनीय स्थल का अवलोकन करें



**मनोज कुमार सिन्हा**

**झारखंड,** भारतः---- यात्रा करना जीवन में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको जीने और जीने के एक नए तरीके के लिए खोलेगा। आप लोगों और स्थानों के साथ नए जुड़ाव का अनुभव करेंगे और विभिन्न संस्कृतियों में डूब जाएंगे, जो आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद कर सकता है। यात्रा से बहुत कुछ सीखने और व्यक्तिगत विकास हो सकता है। यात्रा एक ऐसा अनुभव हो सकता है जो आपको भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से प्रभावित कर सकता है। यात्रा के बहुत सारे लाभ हैं और यह हमारे जीवन के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। यह हमें दूसरी संस्कृति के जीवन के तरीके और परिप्रेक्ष्य को देखने के लिए खोल सकता है और हमें विभिन्न लोगों और स्थानों से जुड़ने की अनुमति देता है। हम वर्तमान क्षण में और अधिक पूरी तरह से जीना सीख सकते हैं और अपने लचीलेपन को बढ़ा सकते हैं।

भारत में राज्य झारखंड में अपने नेटिव टूरिस्ट प्लेस से शुरू करने जा रहा हूं। झारखंड, देश- भारत में पर्यटन स्थलों का वर्णन और उल्लेख करूंगा।

**झारखंड के शीर्ष स्थल**

झारखंड का आकर्षक राज्य पूर्वी भारत में स्थित है। झारखंड प्रचुर मात्रा में जैव-विविधता, सुखद जलवायु, समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक

## पर्यटन

यात्रा एक ऐसा अनुभव हो सकता है जो आपको भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से प्रभावित कर सकता है। यात्रा के बहुत सारे लाभ हैं और यह हमारे जीवन के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। यह हमें दूसरी संस्कृति के जीवन के तरीके और परिप्रेक्ष्य को देखने के लिए खोल सकता है।

विरासत, पूजा के धार्मिक स्थलों और सदियों पुरानी जनजातीय कलाओं से समृद्ध है, जो राज्य को यात्रियों के लिए अंतिम गंतव्य बनाता है। झारखंड अपने शानदार जंगलों, विविध वन्य जीवन, मोहक झरनों, उत्तम हस्तशिल्प, साहसिक खेलों, शानदार झीलों, करामाती शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्यों और सबसे बढ़कर, मेहमाननवाज और शांतिप्रिय लोगों के साथ एक मनोरम गंतव्य है।

**रांची:-** राजधानी शहर, रांची झारखंड में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है जो आपको भारत के कुछ सबसे खूबसूरत झरनों के दृश्य पेश करता है। लोकप्रिय आकर्षणों में शामिल हैंः हुंडरू जलप्रपात, दसम जलप्रपात, जोन्हा जलप्रपात, पंच गाघ जलप्रपात, पतरातू घाटी, गेतलसूद बांध, रांची झील, बिरसा प्राणी उद्यान, कांके बांध, जगन्नाथ मंदिर, एक्वा वर्ल्ड मछली घर, नक्षत्र वन, सूर्य मंदिर, पहाड़ी मंदिर, रॉक गार्डन और हिरण पार्क।

**जमशेदपुर** स्टील सिटी ऑफ इंडिया, जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा शहर है और समृद्ध हरियाली और प्रतिष्ठित पर्यटक आकर्षणों से घिरा हुआ है। लोकप्रिय आकर्षणों में शामिल हैंः डालमा हिल्स, जुबली पार्क, डिमना लेक, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क, ट्राइबल कल्चर सेंटर, हुडको लेक और भुवनेश्वरी मंदिर।

**हजारीबाग** यह सुरम्य गंतव्य अपनी प्रचुर हरियाली, हरी भरी पहाड़ियों और सुखद मौसम के कारण कई वन्यजीव अभयारण्यों का घर है।

लोकप्रिय आकर्षणों में शामिल हैंः कैनरी हिल, हजारीबाग वन्यजीव अभयारण्य, हजारीबाग राष्ट्रीय उद्यान, इस्को गांव, सूर्यकुंड, रजरप्पा मंदिर, उरवान पर्यटक परिसर और कोनार बांध।

# ना शोर मचा, ना हंगामा! ओटीपी पर 2023 में रिलीज हुई बेहतरीन फिल्में,

## फिल्म

साल 2023 अब अपने आखरी मुकाम पर है। अब जब यह साल बीत रहा है, तो मन में यह सवाल भी घुमड़ने लगते हैं कि कहीं कुछ छूट तो नहीं रहा? जिनको लेकर बहुत ज?यादा शोर तो नहीं मचा, लेकिन कहानी से लेकर कलाकारों की कलाकारी ऐसी है कि दिल दीवाना हो जाए।

आत्मपॅम्फ्लेट

ऐसा बहुत कम होता है, जब किसी फिल?म में गुस्से को व्यंग्य और हास्य के साथ गजब तरीके से बैलेंस किया गया हो। आशीष बेंडे की मराठी फिल्म 'आत्मपॅम्फ्लेट' एक ऐसी ही फिल?म है, जो आपके दिल को छू जाती है। यह फिल?म सांस्कृतिक इतिहास और व्यक्तिगत इतिहास को एकसाथ जोड़ते हुए एक अनूठी कहानी दिखाती है। नब?बे के दशक के भारत पर आधारित यह फिल्म 10 साल के आशीष (ओम बेंडखले) की कहानी है, जिसे अपनी क?लास की लड़की सृष्टि से प्यार हो जाता है। परेश मोकाशी अपने स्क्रीनप्ले में इसके बाद मजे मजेदार अंदाज में कहानी को बढ़ाते हैं। 'अर्धांगिनी' एक बंगाली फिल?म है। इसमें सुमन चटर्जी (कौशिक सेन) को सेलेब्रल अटैक आता है और वह बेहोश हो जाते हैं। इस हालात में अब उसकी पत्नी मेघना (जया अहसन) और एक्स-वाइफ सुभ्रा (चुन्नी गांगुली) एक ही कमरे हैं। कौशिक गांगुली के डायरेक?शन में बनी इस फिल?म में आगे मजेदार ड्रामा क्रिएट होता है। यह घिसी-पिटी नाटकीय कहानी से दूर एक ताजगी वाली कहानी लेकर आती है। सबसे बढ़कर, यह एक परिवार के आगे बढ़ने की कहानी है, जिसे देखकर आपके अंदर गहरी सहानुभूति जगती है।

थ्री ऑफ अस

महाराष्ट्र के कोंकण में यह कहानी शुरू होती है। अविनाश अरुण धावरे ने बड़ी खूबसूरती से इसे पर्दे पर उतारा है। शैलजा पाटणकर (शेफाली शाह) नाम की एक मिड-ऐज महिला है। वह अपने एक वेकेशन की कहानी से हमें रूबरू करवाती है। उसके साथ उसके पति भी हैं, जिनका किरदार मशहूर गीतकार स्वानंद किरकिरे ने निभाया है। शैलजा को अपने स्कूल में दोबारा जाने की चाहत है और इस क्रम में वह अपने बचपन के प्यार प्रदीप (जयदीप अहलावत) की तलाश करती है। प्रदीप रास्ते में उनका टूर गाइड बन जाता है। 'थ्री ऑफ अस' की कहानी में गजब की बारीकियां हैं, यह यादों की एक शांत धारा की तरह बहती चली जाती है। विदुथलाई पार्ट 1

यह फिल्म आपको अपने पहले ही सीन से बांध लेती है। डायरेक्टर वेट्री मारन हमें बंदूक और हिंसा की एक क्रूर और अक्षम्य दुनिया में लेकर जाते हैं। वहां कुमारेसन (सोरी) नाम का एक पुलिसकर्मी है। कहानी में पेरुमल (विजय सेतुपति) नाम का एक स्थानीय कार्यकर्ता है, जो मक्काई पडाई के नेता है। सोरी को पेरुमल को पकड़ना है और इस कारण वह अपने भीतर एक संघर्ष से लड़ता है। 'विदुथलाई' एक बेहतरीन फिल्म है, जिसमें हिंसा आपको डरा सकती है, लेकिन यह कहानी आपके दिमाग में रच-बस जाती है।

दादा

गणेश बाबू की 'दादा' उन फिल्मों में से एक है, जो अपने प्लॉट के कारण बिगड़ सकती थी, लेकिन इसके बेहतरीन स्क्रीनप्ले और एक्टर्स की एक्टिंग ने इसे बेजोड़ बना दिया है। मणिकंदन और अपर्णा दास ने फिल्म में कविन और सिंधु की भूमिका निभाई है। लेकिन इस कपल की जिंदगी तब बदल जाती है, जब सिंधु प्रेग्नेंट हो जाती है। वो बच्चे को जन?म देने का निर्णय लेती हैं। इसके बाद की कहानी ऐसी है, जो माता-पिता के रिश्ते पर बनी बेहतरीन फिल्मों में से एक कही जा सकती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के छह वाहनों को उग्रवादियों ने किया क्षतिग्रस्त

## मजदूर को भी पीटा, छानबीन में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत डाड़ीडीह स्थित झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील कंपनी में सोमवार की रात हथियारबंद उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान उग्रवादियों ने कंपनी के अंदर लगे 6 वाहनों को क्षतिग्रस्त किया। साथ ही एक मजदूर के साथ मारपीट भी की। झारखंड कंस्ट्रक्शन एंड स्टील कंपनी में ब्लीडिंग प्रेस मशीन से वेस्ट स्क्रैप को प्रेस कर बंडल बनाया जाता है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि चार नकाबपोश हथियारबंद उग्रवादी कंपनी का मुख्य गेट को फांदकर अंदर घूसे और हथियार लहराते हुए कंपनी के मालिक, ड्राइवर




और गार्ड को खोजने लगा। जब वे लोग नहीं मिले तो मजदूरों के साथ मारपीट की। इसके बाद अंदर खड़े 6 गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते हैं पतरातू पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। मंगलवार को कंपनी में काम बंद रहा। घटना में उग्रवादी संगठन टीपीसी का नाम सामने आ रहा है।

**फोन नहीं उठाने पर घटना को दिया अंजाम :** मजदूरों ने बताया कि एक उग्रवादी पिस्टल लहराते हुए कहा कि तुम्हारा मालिक संगठन का फोन नहीं उठाता है इसलिए अभी ट्रेलर दिखा रहे हैं। बिना संगठन के मैनेज किए काम किया तो अंजाम बुरा होगा। घटना के बाद से मजदूर भयभीत हैं।

**दहशत में ठेकेदार, व्यापारी व ग्रामीण :** पतरातू थाना क्षेत्र में इन दिनों टीपीसी उग्रवादी संगठन की बढ़ती सक्रियता से क्षेत्र के ठेकेदार, व्यापारी व ग्रामीण भयभीत है। ज्ञात हो कि अक्टूबर माह में सावित्री फ्यूल पेट्रोल पंप में टीपीसी उग्रवादी संगठन के अपराधियों ने हवाई फायरिंग की थी। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हवाई फायरिंग करने वाले अपराधियों को पकड़ लिया था। कुछ दिन पूर्व ही बरवाटोला में निर्माणाधीन कम्युनिटी हॉल में लेवी को लेकर उग्रवादियों ने हवाई फायरिंग की। इस घटना में भी टीपीसी संगठन का नाम सामने आया। टीपीसी उग्रवादी लगातार घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की परेशानी बढ़ा दी है। उग्रवादियों की बढ़ती वारदातों के बारे में बताया जाता है कि क्षेत्र में बढ़ता उद्योग, विकास की योजनाएं उग्रवादियों को खींच लाया है। उग्रवादी घटनाओं पर लगाम लगाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

# हजारीबाग : नशे में धुत एएसआइ ने चलायी ताबड़तोड़ 28 गोलियां, सस्पेंड

## दो पुलिसकर्मियों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में शराब के नशे में एक पुलिसकर्मी ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से सोमवार देर शम को ताबड़तोड़ 28 गोलियां बरसा दी। एसआई बृजनंदन की इस हरकत से पुलिस लाइन में अफरातफरी मच गई। जवानों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर उसे पकडा।

एसपी ने घटना के बाद तत्काल प्रभाव से आरोपी एएसआई को सस्पेंड कर दिया है और अब उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि एएसआई बृजनंदन के इस तरह फायरिंग के बाद जवान वहां से भाग गए और उसे बाद में बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर पुलिसकर्मियों ने पकड़ा।

बताया जाता है कि शाम सात 7 बजे ड्यूटी कर वापस पुलिस लाइन आने के बाद वो बैरक में ही थे। इसके बाद रात करीब आठ बजे पुलिस लाइन की सड़क पर निकल कर उन्होंने करीब 6 राउंड गोलियां हवा में दाग दी। उस वक्त एसआई शराब के नशे में धुत था। इसके बाद भी जब उसका मन नहीं भरा, तो फिर अपने कमरे में जाकर रिवॉल्वर में फिर से गोली भरी और हवा में चलाने लगे। कुछ देर बाद दो जवानों ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर एसआई बृजनंदन को पकड़ा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसआई को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। वहीं हजारीबाग एसपी मनोज रत्न चौथे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तत्काल प्रभाव से एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद एएसआई को जेल भी भेजा गया।

### अक्षत कलश का चैनगड़ा पंचायत में हुआ पूजा

**भुरकुंडा।** अयोध्या से प्राप्त पवित्र अक्षत कलश का मंगलवार को मार्ग शीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर चैनगड़ा पंचायत के सभी मंदिरों में पूजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद् के माध्यम से नगर भ्रमण कराया गया। इसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की जिला सहयोगी का सह भुरकुंडा प्रखंड पलक अनामिका श्रीवास्तव, पुरोहित अरविंद उपाध्याय, अध्यक्ष हरिलाल महतो, श्रवण कुमार, सचिव अंजन कुमार महतो, कोषाध्यक्ष निखिल केसरी, ललिता देवी, कोशिला देवी, भुवनेश्वर महतो, शारदा देवी, सुमन देवी, रघुनंदन प्रसाद, महतो, बबलू महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## राजेन्द्र प्रसाद को मिला प्रखंड के सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान



**बरही।** सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के 26वां स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बरही प्रखंड के सर्वश्रेष्ठ मुखिया के रूप में धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक इशो सिंह के हाथों सम्मान मिला। पंचायत के विकास एवं व्यवस्था प्रबंधन में सबसे अग्रिम रहने वालों में धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की भूमिका बेहतर रहा। उन्हें प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत को आदर्श बनाना और शतप्रतिशत लोगों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करना हमारा उद्देश्य है। पंचायत को एक मॉडल के रूप बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इतना ही नही पंचायत भवन में बच्चों के लिये एक पुस्तको के लिए कमरा स्थायी रखा गया है जहां एक लाइब्रेरी खोला जायेगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस मना

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को को वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित वीर बाल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम में भैया बहनों के साथ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, सचिव गोपाल नायक एवं विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद समेत विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी उपस्थित थे। मौके पर चंद्रशेखर चौधरी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे सदैव अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए उसके लिए चाहे हमे अपने प्राणों का ही बलिदान क्यों ना करना पड़े। सचिव गोपाल नायक कहा कि इतिहास से सीख लेकर देश भक्ति में सदैव तैयार रहना चाहिए। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है, ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती।

## पदमा में नाबालिक ने चार साल के मासूम से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** पदमा में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आयी है। जहां 17 वर्षीय एक नाबालिक ने पड़ोस में रहने वाली चार वर्षीय मासूम को मिठाई एवं बिस्कुट देने का लालच देकर उसके साथ दरिंदगी की। जब बच्ची रोने लगी तो युवक उसे घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सोमवार देर शाम की है। जब चार वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इसी क्रम में 17 वर्षीय युवक ने उसे मिठाई एवं बिस्कुट खिलाने की लालच देकर उसे अपने घर बुलाया और उसके साथ दरिंदगी की। बच्ची की रोने की आवाज सुन कर परिजन और आसपास के लोग वहां पहुंचे तबतक आरोपी वहां से भाग गया। जिसके बाद परिजनों ने बच्ची और आसपास के लोगो के साथ थाना गई और युवक के खिलाफ लिखित शिकायत की। जिसके बाद पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए देर रात को आरोपी को उसी के घर से गिरफ्तार किया। उसके ऊपर धारा 376 एबी भादवि एवं 6 पोस्को एक्ट के तहत कार्यवाही कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ज्ञात हो कि आरोपी युवक के पिता संजय शाह अपने पुत्र के साथ रह कर पदमा चौक के समीप वाइन शॉप चलता था वह अपने पुत्र को यहां पढ़ने के लिए रखा था।

## चरण पहाड़ी का होगा जल्द सौंदर्यीकरण : राम बाबू

**कुजू।** सीसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल रामबाबू प्रसाद ने मंगलवार को कुजू क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कुजू कोलियरी 3 नंबर बंदराचुंआ स्थित चरण पहाड़ी मंदिर से पूजा अर्चना किया। उन्होंने चरण पहाड़ी के सौंदर्य को देखकर खूब प्रशंसा किया। साथ ही मौजूद अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थानीय व सीसीएल फंड से श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए सड़क, चेक डैम, समतलीकरण करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने आरा-सारूबेड़ा परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बताया कि सीसीएल कुजू महाप्रबंधक के सेवानिवृत से पहले सारूबेड़ा परियोजना को चालू कर दिया जायेगा। महाप्रबंधक 29 फरवरी 2024 को सेवानिवृत होंगे। इसके बाद उन्होंने सीसीएल करमा परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के वी पॉइंट से खदान का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों को सही तरीके से बेंच बनाकर कोयला निकालने, मुख्यालय से मिले उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने, सुरक्षा पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्यालय जीएम के अलावे जीएम नीरज सिन्हा, पीओ पवन कुमार, मैनेजर संजय सिंह, सेफ्टी ऑफिसर चंद्रवीर नारायण, इंजीनियर ऐक्साबेसन अनिल दास, एसओ एक्स एमके बधाई, ऑपरेशन इंचार्ज राजकुमार व अन्य मौजूद थे।



करमा परियोजना के व्यू प्वाइंट से देखते सीसीएल के अधिकारी।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे वाजपेयी : रजनीश पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनी**

**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वीर बालक दिवस के अवसर पर मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी जयंती उत्साह के साथ मनाया गया।

आचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। आचार्य संजीव कुमार सिंह ने कहा कि 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहीं आचार्य राजू कुमार ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता के



अतिरिक्त युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।

प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे। लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है। कहा कि प्रखर वक्ता, भारत रत्न और बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे अटल बिहारी वाजपेयी।मौके पर उपस्थित पूर्व छात्र के भैया बहनों ने पुष्प अर्पण किया। विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या ने पुष्पअर्पण कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## स्पीड न्यूज

### वीर बाल दिवस कार्यक्रम को गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने देखा



**रामगढ़ ।** गुरुनाक पब्लिक स्कूल बच्चों ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम को देखा। गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर पुत्रों की शहादत को याद करने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बहादुरी के शिखर पर कम उम्र कोई मायने नहीं रखती। एसजीएनपीएस के शिक्षकों के साथ 11वीं कक्षा के बच्चों ने कार्यक्रम को ध्यान से देखा। 10 वें सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों, जिनके नाम साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह हैं उनकी वीरता और धैर्य से हर कोई प्रेरित हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने सभी को चार साहिबजादों की वीरता, साहस और धैर्य से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मुआवजा राशि, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### मांडू चट्टी में लगा शिविर



**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत भवन सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 26 दिसंबर को आयोजित किया गया । दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा,बीडीओ संजय कुमार कौनगाड़ी,सी आई सुरेश कुमार वर्णवाल ,मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी,मांडू चट्टी पंचायत समिति सदस्य व विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता,झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला जिला अध्यक्ष सह मांडू प्रखंड 20 सूत्री सदस्य पिंकी बेसरा,मांडू चट्टी उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में हजारों की संख्या में महिला पुरुष व छात्र-छात्राएं को योजनाओं का लाभ मिला आयोजित कार्यक्रम में कल्याण विभाग के द्वारा समृद्धि योजना में छात्र-छात्राओं को 4500 रुपया का रेंजर साइकिल दिया गया। विधवा पेंशन 12 लोगो को और अबुवा आवास योजना के 766 आवेदन दिया गया ।

### पूर्व छात्रों का वनभोज आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल क्षेत्र के अंतर्गत हरिहरपुर इंटरनिटी रिसोर्ट के समीप मंगलवार को महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के 1990 बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय पारिवारिक मिलन सह वनभोज समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा के 90 बैच के लगभग 60-70 से अधिक छात्रा-छात्राएं शामिल हुएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र सिन्हा और संचालन अधिवक्ता धनंजय यादव व विनय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की शुरुवात दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर विद्यार्थियों ने 33 वर्षों की यादों कर इसे यादगार बना दिया। वद्यार्थियों ने आनंद समारोह को सफल बनाने में कविता लोधा, ममता शर्मा, वीना शर्मा, पूनम सिंह, मौसमी चटर्जी, अर्चना अग्रवाल, गीता, सरस्वती कुमारी, संजय अग्रवाल, राजेश सिंह, संजय प्रसाद, धनंजय यादव, धनंजय साहू, कजरू गंझू, विनोद महतो सहित बंगाल, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, जमशेदपुर, पटना, रांची, डालटनगंज आदि क्षेत्रों से 70 से अधिक छात्र-छात्राएं व बच्चे मौजूद थे।

### वार्ता के बाद 28 को प्रदर्शन स्थगित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी व सयाल पीओ के बीच मंगलवार को सायल परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में यूनियन की ओर से 10 सूत्री मांगों को लेकर 28 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया जाना था। यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता में सभी 10 सूत्री मांगों पर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।सभी कर्मचारियों को प्रमोशन के लिए मैनपॉवर बजट मंगवाकर प्रमोशन दिया जाएगा। पतरातू वाटर फिल्टर प्लांट में संडे रोटेशन करके दिया जाएगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, खान प्रबंधक असरत खान, प्रोजेक्ट इंजीनियर गुलाम रसूल, कार्मिक प्रबंधक रश्मी ईशा खलको, सिविल इंजीनियर रिक बसाक और यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, सयाल ब्रांच के सचिव विनोद कुमार, अध्यक्ष शंकर सिंह, वेलफेयर बोर्ड के सदस्य कमलेश कुमार, गुरदयाल ठाकुर, कमल सिंह, शिवनंदन दास, शंकर कुमार, अंजन दास, चंद्रदेव सिंह, सुदेश्वर पासवान, जसीम अंसारी, शिव शंकर मौजूद थे।

### पीरामल फाउंडेशन ने निकाली रैली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर पंचायत में मंगलवार को ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना संबंधी जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें जीपीडीपी से अवगत कराने तथा 27 दिसंबर को होने वाले जीपीडीपी संबंधी ग्रामसभा में ग्रामीणों को उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। रैली का नेतृत्व पीरामल फाउंडेशन की निशा वर्मा कर रहीं थीं। इस दौरान निशा वर्मा व स्थानीय मुखिया फुलमती देवी के बीच विचार-विमर्श किया गया। मौके पर निशा वर्मा ने बताया की पीरामल फाउंडेशन वर्तमान में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पंचायत में जागरूकता फैलाने का काम कर रही हैं। रैली में जवाहर नगर पंचायत के दर्जनों महिलाएं शामिल हुईं।

## एक नजर में

### बरही में एक जनवरी से पीडीएस डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे

**बरही।** फेयर प्राईस एसोसिएशन ऑल इंडिया फेयर प्राईस डीलर्स फेडरेशन दिल्ली से मान्यता प्राप्त जन वितरण विक्रेताओं का संगठन राज्य शाखा झारखंड हजारीबाग के प्रखंड इकाई बरही के सदस्यो ने प्रखंड अध्यक्ष डोमन पांडेय के नेतृत्व में संघ के लेटर पैड पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सूचना दिया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध अपनी मांगो के समर्थन में 1 जनवरी 2024 से देश व्यापी राशन बंद के तहत बरही प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं स्वयं सहायता समूह की दुकान अनिश्चित काल के लिए बंद रहेंगे। उक्त सूचना का ज्ञापन बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू महेंद्र राम व गौरव कुमार को दिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष डोमन पांडे, कोषाध्यक्ष सुखदेव साव, नंदकिशोर गुप्ता, किशोर शर्मा, गणेश साव, मुन्नी देवी, दशरथ रजक, देवनारायण ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### चरही में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**चरही।** हिंदू संगठनों और गायत्री परिवार के द्वारा मंगलवार को सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।क लश यात्रा निकालने के पूर्व महिलाओं और पुरुषों ने भगवान श्री पुरुषोत्तम राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और भगवती दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए गाजे-बाजे के साथ कलश को चरही बस्ती,सीसीएल कॉलोनी,लालबंगला,सडवाहा मोड़ और श्यामपट्टी सहित कई टोलों में भ्रमण कराया गया।उसके बाद पुनः सभी कलश यात्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में पहुंचकर विधिवत कलश को स्थापित किया गया। यात्रा में ब्रजकिशोर विश्वकर्मा,रघुनन्दन जी, नरेंद्र विद्यार्थि,संतोष जी,राजेंद्र जी, खोखा सिंह,रणविजय चौहान,सतेन्द्र सोनी गायत्री सोनी,गौतम सोनी,बासुदेव करमाली सहित दर्जनों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### सिझुआ झरना में बड़ा दिन पर लगा मेला



**टाटीझरिया।** प्रखड के खैरा पंचायत के सिझुआ गांव उन स्थित सिझुआ झरना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ा दिन के अवसर पर 25 दिसंबर को मेले का उद्घाटन खैरा मुखिया कुमारी माधूरी, नरेश बर्मा,मेला अध्यक्ष अशोक मुर्मू ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले मे बच्चे, बुढे जवानों ने झरना का खुब लुत्फ उठाया। समाज सेवी अशोक मुर्मू ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश पर्यावरण का रक्षा करना है। यह स्थल एक पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां दूर दूर से अंग्रेजी के नए वर्ष आगमन पर सैलानियों का आवागमन होता है जो पिकनिक कर वनभोज का लुत्फ उठाया करते है। मेले कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति अध्यक्ष अशोक मुर्मू, डी एन सिंह सुरेश मुर्मू,अरविंद केशरी , सुरेश हांसदा मिथलेश वर्मा समेत अन्य कई लोग मेले का सफल बनाने में लगे रहें।

### बड़कागांव में संकल्प विकसित भारत रथ निकला



**बड़कागांव।** संकल्प विकसित भारत रथ मंगलवार को बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के उरीमारी, पोटंगा एवं गरसुल्ला पंचायत पहुंचा। केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई एवं अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाने पर बल दिया। वहीं कई तरह के स्टाल लगाकर कई योजनाओं का लाभ एवं जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। मौके बीडीओ जितेंद्र मंडल, बीइओ रवि रंजन,विवेक आनंद, मुखिया कमला देवी,पंसस गीता देवी, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,सांसद प्रतिनिधि बेचन साव,श्रीकांत निराला, दिनेश करमाली,किशोर राणा,विजय यादव,सीतामुनी देवी,शांति देवी, फुलमनी देवी,प्रिया टुड समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### हरली मैदान में जतरा मेला आज, तैयारी पूरी

**दारू।** दारू प्रखंड के हरली जताराही बागी में बुधवार को भव्य जतरा मेला लगेगा। मेले की तैयारी को लेकर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया गया । हरली पंचायत के मुखिया पति फारुखउद्दीन ने बताया कि यह जतरा मेला पूस महीने के प्रथम दिन लगाया जाता है जब किसान अपने खेतों से धान काटकर फुर्सत होते है तब इस मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में लोहे से बने सामान की दुकान सजने लगे है । बच्चों के लिए झूला, मिक्की माउस, खिलोने की दुकान सजकर तैयार है।

### बच्चों को स्वास्थ्य की दी गयी जानकारी

**चरही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूरचू में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक राम की अध्यक्षता में वाहक जनित रोग एवं स्वास्थ्य संबंधित प्रचार प्रसार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय चरही के सभी बच्चों को मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार, टीवी,कुष्ट रोग और टाइफाइड जैसे अन्य बीमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तकनीकी पर्यवेक्षक रूपलाल कुमार ने बच्चों को बताया कि मच्छर से होने वाले पांच बीमारियों में से सिर्फ मलेरिया का ही पूर्ण तरह से इलाज किया जा सकता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक राम ने स्वस्थ रहने के लिए ढेर सारे उपाय बच्चों को बताया। यह कार्यक्रम 5 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपी एम अमरकांत सिन्हा,प्राचार्य विजय कुमार,सहायक शिक्षिका रिंकू कुमारी,चंद्रगुप्त कुमार,कामाख्या कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, परवेज खान, स्वीटी कुमारी,शीला कुमारी आदि सभी का सहयोग रहा।

### चरही : आपके द्वार के तहत लगा शिविर

**चरही।** चुरचू प्रखंड के जरबा पंचायत भवन प्रांगण में मगंलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मंच संचालन सांख्यिकी प्रवेक्षक त्रिदेव कुमार ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललितराम, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया सुनीता देवी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कर सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों द्वारा लाभुकों को विस्तारपूर्वक योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक अमर कुमार सिन्हा, सांख्यिकी पर्यवेक्षक त्रिदेव कुमार, कृषि पदाधिकारी काशीनाथ कुमार, अमीन राजेश कुमार, पंचायत सेवक अशोक कुमार समेत अन्य कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

### शहादत दिवस में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता



**हजारीबाग।** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को 26 दिसंबर 1704 को इस्लाम धर्म कबूल ना करने पर सरहिंद के नवाब ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था एवं दादी गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। उन्हीं के याद में साहिबजादो के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में 26 को भाजपा कार्यकताओं द्वारा गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में मनाया गया । कार्यक्रम में अमृतसर से आए प्रचारक भाई बलदेव सिंह जी एवं भाई हरप्रीत सिंह जी द्वारा चारों बाबा वीर बालकों की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, केपी ओझा, गुरुद्वारा प्रबंध कमिटी के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह, सचिन देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह कलरा, उपाध्यक्ष दीपक पसरिया, कोषाध्यक्ष कवलजीत सिंह, महंतविजया नंददास, हरीश श्रीवास्तव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, टुनु गोप ,विनोद भगत ,जय नारायण प्रसाद, प्रोफेसर मुकुल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एसपी ने जानी कैदियों की हकीकत



**गुमला।** जिला प्रशासन व गुमला पुलिस की टीम ने मंगलवार को मंडल कारा गुमला में विशेष जांच सह छापामारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एसपी हरविंदर सिंह व उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने की। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में मंगलवार सुबह कई टीम बनाकर मंडल कारा के महिला व पुरूष वार्ड की जांच की गयी। एसपी ने बताया कि जांच का उद्देश्य कैदियों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी लेनी थी। मौके पर एसडीओ गुमला, डीएसपी, सार्जेंट मेजर सहित कई अधिकारी थे।

### मदरसा फैजुल रशीद के लिए कमेटी गठित



**सिसई।** मदरसा फैजुल रशीद के सफल संचालन को लेकर मदरसा परिसर में फलाहुल मुस्लेमीन अंजुमन के सदर सलमान अली की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सिसई, गुमला व भरनो के लगभग 40 गांव के अंजुमन के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मदरसा के आय व्यय की जानकारी दी गयी। वहीं बैठक में मदरसा संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के गठन में जिन लोगों का चुनाव किया गया है। उसमें हाजी मुमताज अंसारी को सदर, मोबिन अंसारी को सचिव, अमजद अंसारी खंजाची बनाये गये हैं।

### कल्याण केंद्र का स्थापना दिवस मना



**रायडीह।** प्रखंड के मोकरा डोंगैत टोली में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कमलेश उरांव, मुख्य वक्ता हिरेंद्र सिन्हा, विशिष्ट अतिथि में थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, अनिता देवी, देवेंद्र लाल उरांव व भाजपा एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामावतार भगत, सुश्री सुलेखा कुमारी शामिल हुई। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि जशपुर से वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना होने के बाद गुमला में हुआ। समारोह में सचिनानंद पांडा, रामसागर चीक बड़ाईक, लंकेश बड़ाइक, खेदू नायक बिरजू नगेशिया आदि उपस्थित थे।

### आवासविहीन परिवार के लोग अबुआ आवास का ले सकते हैं लाभ : बीडीओ



**चैनपुर।** प्रखंड के बामदा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। जिसमें अबुआ आवास, मनरेगा, राजस्व विभाग, कृषि एवं पशुपलन, सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागों ने स्टॉल लगाया। बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिन्हा ने कहा कि आवास विहीन गरीब परिवार के लोग अबुआ आवास का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में जिप सदस्य मेरी लकड़ा, कुरुमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार, आवास समन्वय कमलेश बारला, बीपीओ कांति कुमारी, राजेंद्र तिर्की, कल्याण पदाधिकारी हुलेस प्रसाद, उद्योग विभाग, समन्वयक बिमला कुमारी, श्रम विभाग सरस्वती देवी, पंचायत सचिव महताब आलम उपस्थित थे।

### राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लाभुकों को भेजने को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा।** राज्य सरकार के चतुर्थ वर्षगांठ पर मोरहाबादी, रांची में 29 दिसंबर को होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से लाभुकों को भेजे जाने संबंधी आवश्यक बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं यथा; सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल वितरण योजना, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, हरा राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं को भेजे जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसी सौरभ प्रसाद, एसडीओ अमित कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### भाषण प्रतियोगिता में किरण प्रथम कनक द्वितीय व पलक को तृतीय स्थान



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में किरण कुमारी, कनक दीप व पलक कुमारी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभय साहू, नितेश उरांव, आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर, सचिन उरांव, अमर उरांव, अनिमा कुमारी आदि की सहभागिता भी काफी सराहनीय रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को गणित की आचार्या रश्मि साहू ने प्रमाण पत्र व पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता एवं निर्णायक की भूमिका ऋद्धि मिश्रा ने निभायी। उन्होंने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह, देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिये।

# नदी, पहाड़ और जंगल के सुरम्य संगम से आच्छादित हैं जिले के पिकनिक स्थल

■ नदियों की कल-कल करती धाराएं, जंगलों व पहाड़ों की अनुपम छटा लोगों को करती है आकर्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बाघुमंडा जलप्रपात

**गुमला।** जिला के धार्मिक व रमणिक स्थल नववर्ष पर सैलानियों के इंतजार में बाहें फैलाये हुए है। नदी, पहाड़ व जंगल के सुरम्य संगम से अच्छादित गुमला के पिकनिक स्थल नववर्ष पर सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। जिले के नदियों की कल-कल करती धाराएं, दिल को लुभा जाने वाली पहाड़ों की छटा व जंगलों का खुबसूरत परिदृश्य इन पिकनिक स्थलों की शोभा है जो लोगों को नववर्ष पर अपनी ओर खींच लेती है।

इन हसीन वादियों के बीच नये वर्ष में जीवन की नयी उम्मीदों की शुरूआत करने लोग परिवार के साथ पहुंचते हैं और नववर्ष का लुत्फ जश्न के साथ पिकनिक स्पॉटों में मनाते हैं। चारों ओर से प्राकृतिक सुंदरता व धार्मिक स्थलों से भरे गुमला जिला में नववर्ष का जश्न खासा उत्साह के माहौल में लोग मनाते हैं। नागफेनी नदी का विहंगम दृश्य व जलप्रपात हमेशा से जिले के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है और शहर के अधिकांश परिवार नागफेनी नदी के तट पर सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। नागफेनी नदी की कल-कल करती शीतल जलधारा को छूकर लोग इठला जाते हैं और इठलाते हुए नदी के ऊपर जमकर गीतों के धुन पर नृत्य भी करते हैं।

इसी तरह नदी, पहाड़ एवं जंगल के अद्भुत व सुरम्य संगम से अस्तित्व में आया बसिया प्रखंड का बाघमुंडा पिकनिक स्थल सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दक्षिण कोयल नदी की इतराती धारा को अपने में समेटते जब पत्थरों के विशाल ढेर के बीच से तीन दिशाओं में बहने को मजबूर करता यह पिकनिक स्पॉट वाकई किसी को भी मंत्रमुग्ध करने की क्षमता रखता है। यही कारण है कि गर्मी, सर्दी और बरसात या कोई मौसम हो यहां सालों भर सैलानियों का तांता लगा रहता है।

### ये हसीन वादियां सैलानियों का कर रही इंतजार

यहां बड़ी संख्या में आते हैं और बाघमुंडा के नैर्सिगक छटाओं को देखकर उसमें खो जाते हैं। रायडीह प्रखंड स्थित हीरदाह में भी जिले वासियों की भारी भीड़ नव वर्ष पर उमड़ती है। वहीं पालकोट प्रखंड में भी वहां के सुंदर व मनोहारी दृश्य को देखने के लिए लोग भारी संख्या में पहुंचते हैं। इन पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम जिला प्रशासन के द्वारा नववर्ष में किया जाता है। इन पिकनिक स्थलों पर लोग परिवार के साथ आकर खुले आसमान के नीचे नववर्ष का जश्न मना सकते हैं। सभी स्थलों पर लोग सुगमता पूर्वक पहुंच सकते हैं।



नागफेनी नदी

## भरनो : तुरिअंबा गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, विधायक बोले

# गरीबों को योजना का लाभ देने सरकार गांव में लगा रही शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भरनो।** प्रखंड के तुरिअम्बा पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो, विशिष्ट अतिथि प्रमुख पारसनाथ उरांव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जॉनसन बाडा शामिल हुए और दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



लाभुकों को लाभ प्रदान करते विधायक, बीडीओ व अन्य।

विधायक के जाने के बाद पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव भी कार्यक्रम में शामिल हुई। शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया। विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री ने लाभुकों के बीच कंबल, जॉब कार्ड, बीज, पेंशन का पीपीओ, सुकन्या समृद्धि योजना का प्रमाण पत्र, छात्राओं को साइकिल के राशि का वितरण सहित अन्य परिसंपत्ति का वितरण किया। मौके पर विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से गरीबों को काफी लाभ मिल रहा है। विभिन्न प्रकार की योजनाएं आसान तरीके से गरीबो तक पहुंच रहा है। गरीबो को योजना का लाभ लेने के लिए ब्लॉक, अंचल नहीं जाना पड़ रहा है। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांव गांव तक सरकार व प्रशासन को भेजकर गरीबो को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। हमारे क्षेत्र के गरीब लोग शिक्षा के अभाव में कम उम्र में बेटियों की शादी कर देते हैं जो काफी दुख की बात है। कम उम्र में बेटियों की शादी ना करें बल्कि उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करें। उन्हें पढ़ने का अवसर दें।

# ब्रिटिश काल से शोषित रेलवे गोडाउन वर्कर को संपूर्ण अधिकार दिलायेंगे : डॉ पीके मंडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत कैमो केन्द टोली लोहरदगा में भारतीय रेलवे माल गोडाउन श्रमिक यूनियन के द्वारा श्रम पाठशाला उत्सव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर श्रम पाठशाला के छात्र छात्राएं एक से बढ़कर एक रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम पेश किया गया । कार्यक्रम में झारखंड के अलावे बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों से आए हुए अतिथि शामिल हुए। भारतीय रेलवे माल गोडाउन श्रमिक यूनियन के अभिभावक स्वरूप सह मेंबर ऑफ रेलवे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं पदाधिकारी ने सैकड़ों श्रमिकों के बच्चों को गरम कपड़ा साथ में मजदूरों को कंबल आदि बांटा। श्रम पाठशाला के टीचर्स, बच्चे, अभिभावक द्वारा मुख्य अतिथि डॉ परिमल कांति मंडल का काफी आकर्षक केक काटकर जन्मदिन भी मनाया गया।





दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

**खास बातें :** मौके पर मेंबर्स ऑफ रेलवे, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डां परिमल कांति मंडल ने कहा ब्रिटिश काल से पीढ़ी दर पीढ़ी रेलवे गोडाउंस वर्कर्स बोरा लोडिंग अनलोडिंग का काम कर रहे हैं। यूनियन का अथक प्रयास है कि आने वाले दिन श्रमिकों के बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर आईएएस ऑफिसर, डॉक्टर बनेंगे। इसी उद्देश्य से श्रमिकों का बच्चों के लिए श्रम पाठशाला, सैकड़ो की संख्या में खुलना आरंभ हो गयी है। लगातार प्रयास से श्रमिकों के लिए न्यूनतम सैलरी, मेडिकल्स, पीने का स्वास्थ जल इत्यादि गोडाउन श्रमिकों को दिलाने में भारतीय रेलवे माल गोदान श्रमिक यूनियन सफल रही है। कार्यक्रम में डॉ जाकिर हुसैन, केंद्रीय एडवाइजरी कमेटी मेंबर्स, प्रशांतो भद्र राष्ट्रीय अध्यक्ष, अरूप काईवरता, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन, मनकी मिंज, महेश कुमार, समाजसेवी सह सेंट्रल कमेटी मेंबर्स भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन भारत, विशिष्ट अतिथि के तौर पर बलराम साहू एक्स डिप्टी मेयर नगर पालिका लोहरदगा, प्रमोद कुमार आदि थे।

## शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ देना है : प्रमुख

■ आरंगी बाजारटांड़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के आरंगी बाजारटांड़ में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, उप प्रमुख शिवा देवी, जिला परिषद सदस्या मानती उरांव, मुखिया लोदो एक्का मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में अबुवा आवास, पेंशन, मनरेगा, कल्याण विभाग, बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग कल्याण विभाग समेत कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये। जहां आवश्यकतानुसार ग्रामीणों ने आवेदन भरकर स्टालों में जमा किया। वहीं बाल विकास विभाग से सावित्रीबाई फुले योजना, कल्याण विभाग से साइकिल की राशि व कई परिसंपतियां भी बांटी। वहीं असहायों के बीच कंबल बांटा। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ दिलाना है।



## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मना वीर बाल दिवस

■ वीर बाल दिवस शौर्य की पराकाष्ठा का याद दिलाता है : शशिधर लाल अग्रवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्रों ने वीर बाल दिवस मनाया। आगत अतिथियों ने शाहिबजादा जोरावर और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि सूरज पांडेय, प्रांतीय बाल कार्य प्रमुख आरएसएस झारखंड, विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, सदस्य शोभा देवी, विद्यालय के प्राचार्य बिपिन दास, पूर्व छात्र परिषद संयोजक मिथुन तमेड़ा उपस्थित थे। अतिथि परिचय प्राचार्य ने कराया। कार्यक्रम की भूमिका एवं विषय प्रवेश विद्यालय के आचार्य परमेंद्र सिंह ने कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बालकों का शौर्य इतिहास भारत में रहा है। इस देश का नाम भारत भरत के नाम पर रखा गया है जो बाल्य काल में सिंह से खेला करते थे।



### मंत्री रामेश्वर उरांव आज करेंगे जनसुनवाई

**गुमला।** वित्त, खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण मामले विभाग झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव बुधवार को गुमला दौरे पर पहुंचेंगे। इस दौरान वे अपराह्न 3 बजे जनसुनवाई करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने देते हुए पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से जनसुनवाई में अधिक आम जनों को लाने की अपील की है। ताकि लोगों की समस्याएं सुलझ सके।

### तीन वर्षों से जमे अधिकारी बदले जायें : हेमावती

**गुमला।** कांग्रेस महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा ने कहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में तबादलों का दौर शुरू होना है। ऐसे में गुमला जिला में तीन वर्ष या उससे अधिक समय से जिले में जमे हुए अधिकारियों का भी तबादला होना जरूरी है। उन्होंने वैसे अधिकारियों का तत्काल तबादला करने का अनुरोध किया है। कहा कि ऐसे अधिकारियों की सूची उपायुक्त से मांगी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाएगा। हेमावती का कहना है कि आईटीडीए निदेशक सहित कई अधिकारी लंबे समय से यहां कार्यरत है। जबकि कई अधिकारी स्थानांतरण के बाद भी गुमला में बने हुए है। उनका स्थानांतरण सितंबर में ही हो गया है।

### घोड़ा जतरा पर कुराग में तीन को होगा कार्यक्रम



**घाघरा।** घोड़ा जतरा को लेकर घाघरा प्रखंड के कुराग गांव में मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बंधनु पहान ने की। बैठक में 3 जनवरी को घोड़ा जतरा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लोगों ने कहा कि घोड़ा जतरा विगत कई वर्षों से पूर्वजों द्वारा आयोजन होते आ रहा है। बैठक में पंसस सरवण उरांव, पुनइ उरांव, संतोष उराव, सनीचरवा उरांव, राजू उरांव, लक्ष्मण उराव समेत कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### टाइगर टीम टाटी बना प्रतियोगिता का विजेता



**कैरो।** प्रखंड के चाल्हो मैदान में क्रिसमस पर मंगलवार को स्व मंगलदाश लकड़ा एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम जीव मैक्स नदिया द्वितीय टाइगर टीम टाटी, तृतीय पंडरिया व चतुर्थ जुरिया टीम को पुरस्कार गया। इसके अलावे कुजूर ब्रदर्स को गया। फाइनल मैच जीवो मैक्स नदिया और टाइगर टीम टाटी के बीच खेला गया जिसमें टाइगर टीम टाटी पेनल्टी से बिजेता रही। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पुरस्कार देते हुए जीप सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा कि हर खिलाड़ी को अपने नियम और अनुशासन के साथ खेल को खेलना चाहिए ताकि जीवन मे हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भौरो से नाबालिग लड़की को भागने वाला गुमला जिले के पुसो थाना क्षेत्र के चेगरी गांव निवासी आरोपी युवक मंटू साहू उम्र 23 पिता ललित साहू को पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार कर भंडरा लाकर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा भेज दिया है। जबकि लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया. बालिका को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। बालिका के पिता के मुताबिक 2 दिसम्बर की रात में मंटू साहू उसकी 18 वर्षीय पुत्री का बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसका परिजन खोजबीन किये मगर पता न चलने की वजह से भंडरा थाने में प्राथमिक दर्ज कराया। जिसके आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366 आइपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया। गौरतलब है कि महाराष्ट्र भागने के कारण पुलिस दोनों को गिरफ्तार करने में पुलिस को काफी मशकत करनी पड़ी।



### 10 साल से लापता है पति, महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के संजय गांधी पथ स्थित आंगनबाड़ी ट्रेनिंग सेंटर में खाना बनाने का कार्य करने वाली मैनो देवी (37) पति मंटू पासवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है की महिला के पति पिछले 10 साल से घर से लापता है। मूल रूप से कुंडू बाजार तांड में महिला का ससुराल है। आसपास के लोगो ने बताया कि सोमवार की रात्रि किसी व्यक्ति से फोन पर बात करते हुए कमरे के अंदर गई।जो सुबह तक नहीं निकली तो आसपास के लोगो ने दरवाजा

## अहीर सेना झारखंड का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन सात को

■ अहीर सेना झारखंड के प्रतिनिधियों की बैठक कसीरा पंचायत में संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अहीर सेना झारखंड के प्रतिनिधि मंडल की बैठक करीसा पंचायत के ढढौली ग्राम में हुआ। जिसमें गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को मुरकुंडा पंचायत के जोलो नदी घाट पर वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का निर्णय लिया गया। जिसमें गुमला जिले के सभी प्रखंड के अहीर यादव सदस्य समिल्लित होंगे। पूरे झारखंड के सभी जिलों से अहीर समाज के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जायेगा। लखन गोप ने कहा कि पूरे झारखंड के अहीर बंधुओं को एक मंच पर लाने और अपने समाज की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



# शिक्षित समाज के निर्माण में शिक्षाविद लोगों की अहम भूमिका : पूर्व प्राचार्य लोहरा उरांव

■ बलदेव साहू कॉलेज कुंड़ुख विभाग की ओर से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के नंदलाल फार्म हाउस के निकट पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय कुंडुख विभाग की ओर से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के नंदलाल फार्म हाउस के निकट पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के कुंडुख विभाग के वर्ष 2011 के बाद, पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य, पूर्ववर्ती शिक्षक शामिल हुए।



समारोह में मौजूद लोग।

कोयल नदी प्रकृति की वादियों का लुत्फ उठाया। मौके पर सभी लोगों ने सामूहिक रूप से स्वादिष्ट व्यंजन का भी स्वाद चखा। मौके पर बलदेव साहब महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो लोहरा उरांव ने कहा कि कॉलेज में अनुशासन और कई किताबें का ज्ञान आप अर्जित करते हैं। कॉलेज में आप जो सीखते हैं वह आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है परंतु आप जब कॉलेज से पास आउट होकर जब समाज के लिए अपने घर के लिए कार्य करते हैं तब आपके समक्ष कई सारी चुनौतियां सामने आती है ऐसी चुनौतियों को आप सहजतापूर्वक स्वीकार करते हुए निराकरण करने का प्रयास करते रहें।

**खास बातें :** आप सभी शिक्षाविद हैं, जो एक शिक्षित समाज के लिए अग्रिम पंक्ति पर खड़े होकर आप नेक कार्य कर सकते हैं। पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही रहता है कि आप अपने क्षेत्र में अपने समाज के लिए अपने लोगों के लिए कितने योगदान दे रहे हैं। एक दूसरे से आइडिया लेकर समाज व देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। पूर्ववर्ती शिक्षक धनराज भगत ने कहा की आप जहां भी रहे एक दूसरे से संपर्क बनाकर रखें, ताकि किसी भी परिस्थिति में जरूरत पड़ने पर एक दूसरे का सहयोग कर सकें। कई सिर्फ नौकरी लेकर ही देश सेवा नहीं की जा सकती, आप जहां भी रहे लोगों की सेवा करते रहे, वही सबसे बड़ी देश सेवा है।

# अगलगी मामले को लेकर किसान सभा के नेताओं ने किया पंडरिया गांव का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा का सात सदस्यीय टीम ने गरीब किसान बुधरा खड़िया के खलियान में रखे धान का गांज में आग लगाने की घटना के बाबत तहकीकात के लिए तथा किसी भी किसान के साथ इस तरह की घटना ना घटे इस बात को लेकर किसान नेताओं ने पंडरिया गांव का दौरा किया।

मालूम हो कि 20 दिसंबर 2023 को रात्रि में दबंगों के मिली भगत से बुधरा खड़िया के खलिहान में रखे धान के गांज पर आग लगाकर करीब 45 क्विंटल धान को नष्ट कर दिया गया था। घर के लोग धान में लगी आग न बुझा पाये। इसके लिए बुधरा खड़िया के घर को हरवे हथियार के साथ लोग घेर कर रखे हुए थे। पुलिस के गांव आने के बाद घर घेरने वाले भागे तब जाकर बुधरा खड़िया पुलिस के साथ खलिहान गये। तब तक सभी धान जलकर राख हो चुका था। किसान नेताओं को पीड़ित किसान बुधरा खड़िया और ग्रामीणों ने बताया कि सुखाग्रस्त के बावजूद किसी प्रकार से लगाया गया खलियान में रखे गए धान को करमा खड़िया वगैरह के द्वारा आग लगाया गया है। लेकिन दोषियों पर जिस तरह का कार्रवाई पुलिस प्रशासन के द्वारा होना चाहिए अभी तक उस तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। जो दोषियों का मन बढ़ा रहा है। इससे बुधरा खड़िया के परिवार वालों को जान माल की क्षति हो सकती है। किसान नेताओं ने कहा है कि मामले से जिला प्रशासन को अवगत कराया जायेगा।



पंडरिया गांव पहुंचे किसान नेता ग्रामीणों के साथ।

## स्पीड न्यूज

### स्कॉर्पियो दुर्घटना में एक की मौत तीन गम्भीर रूप से घायल , रेफर

**इटखोरी।** दनदाहा घाटी के रोड किनारे गढ्ढे में एक स्कॉर्पियो की दुर्घटना ग्रस्त हो गयी जिसमें एक कि मौत मौके पर हो गई व तीन गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्कार्पियो में सवार सभी हजारीबाग बख्शपुरा निवासी बताए जा रहे है। मृतक का नाम 48 वर्षिय मोहम्मद मुमताज के रूप में पहचान की गई है। सभी लोग गया से हजारीबाग जा रहे थे। तीन घायलों को हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों में 50 वर्षिय रामचन्द्र यादव पिता बैद्यनाथ यादव 40 वर्षिय मोहम्मद तैयब पिता शमशुद्दीन 50 वर्षिय मोहम्मद मोजमिल पिता मोहम्मद मुर्तजा का नाम शामिल है। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस के द्वारा घटनास्थल से इटखोरी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मृतक के परिजन अस्पताल पहुँच गए थे। आशंका जताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो काफी तेज गति में होगी जिससे अनियंत्रित होकर रोड किनारे गड्ढे में जा गिरी।

### बीएनटी को हरा शांति निवास सेमीफाइनल में



**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में शांति निवास स्कूल ने बीएनटी संत मैरी को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शांति निवास स्कूल ने टॉस जीतकर बीएनटी संत मैरी को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। बीएनटी संत मैरी की टीम रवि के 34 और नक्की के दस रनो के सहारे 65 रन ही बना पाई। शांति निवास की ओर से आयुष ने चार खिलाड़ी को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने ऋषभ के 23, सक्षम के 21 रनो के सहयोग से दो विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास स्कूल के आयुष कुमार पाल को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, अजीत कुमार सिन्हा, शिक्षक सुधांशु, संजीव सिंह, सिकंदर खान, अभय कुमार ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, आलोक, आदित्य शुक्ला, धीरज, आदित्य तिवारी, दिव्य रंजन, अमित उपाध्याय, अभिषेक कुमार, मनीष पाठक, आशुतोष रंजन, सोनू कुमार सहित काफी संख्या में दर्शक शामिल थे। अंपायर की भूमिका मनीष उपाध्याय, सुमित मिश्रा ने निभाई। वही उद्घोषक की भूमिका मनोज तिवारी और स्कोरर की भूमिका दिव्य रंजन ने निभाया।

### जीएन कान्वेंट में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सह परीक्षाफल प्रकाशन



मंचासीन निदेशक।

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सह ऐकडेमिक टेस्ट 3 का परीक्षाफल प्रकाशन एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि समय में निरंतर बदलाव को मदेनजर रखते हुए हम सबको भी अपने आप में बदलाव की जरूरत है। बच्चों की पढ़ाई में स्कूल की जिम्मेवारी तो है ही उससे अधिक अभिभावकों की भूमिका भी आवश्यक है। जो अभिभावक अपने बच्चों के क्रिया कलापों पर ज्यादा ध्यान देते हैं निश्चित रूप से वे आगे बढ़ रहे हैं। माता-पिता और शिक्षकों को केवल अभिभावक, शिक्षक सम्मेलनों में ही नहीं, बल्कि नियमित आधार पर संवाद करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद भी आवश्यक है। मौके पर शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहिन, सुषमा तिवारी, सुनिता कुमारी, सरिता दुबे, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, संतोष प्रसाद सहित काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

### उन्नत कृषि एवं पशुपालन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**कोडरमा।** समर्पण एवं आरएमआई के तत्वावधान से जरगा एवं बेंदी पंचायत अंतर्गत ग्राम जरगा, कुंभियातरी, बोंगादाग एवं भीतिया के 120 से अधिक किसानों को कृषि उत्पादकता एवं पशुपालन विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक ब्यूटी कुमारी एवं सीआरआरयूएसएस हजारीबाग के कृषि शोधकर्ता पंकज कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि खेती और पशुपालन देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। कुदरत के बदलते स्वरूप में खेती एक जोखिम भरा पूर्ण कार्य जरूर है परंतु आज के युग में मौजूदा तकनीक अपनाने से मुश्किल बेहद आसान हो जाता है। वहीं प्रशिक्षक ब्यूटी कुमारी ने कहा कि आज के युवा किसानों को इतनी जानकारी नहीं जो नए तकनीक से खेती कर सके, जिससे उनकी रुचि खेती के प्रति दिन प्रतिदिन घटती चली जा रही है। अगर नए तकनीक से खेती की जानकारी समय-समय दिया जाय तो आज के युवा किसानों की भी रुचि खेती करने के प्रति बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान प्रशिक्षकों के द्वारा अलग-अलग गांवों में पौधों में लगे कृमि से बचाव, ग्रीष्म ऋतु में खेती की जुताई के तरीके, जैविक खाद्य बनाने की विधि एवं प्रयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा प्लास्टिक मलची के उपयोग के तरीके, टपक सिंचाई की विधि, लैंड लेजर लेवलिंग, मिश्रित खेती, बीज का चुनाव एवं उपचार आदि की भी जानकारी दी गई। वहीं निमास्त्र एवं जीवामृत को बना कर डेमो दिखाया गया। मौके पर सुनीत भारती, मनीष लहेरी, राजेश कुमार, बबिता देवी, महेंद्र कुमार एवं श्याम कुमारी आदि मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन ने चतरा को 470 करोड़ की दी सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता





**चतरा।** जिले के सिमरिया प्रखंड में मंगलवार को आयोजित 'आपकी योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिरकत की। उनके साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख व बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी थी। शिविर में मुख्यमंत्री ने 470 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखंड व जिला मुख्यालय से बिचौलियावाद समाप्त करने के लिए सरकार ने 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया है। उन्होंने सरकार आपके द्वार योजना के बारे में बताते हुए कहा कि हमलोग इस कार्यक्रम को 2021 से चला रहे हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सिर्फ सिमरिया में ही नहीं बल्कि इसके अलावा पूरे राज्य में शिविर लगा है। 23 नवंबर से ये कार्यक्रम शुरू हुआ है जो 29 दिसंबर तक चलेगा। ये हमने 2021, 2022 में भी आयोजित किया है। 2023 में भी कर रहे हैं। इस बार के शिविर में रिकॉर्ड टूट गया। बड़ी संख्या में लोगों का आवेदन आ रहा है। ये सरकार आपको मालूम है जब हम चुनाव प्रचार में थे उस समय हमने कहा था कि ये सरकार दिल्ली से नहीं चलेगा। रांची के एयरकंडीशनर कमरों से नहीं चलेगा। ये सरकार गांव से चलेगा। इसलिए हम गांव-गांव घूमकर आपके समस्याओं का निदान कर रहे हैं। डेढ़ साल तक हम कोरोना से जूझते रहे। जैसे ही इस कोरोना का बादल छंटा तो सरकार ने आपका दरवाजा खटखटाकर आपके पंचायत में बैठकर आपकी समस्याओं जिस कागज को लेकर आप भटकते थे वो कागज लेने पहुंचे। जहां सड़क नहीं था, रोड नहीं था पुलिया नहीं था वहां भी अफसर जाते थे।

## डॉ राधा बाबू की पुण्यतिथि पर 23 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता


रक्तदान करती महिला।

**गढ़वा।** डॉ राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर एक सप्ताह तक चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तीसरे दिन गढ़वा स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि डॉ राधा बाबू की पुण्यतिथि पर रक्तदान जैसा पुनीत कार्य किया जा रहा है, इससे बड़ी सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति और क्या होगी। रक्तदान श्रेष्ठ कार्यों में से एक है। मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ जेपी सिंह, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, आईएमए के सचिव डॉ कुमार पंकज प्रभात, आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉ पतंजलि केशरी, डॉ रेयाज अहमद, नीमा अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, सेवानिवृत शिक्षक डीपी सिंह, विनोद कमलापुरी, डॉ संजय केशरी आदि ने विचार व्यक्त किया। रक्तदान करने वालों में मो. शमीम, संगीता कुमारी, अब्दुल मन्नान, सुनील कुमार कुशवाहा, रत्नेश कुमार रंजन, साक्षी कुमारी, नूरे आलम, मिस्टर विजय, मो. इश्तियाक, जितेंद्र कुमार, मो. तौहीद रजा, मो. जावेद, सुधीर कुमार सिंह सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है। मंच का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर दिव्य प्रकाश केशरी, श्याम नारायण पांडेय, अरविंद तिवारी, मो. इकराम, रविंद्र नाथ ठाकुर, अर्थव कुमार केशरी, प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन रामजी रवि, प्रदीप पासवान आदि लोग उपस्थित थे ।

## रंका में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम का उद्घाटन करते बीडीओ व अन्य।

**रंका।** प्रखण्ड के रंका कला पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष आशिष गुप्ता, युवा अध्यक्ष दीपक सोनी, रंका मुखिया सबिता गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मधेशिया ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गए। जिसमें कई आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर फुटून कुमार, चन्दन सोनी, श्रवण सोनी, अरविंद सोनी, अहमद अली, मुमताज रंगसाज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### टेंपो बचाने के क्रम में स्कॉर्पियो गड्ढे में गिरा 6 घायल



**चतरा।** हंटरगंज चतरा गया मुख मार्ग स्थित रामनारायण मेमोरियल कॉलेज के स्टेडियम के समीप स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। स्कॉर्पियो चतरा की ओर से आ आ रहा था। इसी दौरान स्टेडियम के समीप सामने से एक सवारी भरा टेंपो आ गया। जिसे बचाने के क्रम में स्कॉर्पियो नियंत्रित हो गया और गड्ढे में जा गिरा। स्थानीय लोगों के सहयोग से स्कॉर्पियो में सवार सभी 6 लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें दी लोगों ज्यादा चोट लगने के कारण उन्हें हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। घायलों में रोहतास जिला के तिलौथू ढिबरी गांव के डोमन पासवान और गरीबन पासवान शामिल है। सभी रजरप्पा मंदिर से पूजा अर्चना कर वापस लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल लाने में मदद किया। वही टेंपो फरार हो गया।

### शराब के नशे में पति ने पत्नी को पीटा, मौत



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के घाघरा टोला में बीती रात्रि पति-पत्नी के आपसी विवाद में शराब के नशे में की गई पिटाई से अजीत सिंह की 30 वर्षीया पत्नी सबिता देवी की मौत हो गई। मृतका के पिता उत्तर प्रदेश के विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार निवासी रामजनम सिंह ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि मैं अपनी पुत्री का विवाह छह माह पूर्व पंडरिया निवासी अजीत सिंह से किया था। शादी के कुछ दिन के बाद से ही अजीत शराब पीकर नशे में मार पीट करता था। 25 दिसम्बर की शाम सबिता के पड़ोसी ने फोन पर बताया कि अजीत सिंह के द्वारा मार पीट किया गया है, जितना जल्दी आ सके आ जाइए। जब 26 दिसम्बर को पहुंचे तो देखे की मेरी पुत्री की मौत हो चुकी थी। मौत की खबर मिलते ही पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार यादव ने बताया कि शराब के नशे में मारपीट करने से महिला घायल हो गयी थी। समय पर इलाज नहीं कराने से मौत हो गई। आरोपी अजीत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पैराडाइज पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एलपी एजुकेशनल पैराडाइज वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित पैराडाइज पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं मंगलवार को चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के बाद घर वापस लौट आए। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक सिकंदर प्रजापति ने बताया कि बिहार के सासाराम शेरशाह सूरी का मकबरा, ताराचंडी मंदिर, महाबोधि मंदिर व मुख्य मंदिर बोधगया, विश्व शांति स्तूप राजगीर व जापानी मंदिर, पर्वत पुरुष दशरथ मांझी पर्यटन स्थल, पटना गोलघर, गांधी मैदान, पटना चिड़ियाघर सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया है। निदेशक ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। ये भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वे अपनी आँखों से प्रत्यक्ष रूप में देखकर किसी भी विषयवस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग में महेशपुर के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 30 वर्षीय ऋषि यादव चैनपुर निवासी के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाकर मोटरसाइकिल से अपने घर चैनपुर जा रहा था। इसी दौरान युवक महेशपुर स्थित बैरियर से टकरा गया, जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से युवक को सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

## कोडरमा के नए एसडीओ के रूप में रिया सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**कोडरमा।** जिले में नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में आईएएस अधिकारी रिया सिंह ने मंगलवार को निवर्तमान एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा से पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2021 के आईएएस अधिकारी रिया सिंह पदभार ग्रहण करने के उपरांत बातचीत के क्रम में अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि जिले में बेहतर तरीके से विधि व्यवस्था कायम रखते हुए आमजनों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिले में अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के प्रयास किये जायेंगे।

## एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक ने नॉर्थ करनपुरा परियोजना की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** एनटीपीसी लिमिटेड के प्रोजेक्ट निदेशक के. शन्मुगा सुंदरम ने आज नॉर्थ करनपुरा स्थल पर यूनिट 2 और यूनिट 3 की समीक्षा की। यह दौरा एनटीपीसी लिमिटेड की परियोजनाओं की श्रेष्ठता और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए उसकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। दौरे के दौरान कोल कन्वेयर बेल्ट से जुड़ी चल रही चुनौतियों की समीक्षा की गई। श्री सुंदरम ने वर्तमान स्थिति का आकलन किया तथा संभावित समाधानों की चर्चा की। उन्होने यह सुनिश्चित करने के लिए टीम को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक संसाधन आवंटित किए जाये। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियो एवम सभी विभागाध्यक्ष के साथ भी बातचीत हुई। इस अवसर पर के.एस. सुंदरम ने परिचालन उत्कृष्टता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपने कार्यबल और हितधारकों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए विश्वसनीय बिजली प्रदान करने के लिए एनटीपीसी लिमिटेड के अटूट समर्पण को दोहराया। एनटीपीसी लिमिटेड भारत के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के मिशन को जारी रखे हुए है और सतत विकास को बढ़ावा देने में ऐसी समीक्षा निरंतर भूमिका निभा रही है।

## प्रोन्नति को लेकर उपायुक्त से मिले जिला शिक्षक संघ




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के नेतृत्व में मंगलवार को उपायुक्त से प्रोन्नति को लेकर मिले। उन्होंने डीएसई कोडरमा को बुलाकर प्रोन्नति के संबंध में उनके द्वारा एक समय लिया गया और उनके द्वारा प्रोन्नति पर तत्परता दिखी। इसके साथ ही डीडीसी से भी मिले। वहीं उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी से बात कर एक सप्ताह के अंदर प्रोन्नति हेतु वरीयता सूची प्रकाशन की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक, जिला महासचिव रविकांत कुमार रवि, उपाध्यक्ष शंकर दयाल, संगठन सचिव सुभाष चंद्र, दिलीप कुमार बरनवाल, माधव कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, सत्यदेव प्रसाद, प्रदीप कुमार, वीरेश कुमार, राज किशोर दास, रणवीर कुमार, कालेश्वर ठाकुर, शिव शंकर मोदी, राजू धोबी, सतीश कुमार पाण्डेय समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

## राजद नेता सुभाष यादव ने किया सतगावां प्रखंड का दौरा

**सतगावां (कोडरमा)।** राजद नेता सह चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ प्रखंड क्षेत्र के महथाडीह, करचैता, अम्वाबाद, समयडीह, अंगार माधोपुर, बजानियां, मीरगंज समेत कई गावों का दौरा कर क्षेत्र की जनसमस्याओं की जानकारी ली। दौरे के क्रम उन्होंने गांव में गरीब व असहाय परिवारों के बीच साड़ी, गमछा, लुंगी व सलवार सूट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ऐसी पार्टी है, जो सभी धर्मों और सभी जाति के दुःख-दर्द को समझती है। साथ ही दलितों, शोषितों व वंचित के अधिकार की लड़ाई लड़ती है। राजद जात की नही जमात की पार्टी है। वहीं उन्होंने वर्तमान सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने सांसद को राजनीतिक पहचान दी, वह आज राजद को ही भूल गयी, कहती है कौन राजद कैसा राजद, यहां की जनता सबकुछ देख रही है, आने वाले समय में यहां की जनता इसका जबाब देगी। इस दौरान बजनियां में दर्जनों लोगों ने पार्टी के प्रति आस्था रखते हुए राजद की सदस्यता ग्रहण किया। जिसमें अकबर अली, मुकेश कुमार, श्याम सुंदर ठाकुर, मो मंसूर आलम, दिलीप ठाकुर, रिजवान मियां, विपिन सिंह, राजीव सिंह, मंटू शर्मा, आयशा वेगम आदि के नाम शामिल हैं। इसके पूर्व राजद कार्यकताओं के द्वारा खेरडा मोड़ पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर महेंद्र यादव, श्यामजीत यादव, मथुरा यादव, दिनेश यादव, डॉ. सरयू यादव, अशोक यादव, सुनील सिंह, दिवाकर कुमार, प्रमोद कुमार, इंद्रदेव यादव, विक्रम यादव, उपेंद्र यादव, सदानन्द सिंह, मो इरशाद के आलावे काफी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद थे।

## अभद्रता पूर्वक पेस आया मैनेजर, मुखिया ने मुख्यमंत्री से कानूनी कार्रवाई का किया मांग

- मिश्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम ने राजा कंट्रक्शन के विरुद्ध मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, मांगा न्याय

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** टंडवा-शिवपुर कठौतिया रेलवे लाइन में मिट्टी के कालाबाजारी के विरुद्ध मामला दिन प्रतिदिन पेचीदा होते जा रहा है। एक तरफ संबंधित विभाग मौन व्रत धारण कर संबंधित कंपनी को संरक्षण देने के कार्य कर रहा है वहीं संबंधित मुखिया मिश्ररौल पंचायत के सुबेश राम के द्वारा सिमरिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र की बदहाली को दशार्ते हुए राजा कंस्ट्रक्शन पर कानूनी कार्रवाई करने का मांग किया गया है। सौंपे गए ज्ञापन में मुखिया सुबेश राम ने कहा है कि विगत एक वर्ष से प्रखण्ड टण्डवा के पंचायत मिश्रौल में शिवपुर कठौतिया रेल मार्ग राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा है। इस मिट्टी भराव के कारण क्षेत्र में सम्पूर्ण भौगोलिक संरचना को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जा रहा है। क्षेत्र में मिट्टी उठाव के कारण 30 फीट से लेकर 40 फीट तक गहराई कर दिया गया है। इसके अलावा नदी के मार्ग को अवरूद्ध कर बांध बना कर सडक बना दिया गया है और लगभग दो से तीन किलो मीटर दूरी ग्राम टेकठा में गैरमजरूवा सरकारी जमीन से 30 फीट गहरा मिट्टी काट कर ले जाया जा रहा है। साथ हीं साथ वन भूमि में भी मिट्टी उठाव किया जार रहा है। जिससे सरकार को करोडो रूपयों का नुकसान कम्पनी पहुँचा रही है। यदि कोई रैयत अपना जमीन से मिट्टी उठाव करने का सहमति देता है तो 1 से 2 फीट मिट्टी उठाव किया जा सकता है। यदि 1 या 2 फीट से अधिक 30 या 40 फीट मिट्टी का उठाव किया जाता है तो खनन विभाग का अनुमति होना अनिवार्य है । ऐसी स्थिति में ग्राम टेकठा के लोग मुझे मौखिक शिकायत उक्त विषय में किया तो मैं दिनांक 12 दिसंबर 2023 को नदी में बनाए गए बांध को देखा। देखने के पश्चात सयोंग से रेलवे कंस्ट्रक्शन कर्मी भी वहीं पहुँच गए और अपने मोबाईल से कॉन्ट्रेक्टर अविनाश से बात करवाए। अविनाश कुमार सिंह ने पूछा आप कौन तो मैंने प्रति उत्तर दिया कि मैं मित्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम हूँ। इनते सुनते ही वे भड़क गए और अभद्रता वाले शब्द का प्रयोग किये कौन होते है आप मैं क्षेत्र में कुछ भी करूँगा आप बोलने वाले कौन होते है उक्त स्थिति को वन भूमि एवं खनन विभाग के द्वारा स्थल निरक्षण किया जाय तथा कम्पनी पर कानूनी कार्यवाही किया जाय। मिश्रौल पंचायत के मुखिया सुबेश राम के द्वारा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से प्रार्थना करते हुए कहा है कि रेलवे कॉन्ट्रैक्टर के भाषा शैली से मैं वे काफी आहत हैं। तथा पंचायत क्षेत्र में भौगोलिक दशा एवं दिशा के साथ -साथ पर्यावरण प्रदुषण को भी विकृत करने का कार्य राजा कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। उसे अतिशीघ्र जांच करने का कष्ट करने हेतु ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन का प्रतिलिपि उपयुक्त चतरा जिला खनन पदाधिकारी चतरा अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया अंचलाधिकारी टंडवा को दिया है।

# जिले में विकास को रफ्तार देने में ऐतिहासिक सिद्ध होगा सीएम का कार्यक्रम: वैद्यनाथ राम

## लातेहार के कुन्दरी में सीएम हेमंत सोरेन का कार्यक्रम आज, तैयारी में जुटी जिला प्रशासन

➲ विधायक, डीसी व एसपी ने अधिकारियों की टीम के साथ लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा


कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते विधायक, डीसी व एसपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को लातेहार सदर प्रखंड के कुंदरी ग्राम में आहूत विकास शिविर में होने जा रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटी है। सोमवार को लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, डीसी हिमांशु मोहन, एसपी अंजनी अंजन, झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण दूबे, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने जिले के अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, मंच, पार्किंग, लगने वाले स्टॉल, हैलीपैड, लोगों की आवागमण की सुविधा आदि की जानकारी विधायक श्री राम ने अधिकारियों से ली।

### मौके पर ये रहे मौजूद

जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कश्च्छप, सीएस अवधेश सिंह, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, प्रशासक राजीव रंजन, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, डीएसडब्ल्यू रेनू रवि, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, अंकित पांडेय, पंकज तिवारी, वारिस अंसारी समेत कई पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि लोग मौजूद थे।

### जिले के विकास के लिए ऐतिहासिक साबित होगा सीएम का कार्यक्रम

इस मौके पर खबर मन्त्र के साथ बातचीत करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम व झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि लातेहार के कुन्दरी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम ऐतेहासिक होगा व जिले में विकास को रफ्तार देने वाली सिद्ध होगी। इन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दुर्गामी सोंच का ही परिणाम है कि आज गांव के अंतिम व्यक्ति को भी विकास योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रखण्ड व जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ रहा है। सरकार व प्रशासन सीधे गांव पहुंचकर संचालित विकास योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करने का काम कर रही है। जिससे जनता का विश्वास व भरोसा सरकार व प्रशासन के प्रति बढ़ा है।

## अपनी 14 सूत्री मांगो को लेकर आगामी 1 जनवरी से महुआडांड डीलर संघ हड़ताल पर जायेगी


मौके पर मौजूद डीलर संघ।

**महुआडांड।** फेयर प्राईश शॉप डीलर्स ऐसोसियेशन झारखंड राज्य के बैनर तले अपनी 14 सूत्री मांगो को लेकर आगामी 1 जनवरी 2024 से महुआडांड डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगी। बैठक कर इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना डीलर संघ के द्वारा लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी,महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दे दिया गया है। डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने बताया कि जब तक हम सभी जनवितरण प्रणाली का बकाया कमीशन, मानदेय, 4ॠमशीन, अनुकम्पा आदि मांगो को लेकर हम सभी डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिये हैं। डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने आगे कहा कि इसके पूर्व भी हम लगातार धरना-प्रदर्शन रैली घेराव करते आ रहे हैं। किन्तु किसी सरकार ने हमारी समस्याओ पर ध्यान नही दिया। हम कब तक आश्वासन पर जिंदा रहेंगे। बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, सुचीत प्रसाद, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक कुमार, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, शेरू खान, रोहित कुमार, आनंद प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता, बसंत प्रसाद, प्रितीश कुमार, अनिल कुमार प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, शौकत अली, पवन कुमार, सलेहा बीबी, दोस्त मोहम्मद, संजीव लकड़ा, जगतु नगेसिया, पौलिना मिंज, शकुन्तला देवी, मरतियुस कुजूर, श्यामकुमार गुप्ता, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, शिवशंकर प्रसाद, ग्रेस तिग्गा, प्रमिला कुजूर आदि समेत लगभग सभी राशन दूकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद थे।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफ

# ड्यूटी स्थल पर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहने का दिया निर्देश


ब्रीफ करते एसपी।


मौके पर मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लातेहार जिले के कुंदरी ग्राम में आगमन को लेकर पुलिस लाईन में उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा अधिकारियों, पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। उक्त ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के लातेहार जिला में आगमन भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ब्रीफ के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, घेराबंदी, स्टॉल आदि जगहों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचने और सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहकर अपना कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने उपस्थित जिला पुलिस एवं अन्य जिलों से पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम में आए आमलोगों की सुविधा का ध्यान रखने एवं उनसे अच्छा व्यवहार करने की बात कही। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को संवेदनशील होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्कतापूर्वक निगरानी रखने एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ अपने ड्यूटी स्थल पर ससमय उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम के समाप्ति के उपरांत निर्देश मिलने के बाद ही प्रतिनियुक्ति स्थल को छोड़ेंगे। ब्रीफिंग के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत किए गए सुरक्षा-प्रबंधों एवं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति संवेदनशीलता बरतने और वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान उप समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी मो0 परवेज , जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीसी व एसपी ने मंडल कारा जेल में चलाया सघन छापामारी अभियान


छापामारी करते डीसी व एसपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मंडलकारा में एसपी व डीसी ने मंगलवार को जेल में सघन छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। छापामारी के संबंध में डीसी हिमांशु मोहन ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जेल में छापामारी की गई। वहीं एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि अक्सर यह सुनने को मिलता है कि विभिन्न जेल में बंद कैदियों के द्वारा जेल के अंदर से ही अपराधिक गतिविधियों की प्लानिंग की जाती है। इस प्रकार की किसी भी संभावना को पूरी तरह समाप्त करने के लिए लातेहार जेल में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि कुल आठ अलग-अलग टीम बनाई गई थी। इन टीमों के द्वारा अलग-अलग स्थान पर जाकर बारीकी से जांच की गई। इस कार्रवाई में कैदियों के सेल की जांच की जा रही है और बंदियों से पूछताछ भी की गई। एसपी ने बताया कि जेल में कई कुख्यात विचाराधीन कैदी बंद हैं। इनकैदियों में माओवादी, टीएसपीसी, जेजेएमपी नक्सली संगठन से जुड़े अपराधियों के अलावा अन्य अपराधी संगठन के सदस्य भी जेल में कैद हैं। संभावना जताई जाती है कि इन अपराधियों के द्वारा जेल में रहकर भी अपराध की योजनाएं बनाई जाती है। ऐसी किसी भी संभावना पर पूरी तरह विराम लगाने के लिए सरकार के निर्देश पर राज्य के विभिन्न जिलों में छापामारी की गई। छापामारी में एसडीएम परवेज आलम, डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रेयांश, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित हैं।

# टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर सहदेव गंझू गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर सहदेव गंझू को बालूमाथ पुलिस ने हेसाबार जंगल से गिरफ्तार किया है। इस बाबत पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने मंगलवार को अपने सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि टीएसपीसी नक्सली संगठन का जोनल कमांडर आक्रमण गंझू अपने कुछ सहयोगियों के साथ बालूमाथ थाना अंतर्गत हेसाबार जंगल में भ्रमणशील है एवं लवी व रंगदारी वसूलने तथा कोई अप्रिय घटना कारित करने की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया और ग्राम हेसाबार जंगल में गठित टीम पहुंचा तो पुलिस बल को देखते ही कुछ हथियार बंद उग्रवादी भागने लगे। भगाने के क्रम में छापामारी दल द्वारा एक उग्रवादी को एक लोडेड पिस्तौल व कारतूस एवं अन्य सामानों के साथ पकड़ा गया तथा पड़ाये उग्रवादी के नाम पता पूछने पर सहदेव गंझू उर्फ सहादेव गंजू उर्फ रौशन जी उर्फ रंजन जी उर्फ रितेश जी उर्फ अभिषेक जी उम्र 27 वर्ष पिता स्वर्गीय जगेश्वर गंझू ग्राम सिरिसमाद थाना बरियातू के रहने वाला है। पुछताक्ष में सहदेव गंझू अपने आप को टीएसपीसी का सबजनल कमांडर बताया।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

### बरामद समान की विवरणी

7.65 एमएम का पिस्टल, एक 7.65 एमएम का कारतूस चार राउंड, 7.62 एमएम का कारतूस 10 राउंड, रियलमी कंपनी का एंड्राइड मोबाइल एक, सैमसंग कंपनी का कीपैड फोन एक बरामद किया गया है। वहीं छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, हेरहंज थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुअनि दुति कृष्णा महतो, धिरज कुमार, दीपक नारायण सिंह एवं सशस्त्र बल एवं सेट 208 मेकैयाटांड़ पिकेट के जवान शामिल थे।

## प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख की अगुवाई में पंससो ने उपायुक्त कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव व उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा की अगुवाई में विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय को ज्ञापन सौंपा। जिसमे विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायत समिति सदस्यों को उपेक्षित करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में पंससो ने कहा है कि प्रखण्ड के सभी पंचायत समिति सदस्य पंचायती राज व्यवस्था से छुब्ध हैं। प्रखण्ड में संचालित होने वाले मनरेगा आदि विकास योजनाओं में बिना पंचायत समिति के अनुमोदन के ही योजना संचालन हो रही है, जो मनरेगा एक्ट का उलंघन है। लंबे समय से अधिकारियों के जमे होने के कारण वे अपने हिसाब से योजनाओं को संचालित करना चाहते है। पंसस की बैठक में ली गयी योजनाओं की इंट्री की जा रही है। मासिक बैठक भी नही हो पा रही है। चालू योजना के रेकड बनने, जियो टैगिंग, प्रथम भुगतान तथा अंतिम भुगतान होने तक प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मियों के लापरवाही के कारण पंससो को परेशानी हो रही है।

# मनरेगा में मुर्दा करता रहा 36 दिन काम 8532 रुपए की गई निकासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में मनरेगा में अनियमितता की बात पहले सुनी गई थी लेकिन मरे हुए मुर्दे को भी बालूमाथ में मनरेगा की योजना में काम दिया जाता है ।और उसके बदले उसे मजदूरी भी दी जाती है ।ऐसा घटना बालूमाथ प्रखंड के गणेशपुर ग्राम में होने का मामला प्रकाश में आया है। गणेशपुर ग्राम निवासी अमरेश सिंह का पुत्र रामजय सिंह की मृत्यु 11 सितंबर 2022 को हो गई थी उसके बाद मनरेगा के बिचौलियों ने उससे 36 दिनों तक काम कराया और उसके बदले पधाकारियो ने उसे 8532 रुपये मजदूरी भी दे दी ।जिन योजना में मजदूरी दी गई उसमें 27 अक्टूबर 2022 को ग्राम गणेशपुर में आशा देवी के जमीन पर ट्रेंच निर्माण की योजना में 6 दिन का डिमांड लगाया गया और फर्जी मजदूरी कराकर 1422 रुपए की निकासी कर ली गई। जबकि उक्त योजना जमीन पर उपलब्ध भी ही नहीं है ।यही नही बिचौलियों ने पंचायत सेवक,रोजगार सेवक एवं मुखिया की मिलीभगत से 6 दिसंबर 2022 को अवंती देवी के जमीन पर टीसीभी निर्माण के नाम पर 6 दिन का मजदूरी दिखाते हुए 1422 रुपए की निकासी ,20 दिसंबर 2022 को इसी ग्राम में गोपी महतो के जमीन पर टीसीभी निर्माण के नाम पर 6 दिन का मजदूरी दिखाते हुए 1422 रुपए की निकासी ,27 दिसंबर 2022 को विनोद सिंह के जमीन पर टीसी भी निर्माण कार्य का डिमांड पुनः मृत राम जय सिंह के नाम पर लगाया गया और 6 दिन की मजदूरी दिखाकर 1422 रुपए की निकासी गई । 4 जनवरी 2023 को गोपी महतो के जमीन पर टीसीसी निर्माण के नाम पर दूसरी बार डिमांड लगाकर 6 दिन की मजदूरी को दिखाते हुए 1422 रुपए की निकासी की गई। जबकि 11 जनवरी 2022 को ग्राम गणेशपुर में मैत्री देवी के जमीन पर टीसीभी निर्माण कार्य को दिखाते हुए 6 दिन का डिमांड लगाया और 1422 रुपए की निकासी कर लिया गया। इस तरह कुल पांच योजनाओं में एक-एक बार एवं एक योजना में दो बार की राशि कुल 8532 रुपए की निकासी कर ली गई है ।और राम जय सिंह जॉब कार्ड का आईडी 1 फरवरी 2023 को डिलीट कर दिया गया ।उपरोक्त मनरेगा योजना में मेठ के रूप में रामदेव सिंह का आधार लगा हुआ है। जबकि उक्त योजना के निकासी में पंचायत सेवक का हस्ताक्षर मौजूद होता है। वही मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में भी वही पंचायत सेवक की स्वीकृति मिलने के बाद प्रमाण पत्र निर्गत की गई है ।जो जांच का विषय है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सभी योजना में से अधिकांश कागज पर ही दिखा कर फर्जी निकासी कर ली गई है। इस संबंध में पंचायत सेवक अरविंद कुमार से पूछे जाने पर कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है इसलिए मैं कुछ नहीं कह पाऊंगा। वही बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर विधि समत कार्रवाई की जाएगी।




## एक नजर में

### ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी की मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम के पास सोमवार की देर शाम करीब 8:30 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया। जिससे दोनो मोटरसाइकिल युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिंदेश्वर उरांव 20 वर्ष पिता चंद्र देव उरांव ग्राम बबनहेरुआ थाना लातेहार निवासी, मंगल देव उरांव 22 वर्ष पिता हरि उरांव ग्राम बारीबाद थाना बरियातू निवासी दोनों बाइक सवार हेरहंज के हुम्बू ग्राम से बारीबांध ग्राम जा रहे थे। इसी दौरान इचाक ग्राम के पास बालूमाथ से पांकी की ओर जा रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों बाइक सवार युवको को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल युवको को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वही घटना के बाद हेरहंज पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक को पकड़ लिया है।

### कुंदरी में सीएम का कार्यक्रम, तैयारी में जुटे कार्यकर्ता


कार्यक्रम को लेकर तैयार कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** बुधवार को लातेहार के कुंदरी पंचायत में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निदेर्शानुसार मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत में जेएमएमए नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी ने पार्टी के कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि कल के कार्यक्रम में बरवाडीह प्रखण्ड के मोरवाई कला, लात, छिपादोहर, हरातु, उकामाड, छेंचा और पोखरी कला समेत सभी पंचायतों से भारी संख्या में कार्यकर्ता और आम लोग मुख्यमंत्री महोदय को सुनने के लिए कार्यक्रम में पहुंचेंगे। बैठक में जेएमएम प्रखण्ड उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव, अशोक कोरवा, सूर्यनाथ कोरवा, जगदीश सिंह, प्रेम शिला देवी, राजकुमार कोरवा, कलावती देवी, जागो देवी, इतवारिया देवी, राहुल कुमार, रामदयाल सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चंदवा में हिन्दू धर्मप्रेमियों की बैठक 28 को

**चंदवा।** 500 वर्षों के बाद अयोध्या में होने जा रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित हिन्दू धर्मावलंबियों की बैठक 28 दिसंबर को स्थानीय पंचमुखी मंदिर प्रांगण में आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए संटू कुमार ने बताया कि 500 वर्षों से भी ज्यादा समय के संघर्ष के बाद अयोध्या नगरी में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु राम का मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी दिन सोमवा को होनी हैम प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने हेतु आवश्यक बैठक रखी गयी है। जिसमें पूरे शहर में कलश यात्रा निकालने व भंडारे आयोजन भी किया गया है।

### मो. नौशाद आलम को मिला झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा का कमान



**चंदवा।** आगामी लोक सभा व विधान सभा चुनाव के मध्यनजर विभिन्न पार्टियों के द्वारा पार्टी के विभिन्न मंच मोर्चा को मजबूत करने का काम जोरो से किया जा रहा है, इसी कड़ी में झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मो. वारिस अंसारी के द्वारा चंदवा के हुचलु निवासी मो. नौशाद आलम को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि पार्टी मो उम्मीद है कि मो. नौशाद आलम अपने कुशल नेतृत्व के बल पर संगठनात्मक कार्यो हो गति देने के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष द्वारा एक माह के अंदर अल्पसंख्यक मोर्चा सभी पंचायत कमिटी का विस्तार का इसकी सूची जिला को प्रेषित करने की बात कही गयी है। प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद मो. नौशाद आलम ने कहा कि संगठन ने जी विश्वास उन पर जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इधर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत होने पर विधायक बैद्यनाथ राम, जिलाध्यक्ष लाल मोटिनाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, दीपू सिन्हा, सुरेश गंझू, मो. इजहार, मो. सरफराज, बबलू राही, जतरु मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति समेत कई अन्य ने मो. नौशाद को बधाई दी है।

### पंचायत सचिव नहीं रहने से ग्रामीण परेशान


आवेदन सौंपते।

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत सचिवालय में तीन माह से पंचायत सचिव नहीं आ रहे हैं. जिससे मनरेगा मजदूर का एमआर जीरो, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र 15 वें वित्त का कार्य पूरी तरह ठप चल रहा है. पंचायत सचिव से संबंधित काम के लिए ग्रामीण आते हैं लेकिन पंचायत सेवक नहीं रहते हैं जिसके कारण आम गरीब निराश होकर वापस लौट जाते हैं. आपको बताते चलें की ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा मजदूर को हरहाल में रोजगार देना है. रोजगार तो दूर पिछले तीन माह से फूलसु में मास्टर रोल जीरो है. जिसको लेकर युवा नेता लाल अशीष नाथ शाहदेव ने पंचायत भवन में नियमित पंचायत सचिव को आने और कार्य निष्पादन करने की मांग को लेकर उप प्रमुख निशा शाहदेव की हस्ताक्षर युक्त बीडीओ को आवेदन सौंपा है . ज्ञात हो की फूलसु पंचायत सचिव राजेश यादव छुट्टी में चले गए थे उसके बाद नियमित कार्य जारी रखने के उदेश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ज्ञापांक 1628 के जरिये 6 नवंबर को चन्दन कुमार को प्रभार के लिए चिट्ठी निकाले थे परन्तु चंदन प्रभार नहीं लिए जिसके कारण तीन माह तक पंचायत का कार्य पूरी तरह ठप रहा. राजेश यादव की छुट्टी समापन के बाद वापस आते ही ज्ञापांक 1608 द्वारा 19 दिसंबर को प्रभार दिया गया है।

### बारियातू में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बारियातू।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ‘ ’लातेहार के निदेर्शानुसार मंगलवार को थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में बारियातू फुलसु चारमुहान के समीप एनएच 22 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया ।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मुख्य सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन की हेलमेट जांच की गई। जांच के दौरान आधा दर्जन से अधिक बिना हेलमेट पहन कर चला रहे बाईक को पुलिस ने जप्त किया ।वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेश कुमार लेंबु सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### चंदवा में भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती


फल वितरण करते भाजपाई।

**चंदवा।** चंदवा मंडल भाजपा कमेटी के द्वारा सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर अलोदिया पंचायत के शुक्रबाजार स्थित तैलिक समाज धर्मशाला में बूथ संख्या 301, 302, 303, 304 पर कार्यक्रम आयोजित की गई। सर्व प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहु एवं मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की। मौके पर वक्ताओ ने श्रधेय अटल जी जीवनी के बारे बताया। सुशासन दिवस के मौके पर चंदवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजो के बीच फल का भी वितरण किया गया। मौके पर सुशासन दिवस मंडल के प्रभारी राज कुमार पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, कुलामन साव, देवमोहन सिंह, रामप्रसाद साहू, राजेंद्र यादव, शिवकेश्वर यादव, कृष्णा कुमार, प्रदीप ठाकुर, सूर्यनारायण साहू, मनोज पाठक, छोटू कुमार, राजकुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चोरी की दो बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

**जरमुंडी।** जिले के जरमुंडी पुलिस की सक्रियता बाइक चोरों के लिए शामत बनी हुई है। इस सिलसिले में पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। इस दौरान दो अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार अपराधी देवघर जिला के नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी संतोष छेत्री एवं जरमुंडी थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी करण मिर्धा है। पुलिस चोरों के निशानदेही पर दो चोरी की होंडा शाइन बाइक बरामद करने में सफल हुई। चोरों ने कबूलनामे में बाइक चोरी की घटना में संलिप्त रहने की बात स्वीकारी है। मामले को लेकर जरमुंडी थाना कांड संख्या 86/23 के तहत आईपीसी की धारा 414 एवं 34 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

## बिहार में 10 साल की लड़की कोरोना संक्रमित




**पटना।** बिहार में एक 10 वर्षीय लड़की की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। यह बच्ची रोहताश जिले की रहने वाली है। इसके साथ कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इनमें से दो पटना के हैं। एक व्यक्ति असम और दूसरा कर्नाटक से आया था। तीसरा गोपालगंज का है। वह ओमिक्रोन के सब वैरिएंट का मरीज है। उसे होम आइसोलेशन पर रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि बुखार और खांसी की शिकायत के बाद बच्ची का कोरोना टेस्ट कराया गया था। बच्ची का इलाज चल रहा है उसकी तबीयत अब ठीक है। उन्होंने बताया कि सोमवार को सारे राज्य में 5000 लोगों का कोरोना टेस्ट हुआ। इसी टेस्ट में रोहतास की बच्ची की कोरोना संक्रमित मिली है। आरटीपीसीआर टेस्ट की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

## नवादा में मिले दो अज्ञात शव से फैली सनसनी

**नवादा।** जिले में अकबरपुर थाने के पिरौटा गांव के बधार में मंगलवार को झाड़ी से एक अधजली पुरुष की लाश बरामद की गई है।वहीं नवादा नगर थाने के खरीदी विघा के बधार से एक महिला का शव बरामद हुआ है। दोनों लाश की पहचान नहीं हो सकी है। अकबरपुर के थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि संभावना व्यक्त की जा रही है कहीं हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से झाड़ी में फेंका गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा वैज्ञानिक जांच से सारी स्थितियों का पता लगा दिया जाएगा। अजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। महिला की पहचान करने में पुलिस जुट गई है। लाश के शरीर पर सही तरीके से चमड़े भी नहीं है। संभावना व्यक्त की जा रही का अपराधियों ने हत्या कर लाश को साक्ष्य को मिटाने के लिए झाड़ी में फेंक दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा वैज्ञानिक जान से सच्चाई का पता लगा लिया जाएगा। इस बाबत रजौली एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि लाश की पहचान के लिए व्यापक स्तर पर संपर्क किया जा रहा है। ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

## बिहार में नियोजित शिक्षकों को मिला राज्यकर्मी का दर्जा

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के नियोजित शिक्षकों को आज राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने मंगलवार को यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद कि बैठक के लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है सिख और हिंदू धर्म : गिरिराज सिंह

एजेंसी

**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह मंगलवार को वीर बलिदान दिवस के अवसर पर बेगूसराय के श्री गुरु नानक शाही गुरुद्वारा के अरदास में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सिख संप्रदाय, सिख धर्म, गुरु गोविंद सिंह और गुरु नानक नानक देव जी ने मुगलों से लड़ाई लड़कर सनातन को बचाने के लिए क्या नहीं किया। उन्होंने कहा दुर्भाग्य है कि कांग्रेसियों को इतनी बड़ी बातें कभी याद नहीं आई। आजादी के 75 साल बाद नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत की। यह आजादी के समय ही होना चाहिए। कांग्रेस के गलत नीतियों के कारण नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन



वीर बलिदानियों को किसी ने याद नहीं किया। सिख धर्म ने मुगलों से लड़ाई लड़ी, चार शहजादे को शहीद कर दिया। उनकी याद में आज बीरबल दिवस मना रहे हैं, नरेन्द्र मोदी ने इसकी शुरूआत की। सिख धर्म के गुरु ग्रंथ में 55 सौ बार राम का नाम लिखा गया है। सिख और हिंदू धर्म एक है। ओवैसी सहित जो लोग औरंगजेब को अपना पूर्वज मान रहे हैं, उन्हें सीख लेनी चाहिए। इस दौरान गिरिराज सिंह ने आईएनडीआईए गठबंधन पर भी प्रहार किया। गिरिराज सिंह कहा कि घमंडिया इंडी गठबंधन के लोग जान-बूझकर सनातन धर्म और हिंदू समाज गाली देते हैं, अपमानित करते हैं। नीतीश कुमार और लालू यादव साजिश के तहत ऐसा करवाते हैं। आज देश के अंदर इंडी घमंडिया गठबंधन कभी अखिलेश यादव के मुंह से तो कभी लालू यादव और नीतीश कुमार से बुलवाते हैं। कभी कांग्रेस और राहुल गांधी स्टालिन के पार्टी से बुलवाते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जो लोग हिंदू धर्म को गाली दे रहे हैं, हिंदू धर्म नहीं है उनसे कहता हूं कि मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लो। हिंदू धर्म ही सनातन है, सिक्ख ही भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है, भारत का अभिप्राय है। वाजपेयी जी, आडवाणी जी एवं भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन उन्हें पलटने की आदत लग गई। कुर्सी के लिए यह पलटते-पलटते अपने पूरे व्यक्तित्व को जमीन में मिला दिया। ऐसा मिलाया की ना घर के रहे ना घाट के रहे। भारतीय जनता पार्टी में उनके लिए दरवाजे बंद हैं।

## गोड्डा प्रखंड के अमलो पंचायत में अबुआ आवास के काउंटर में 500 आवेदकों ने जमा किये आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत अम्लों पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का प्रशासन के द्वारा आयोजन किया गया ।जिसमें जनता के जुड़े हुए लाभ के लिए सभी विभाग के काउंटर लगाए गए थे। लेकिन सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास के काउंटर पर देखा गया। जिसमें लगभग 500 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा शिविर में दिए गए। साथी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदक को लेकर त्वरित समाधान किया गया और कंबल वितरण भी जनता के बीच किया गया ।शिविर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल अपने पूरे टीम के साथ जिसमें सदर प्रखंड के अध्यक्ष बालमुकुंद महतो ,उपाध्यक्ष संतलाल मरांडी ,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सोम मरांडी, अमलो पंचायत झामुमो समिति के अध्यक्ष




कपिल मांझी, गौतम कुमार ,कोषाध्यक्ष बजरंग राउत, प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश कुमार सक्रिय रूप से उपस्थित रहे ।सभी काउंटरों पर जनता को सहयोग दिलाने में अपनी भूमिका निभाई और सबसे बड़ी बात यह रही की अम्लों पंचायत झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के द्वारा शिविर में पहुंचे हुए हजारों लोगों के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के तरफ से भोजन का व्यवस्था किया गया था ।जिसका लाभ देर संध्या तक ग्रामीणों ने उठाया ।मीडिया को संबोधित करते हुए राजेश मंडल ने कहा हेमंत सरकार गांव गरीब की सरकार है और गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकताओं को है ।साथ ही कोई भी ग्रामीण इस बात के विषय में संशय में ना रहे ,कि किसी योजना का लाभ लेने के लिए प्रखंड कार्यालय के द्वारा किसी भी तरह की अनुमितता की जाएगी । अबूआ आवास के लिए तीन चरणों में निरीक्षण करने के बाद ही सही लागू को हर हाल में लाभ पहुंचाया जाएगा। राजेश मंडल केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी ।

## पुलिस कर्मियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण



**पाकुड़।** पुलिस केंद्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में पुलिस अधीक्षक हर्दीप पी जनार्दनन ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के निदेशों के पालन में निष्पक्ष, निर्विरोध पारदर्शी चुनाव कराने के संबंध में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया है। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के नियमों को कड़ाई से पालन कराने के लिए निर्देश दिए। साथ ही निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लागू होने वाले संपित्त विरूपण अधिनियम, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, लोक प्रतिनिधित्व एक्ट व भारतीय दंड विधान सहित अन्य आवश्यक अधिनियम की जानकारी दी। चुनाव आचार संहिता के तहत पुलिस को आदर्श आचरण करने और राजनीतिक पार्टियों पर आचरण संहिता का उल्लंघन करने पर की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। चुनाव के संबंध में विशेष कानूनी प्रावधानों, संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों, चेकिंग नाका, एफएसटी, एसएसटी, सेक्टर पुलिस मोबाइल और मतदान केंद्रों पर की जानी वाली कार्रवाई के संबंध में मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डीएसपी बैजनाथ प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, प्रशिक्षु डीएसपी अजय आर्यन, इंस्पेक्टर उमाशंकर सहित जिले के सभी थानों से आए अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत



**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर एलआईसी कॉलोनी के पास ट्रैक्टर के धक्का से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार को शाम में हुई। मृतक बाइक सवार युवक की पहचान रामगढ़ प्रखंड के कुशियाम निवासी दीवाकर कुमार के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक बाइक से एलआईसी ऑफिस किसी काम से आया था। काम पूरा कर वापस घर की ओर लौट रहा था कि बालू लोड ट्रैक्टर से जा टकराया और उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर फूलों-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर ली है। घटना की खबर उसके परिजनों को दे दी गई है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

## प्रदूषण नियंत्रण को लेकर लोकल कमेटी की एसडीओ ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रदूषण नियंत्रण को समाहरणालय स्थित एसडीओ कार्यालय कक्ष में लोकल लेवल मोनेटरिंग कमेंटी की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ कौशल कुमार ने की। बैठक में स्टेक होल्डर और विभाग के अधिकारी शामिल हुए। एसडीओ कौशल कुमार ने प्रदूषण से जुड़े तमाम बिंदुओं की समीक्षा करते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए काम और शेष कार्य की जानकारी ली।

इस अवसर पर एसडीओ ने कहा कि कुछ दिनों बाद डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नियंत्रण समिति की बैठक होनी है। लेकिन उसके पूर्व स्थल निरीक्षण कर प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए कार्य का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकारी एजेंसी को हर हाल में प्रदूषण नियंत्रण के



लिए तमाम उपाय करने होंगे। ताकि आम लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सके। यहां बता दें कि लगभग 2 वर्ष पूर्व दुमका रेलवे स्टेशन परिसर से कोल डंपिंग यार्ड की शुरूवात हुई है। पाकुड़ से सड़क मार्ग से कोयला दुमका रेलवे स्टेशन पहुँचाया जाता है। जहाँ से गुड्स ट्रैन से देश के अन्य हिस्सों में कोयला भेजा जाता है। जब से कोल डंपिंग यार्ड की शुरूवात हुई तब से प्रदूषण यहां एक गभीर समस्या बन कर उभरी है। इस मुद्दे को लेकर रसिकपुर सहित आस-पास के लोग और कई संगठन लगातार आंदोलन कर रहे है। कोल डंपिंग यार्ड चालू होने से उत्पन्न समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने एनजीटी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिकायत की थी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लोकल लेवल मोनेटरिंग कमिटी के गठन किया गया। जिसके पदेन अध्यक्ष एसडीओ को बनाया गया। ताकि समय समय पर प्रदूषण के स्तर की समीक्षा की जा सके।

## दुमका से चोरी हुई बाइक साहिबगंज से बरामद, चार गिरफ्तार

- चोरों के निशानदेही पर दुमका के बढइपाड़ा से दो अन्य बाइक समेत चार बाइक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी मामले में पुलिस को एक बार फिर सफलता मिली है। पुलिस चोरी की चार बाइक बरामद करते हुए दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। मामले का उद्भेदन एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर बताया। एसपी श्री खेरवार ने बताया कि जिले में हो रहे वाहन चोरी की घटना से संबधित कांडो के उदभेदन करने





को लेकर संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गई वाहनो की बरामदगी को विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम बीते 245 दिसंबर को साहेबगंज जिला के राजमहल थाना क्षेत्र में छापामारी कर दो चोर को गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में थाना क्षेत्र के कछुवाकोल नारायपुर गांव निवासी अब्दुल मोतालिक एवं मानसिंग्हा गांव निवासी अकरम शेख है। गिरफ्तार चोरों के पास से पुलिस चोरी के दो बाइक बरामद की। बरामद बाइक की चोरी की प्राथमिकी दुमका नगर थाना कांड सं-289/23 एवं काठीकुण्ड थाना कांड सं-64/23 दर्ज थी। इसके आलावे अपराधियों के पास से लॉक तोड़ने का औजार एंव मास्टर चाभी भी पुलिस बरामदगी की है। पूछताछ के बाद अपराधियों के निशानदेही पर दुमका नगर थाना क्षेत्र के बढ़ईपाड़ा स्थित अन्य अपराधी अंजन साह के घर के पास पोखरा के पास से चोरी की एक अपाची एवं एक सीवी जेड बाईक बरामद की। इस संबध में दुमका नगर थाना में अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी नगर थाना कांड सं-304/23 के धारा-413/414/34 भादवि है ।एसपी ने बताया कि टीम लगातार छापामारी में लगी है। भविष्य में अन्य अपराधो में संलिप्त अपराधी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी संभव है। पकड़े गये दोनो अपराधकर्मी आदतन अपराधी है। पूर्व से कई काण्ड दर्ज है।

गिरफ्तारी टीम का नेतृत्व एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा कर रहे थे। टीम में नगर थाना प्रभारी अतिन कुमार एवं काठीकुंड थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

खबर एक नजर में

## महिला का शव बरामद, दुष्कर्म कर हत्या किये जाने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



**पश्चिमी सिंहभूम।** चक्रधरपुर थाना अंतर्गत पदमपुर गांव के ऊपर टोला के खेत में मंगलवार सुबह एक अज्ञात महिला का पुलिस ने शव बरामद किया है। महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची चक्रधरपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस महिला की आयु 45 वर्ष के आसपास प्रतीत होती है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। आसपास के गांवों के लोगों को भी पहचान के लिए बुलाया गया है।

## बांका में दर्दनाक हादसा, आग में झुलसकर दो मासूम भाइयों की मौत; बचाने में मां-बाप भी झुलसे



**बांका।** टाउन थाना क्षेत्र की जमुआ पंचायत की मदौड़ा गांव में मंगलवार तड़के करीब 3 बजे झोपड़ी में आग लगने से दो मासूम सगे भाइयों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बच्चे को बचाने में माता-पिता भी जख्मी हो गए। झोपड़ी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के वक्त झोपड़ी में टोटो चार्ज हो रहा था। इस दर्दनाक हादसे के बाद बांका सीओ अमित कुमार रंजन और टाउन थानाध्यक्ष राकेश ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। इस बीच पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में दुर्घटना के बाद मातमी सन्नाटा पसरा हुआ दिखा।

पेज 1 का शेष

## आरबीआइ को उड़ाने...

ईमेल में यह भी कहा गया था कि दोपहर 1.30 बजे बम धमाके होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक धमकी भरे ईमेल में लिखा था, 'मुंबई में हमने अलग-अलग जगहों पर 11 बम लगा दिये हैं। आरबीआई ने प्राइवेट सेक्टर के बैंकों के साथ मिलकर भारत के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला किया है। इस घोटाले में आरबीआई गर्वनर शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं। इसके अलावा भारत के कुछ जानेमाने मंत्री और अधिकारी भी इसका हिस्सा हैं। हमारे पास इसके पर्याप्त सबूत भी हैं।' इस ईमेल में आगे कहा गया, हम आरबीआई गवर्नर और वित्त मंत्री का तत्काल इस्तीफा मांगते हैं। वे घोटाले की पूरी जानकारी देते हुए अपना पद छोड़ दें। इसके अलावा हम इस घाटाले में शामिल अन्य लोग भी इस्तीफा दे दें। उन्हें दंड मिलना चाहिए। आरबीआई के हेड गार्ड संजय हरिश्चंद्र पवार की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक धमकी वाला मेल मंगलवार को दोपहर दो बजे आया था। इसी साल सितंबर में एक महिला ने मुंबई पुलिस को फर्जी फोन कर बम होने की खबर दी थी। हालांकि बाद में जब पुलिस ने जांच की तो मौके पर से कोई भी बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अगस्त में मुंबई पुलिस को तीन बार बम की धमकी मिली थी।

## विपरीत परिस्थितियों में...

**आधारभूत संरचना पर फोकस :** सीएम ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर सरकार का विशेष फोकस है। राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने पर सरकार का विशेष ध्यान है। पहले आप अपनी समस्याओं को लेकर इधर उधर भटकते रहते थे। दलालों के चक्कर में फंस जाते थे। पर कोई लाभ नहीं होता था। लेकिन, आज सरकार आपका दरवाजा खटखटा रही है। पंचायतों में लग रहे शिविर में अधिकारी दल बल के साथ पहुंच रहे हैं और आपकी समस्या का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं से आपको जोड़ रहे हैं। इस जिले में 650 करोड़ रुपये की लागत से 800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें और करीब 225 करोड़ रुपये से 115 किलोमीटर उच्चस्तरीय सड़क बन रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूपीएससी तथा जेपीएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को लेकर इंटीग्रेटेड कोचिंग सेंटर, ब्लॉक कंप्यूटर सेंटर और माइनिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर का भी उदघाटन किया।

## वीर साहिबजादों का...

**वीर माताओं को राष्ट्रीय श्रद्धांजलि :** पीएम ने बाबा मोती राम मेहरा के परिवार के बलिदान और दीवान टोडरमल की भक्ति को याद करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस उन माताओं के लिए एक राष्ट्रीय श्रद्धांजलि है जिन्होंने अद्वितीय साहस वाले बहादुरों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि गुरुओं के प्रति यह राष्ट्र के सच्ची भक्ति ज्वाला को प्रज्वलित करती है। श्री मोदी ने कहा कि वीर बाल दिवस अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है क्योंकि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और यूनान में वीर बाल दिवस से संबंधित कार्यक्रम देखे गए है। पीएम ने चमकौर और सरहिंद की लड़ाई के अतुलनीय इतिहास को याद करते हुए कहा कि इस इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने क्रूरता और निरंकुशता का सम्मान के साथ सामना किया। **युवाओं के सामने बड़ा अवसर :** पीएम ने भारत की युवा शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश में युवाओं की आबादी आजादी की लड़ाई के दौरान की तुलना में कहीं ज्यादा है और युवाओं की वर्तमान पीढ़ी देश को अकल्पनीय ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। पीएम ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष हमारे युवाओं के लिए बड़े अवसर ला रहे हैं। भारत के युवा, चाहे वे किसी भी क्षेत्र या समाज में पैदा हुए हों, उनके असीमित सपने हैं। इन सपनों को पूरा करने के लिए सरकार के पास स्पष्ट रोडमैप और स्पष्ट दृष्टिकोण है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 10 हजार अटल टिंकरिंग लैब्स और जीवंत स्टार्टअप संस्कृति को सक्षम बनाने का उल्लेख किया।

## पोतों पर हमलावरों...

नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज को सहायता प्रदान करने के लिए कई पोत तैनात किये हैं। भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम के सुरक्षा घेरे में पोत सकुशल मुंबई तट पर पहुंच गया है। वाणिज्यिक कच्चे तेल के टैंकर पर कथित तौर पर दक्षिणी लाल सागर में ड्रोन हमला हुआ था। इस बीच, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए चार विध्वंसक तैनात हैं। उन्होंने कहा कि पी-8आई विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज सभी को समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों के खतरों का मुकाबला करने के लिए संयुक्त रूप से तैनात किया गया है।

# यूट्यूब पर पीएम मोदी के हुए 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स

## दुनियाभर के नेताओं को पछाड़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स तक पहुंचने वाले पहले विश्व नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी एकमात्र विश्व नेता हैं, जिन्होंने अपने निजी यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर होने का गौरव हासिल किया है। वह अन्य वैश्विक और भारतीय समकालीनों से काफी आगे हैं। वास्तव में दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले वैश्विक नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके सिर्फ 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो नरेन्द्र मोदी यूट्यूब चैनल के एक तिहाई से थोड़ा कम है। सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करने वाले नरेन्द्र मोदी चैनल ने न केवल भारत में राजनीतिक समकक्षों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि सब्सक्राइबर्स संख्या और वीडियो दृश्य दोनों के मामले में वैश्विक नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। यह घोषणा तब हुई जब चैनल ने 4.5 बिलियन (450 करोड़) वीडियो व्यूज का प्रभावशाली मील का पत्थर हासिल किया, जिससे लोकप्रिय वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक संचार के क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत हो गई। भारत में भी पीएम मोदी के यू ट्यूब चैनल से राहुल गांधी के यू ट्यूब चैनल की तुलना की जाए तो राहुल लोकप्रियता के मुकाबले में खड़े नहीं हो पाते। राहुल गांधी के सिर्फ 22.5 लाख सब्सक्राइबर हैं। जबकि नरेन्द्र मोदी के चैनल ने साल 2023 में अपना सब्सक्राइबर बेस तीन गुना बढ़ाते हुए और 63 लाख लोग जोड़े मोदी के यू ट्यूब चैनल ने 2023 में ही राहुल गांधी, कांग्रेस के दूसरे नेताओं, आप के नेताओं से चार गुना ज्यादा व्यूवरशिप बटोरी। सरकारी सूत्रों के मुताबिक बताते हैं कि राहुल गांधी, कांग्रेस के दूसरे नेताओं, आप के नेताओं के सब्सक्राइबरों को जोड़ने के बाद भी वो मोदी के यूट्यूब चैनल क नजदीक नहीं फटक पाए।

## प्रधानमंत्री आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से करेंगे बातचीत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस साल 15 नवंबर को इसकी शुरूआत के बाद से प्रधानमंत्री देशभर के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन बार (30 नवंबर, 9 दिसंबर और 16 दिसंबर) बातचीत हो चुकी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया वाराणसी यात्रा के दौरान 17-18 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया किया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनका लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे।

# बंगाल में भाजपा की 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन

एजेंसी

- बंसल, मालवीय, आशा लकड़ा व मंगल पांडे होंगे पर्यवेक्षक
- समिति बंगाल की 42 लोकसभा सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची भी तैयार करेगी

**कोलकाता।** भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया। सूत्रों ने कहा कि चुनाव प्रबंधन समिति का गठन यहां भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई की कोर कमेटी की बैठक के दौरान किया गया जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। रिपोर्ट के अनुसार समिति के चार सदस्य सुनील बंसल, अमित मालवीय, आशा लकड़ा और मंगल पांडे पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। समिति के अन्य दिग्गज सदस्यों में राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और पूर्व राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा सहित अन्य शामिल होंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि समिति पश्चिम बंगाल में सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होगी, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार के कार्यक्रम और प्रकृति को अंतिम रूप देना भी शामिल है। समिति पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची भी तैयार करेगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा एक दिवसीय दौरे पर आज मंगलवार को कोलकाता में थे। उन्होंने गुरुद्वारे में प्रार्थना और कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना के बाद तीन बड़ी सांगठनिक बैठकें की है। इसमें

**कोर कमेटी की बैठक में अमित शाह और जेपी नड्डा ने किया एलान**



सोशल मीडिया संभालने वाली आईडी टीम के अलावा विभिन्न मोर्चे के प्रभारी और बाद में राज्य भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी बैठक हुई। इसी दौरान चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में पांच साल तक गरीब परिवारों को मुफ्त मिलेगा चावल

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पांच साल तक गरीब परिवारों को निःशुल्क चावल मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरीब परिवारों को अगले पांच सालों तक दी गई निःशुल्क चावल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में भी गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक निःशुल्क चावल देने का निर्णय लिया है। इसके चलते उचित मूल्य दुकानों से गरीब परिवारों को नए साल में जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक निःशुल्क चावल मिलेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस फैसले से प्रदेश के अंत्योदय, प्राथमिकता, दिव्यांग और एकल निराश्रित श्रेणी के 67 लाख 92 हजार 153 पात्र राशन कार्डधारियों को पात्रतानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत

**मोदी की गारंटी : जनवरी से राशन दुकान में मिलेगा चावल : मुख्यमंत्री**



अंत्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्डों पर आगामी पांच वर्ष तक मासिक पात्रता का चावल निःशुल्क वितरण किए जाने के तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ में निःशुल्क चावल वितरण के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंत्योदय श्रेणी के 14 लाख 92 हजार 438, प्राथमिकता श्रेणी के 52 लाख 46 हजार 656, एकल निराश्रित श्रेणी के 37 हजार 708 और दिव्यांग श्रेणी के 15 हजार 351 राशन कार्डधारियों को लाभ मिलेगा।

# साहिबजादों की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के शहादत दिवस के रूप में मनाए जा रहे वीर बाल दिवस के मौके पर केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और अरदास की। इस मौके पर उन्होंने गुरुद्वारे में सेवा भी की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत हमें सदैव बलिदान, त्याग और वीरता का संदेश देती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस के माध्यम से साहिबजादों की वीर गाथा व समर्पण भाव को जन-जन तक पहुंचाने का अभिनंदनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस के अवसर पर धर्म, राष्ट्र व मातृभूमि की रक्षा में गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को नमन करता हूं। उनका त्याग, बलिदान और समर्पण युगों-युगों तक प्रेरणादायी



रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व वीर बाल दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर पूरे भारत के युवाओं से नशा मुक्त होकर खेलों को अपनाने का आह्वान किया है। विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब भारत का युवा फिट हो और नशा मुक्त हो। प्रधानमंत्री ने युवाओं से माय भारत प्लेटफार्म से जुड़कर फिजिकल और डिजिटल एक्टिविटी के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का भी आह्वान किया है।

## यूपी पुलिस भर्ती में सभी अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन साल की छूट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को इस बार होने वाली पुलिस भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दिये जाने के निर्देश दिये हैं। लंबे समय बाद हो रही पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग की जा रही थी। उप्र सरकार ने पुलिस विभाग में 62 हजार से अधिक सिपाहियों की भर्ती निकाली है। भर्ती निकलने के युवा आयु सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सरकार के इस कदम से बड़ी संख्या में उन युवाओं को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा जो आयु सीमा पार करने की वजह से इससे वंचित रह जा रहे थे। पहले पुरुषों के लिए 18 से 22 साल की आयु सीमा तय की गयी थी। महिलाओं के 18 से 25 वर्ष रखी गयी थी। एससी, एसटी और ओबीसी के अभ्यर्थियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच-पांच वर्ष की छूट का प्रावधान किया गया था।



**तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने मंगलवार की शाम को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। रेड्डी ने प्रधानमंत्री के समक्ष तेलंगाना से जुड़ी विकास परियोजनाओं की चर्चा की। तेलंगाना में नयी सरकार के गठन और कार्यभार संभालने बाद मुख्यमंत्री रेवंत और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने पहली बार प्रधानमंत्री से मुलाकात की है।**

# अभिनेता रोनित रॉय ने अपनी पत्नी से फिर की शादी

**मुंबई।** एक्टर रोनित रॉय तीसरी बार शादी के बंधन में बंध गए हैं। रोनित ने एक बार फिर अपनी पत्नी नीलम बोस रॉय से शादी की है। 58 साल की उम्र में एक्टर ने 20वीं सालगिरह के मौके पर हिंदू रीति-रिवाज से फिर से शाही अंदाज में विवाह किया। इस विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रोनित और नीलम की शादी 2003 में हुई थी। अब 20 साल बाद एक बार फिर ये दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। रोनित ने सोशल मीडिया पर शादी समारोह की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। एक वीडियो में रोनित अपनी पत्नी के साथ लिप-लॉक करते नजर आ रहे हैं। फैंस को ये वीडियो काफी पसंद आया है। रोहित के दोबारा शादी करने पर फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की है। शादी की तस्वीरें और वीडियो शेयर करने से



पहले रोनित ने शंकर मंदिर से कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस को हिंट दिया था। वीडियो शेयर करते हुए रोनित ने लिखा कि मंदिर में भारी तैयारियां चल रही हैं। आज एक बार फिर मेरी शादी हो रही है। आपकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद की जरूरत है। रोनित की पहली शादी जोआना से हुई थी, लेकिन किसी वजह से ये अलग हो गए। इसके बाद रोनित ने एक्ट्रेस नीलम सिंह से तीन साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी कर ली थी। नीलम ने फिल्म सिलसिला है प्यार का और सुराग जैसे कई सीरियल्स में काम किया है।

## फिल्म डंकी ने दो सौ करोड़ की कमाई की

**बॉलीवुड** किंग शाहरुख खान की फिल्म डंकी को सिनेमाघरों में रिलीज हुए पांच दिन हो गए हैं। शाहरुख खान अभिनीत यह फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। पठान और जवान के बाद शाहरुख खान की साल में यह तीसरी फिल्म है। शाहरुख की दोनों फिल्म के मुकाबले डंकी को उतनी कामयाबी नहीं मिली है, फिर भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। डंकी ने पांच दिन म बॉक्स आफिस में 128.13 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, डंकी की कमाई में पांचवें दिन थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। सोमवार को फिल्म ने 22.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया



है। फिल्म डंकी ने पहले दिन 30 करोड़ की बंपर ओपनिंग की थी। सालार की रिलीज के दूसरे दिन डंकी की कमाई में थोड़ी गिरावट आई। डंकी ने दूसरे दिन 20.12 करोड़, तीसरे दिन 25.61 करोड़ और चौथे दिन 31.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। राजकुमार हिरानी की निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में हैं।

## कॉमेडियन नील नंदा का निधन

**मुंबई।** लोकप्रिय हास्य अभिनेता नील नंदा का निधन हो गया। वे 32 वर्ष के थे और लॉस एंजिल्स में रहते थे। उनकी मौत की वजह अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन उनकी मौत की खबर सुनकर फैंस सदमे में हैं। उन्होंने एक दिन पहले अपना जन्मदिन मनाया था। इसकी पुष्टि नील के मैनेजर ग्रेग वाइज ने की है। सोशल मीडिया पर नील के लाखों फॉलोअर्स हैं। भारतीय मूल के नील को बचपन से ही कॉमेडी का बहुत शौक था। पिछले 11 साल से नील के मैनेजर ग्रेग वाइज ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि नील का निधन हो गया। मैं नील को तब से जानता हूं, जब वह 19 साल का था। नील की मौत के कारण के बारे में कोई जानकारी जारी की है। नील के फैंस सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि देने का तांता लगा है।

## एक नजर में

### क्रिसमस पर पहली बार बेथलहम में सन्नाटा



**यरुशलम।** युद्ध के चलते क्रिसमस पर ईसा मसीह की जन्मभूमि बेथलेहम में पहली बार सन्नाटा पसरा है। वहां रहने वाले ईसाइयों ने गिरजाघर में एक मोमबत्ती जलाकर फलस्तीनी क्षेत्र में शांति के लिए प्रार्थना की। बेथलेहम इजराइल के कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र वेस्ट बैंक का शहर है। इजराइली वायुसेना के हवाई हमले मध्य रात्रि से कुछ पहले शुरू हुए और उसके बाद सुबह तक अनवरत जारी रहे। इस हमल में 100 से अधिक फिलस्तीनी नागरिकों के मारे जाने की आशंका है। फिलस्तीनी मीडिया के अनुसार, इजराइली सेना के हमलों के निशाने पर अब मध्य गाजा का क्षेत्र है। वहां पर रात-दिन बमबारी और गोलाबारी हो रही है। इजराइल के ताजा हमलों में मरने वाले ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। ज्यादातर लोग अल-बुरेज, अल-नुसीरत और मेघाजी शहरों में मारे गए हैं। दक्षिण के बड़े शहर खान यूनिस में बीती रात के हवाई हमलों में 23 लोग मारे गए हैं। मध्य गाजा के शहरों और खान यूनिस में मारे गए लोगों की कुल संख्या 100 है।

### राष्ट्रपति से मिले सेना प्रमुख जनरल पांडे



**नयी दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति के कार्यालय ने बैठक की एक तस्वीर के साथ एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए राजौरी-पुंछ सेक्टर का दौरा किया था। उन्होंने पुंछ-राजौरी सेक्टर में उस इलाके का भी दौरा किया था, जहां हाल ही में सुरक्षा बलों पर हमले हुए हैं।

### शहीद के परिजनों को मिले 50 लाख रुपये



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मंत्री राजीव सचान ने जम्मू-कश्मीर में बलिदान हुए जवान करन सिंह यादव के परिजनों को मंगलवार को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा। सचान ने वीर जवान के परिजनों को सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। एक दिन पहले सोमवार को वीर जवान का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिछले हफ्ते करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों के खिलाफ अभियान के दौरान शहीद हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीर जवान के परिजनों को 50 लाख रुपये के आर्थिक सहायता की घोषणा की थी। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भाऊपुर माधौसिंह निवासी बालकराम का 30 वर्षीय पुत्र करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर में तैनात था। पुंछ में करन सिंह यादव समेत चार जवान शहीद हो गए थे।

### अंबिकापुर में भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**अंबिकापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में मंगलवार की दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसकी तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 3.3 नापी गई है। किसी जानमाल की हानि की कोई खबर नहीं है। इसका केंद्र 132 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के सिंगरौली में था। जुलाई 2022 से सरगुजा संभाग में 6 बार भूकंप आया है। सरगुजा संभाग भूकंप के लिहाज से फाल्ट जोन में माना जाता है।

### जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे केंद्र : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में अब विलंब नहीं करना चाहिए। खड़गे ने मंगलवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को मोदी सरकार ने धोखा दिया है। वहां आतंकी घटनाएं चरम पर हैं। कश्मीरी पंडितों पर आज भी हमले हो रहे हैं। वहां आए दिन आतंकी घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वहां के लोगों ने कांग्रेस के साथ एकजुटता दिखाई थी। खड़गे ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर व लद्दाख से आए पार्टी नेताओं के साथ उन्होंने बैठक की। इस दौरान राज्य के अनेक मुद्दों व लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई।

### सेंसेक्स और निफ्टी में तीसरे दिन भी तेजी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक को छोड़कर शेष अठारह समूहों में हुई लिवाली कि बदौलत शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी तेजी बरकरार रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 229.84 अंक की छलांग लगाकर 71,336.80 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 91.95 अंक की तेजी के साथ 21,441.35 अंक पर पहुंच गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की गति अधिक तेज रही। इससे बीएसई का मिडकैप 0.72 प्रतिशत उछलकर 36,139.73 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत चढ़कर 42,203.11 अंक हो गया। बीएसई में टेक और आईटी में 0.25 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में जमकर लिवाली हुई। कमोडिटीज 1.36, सीडी 0.39, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 0.24, हेल्थकेयर 1.13, इंडस्ट्रियल्स 0.91, दूरसंचार 0.42, यूटिलिटीज 1.56, ऑटो 0.91, बैंकिंग 0.56, रियल्टी 0.27 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.40 प्रतिशत चढ़ गए।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



# एतिहासिक इमारतों को गोद लेने का प्रचलन

बहुत कम भारतीय ही इससे असहमत होंगे कि भारतीय ऐतिहासिक स्मारकों की यात्रा से जुड़ा अनुभव असुविधाजनक होता है। एशिया के अन्य देशों में पर्यटकों को जो बुनियादी सुविधाएं आसानी से मिल जाती हैं वे भारत में नदारद होती हैं। लचर निगरानी होने से इन पुरानी इमारतों की दीवारें भी बदरंग रहती हैं। ऐतिहासिक इमारतों एवं पर्यटक स्थलों की सही देखभाल के लिए पर्यटन मंत्रालय एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के पास पर्याप्त फंड नहीं होने की समस्या साफ नजर आती है। घरेलू पर्यटकों के लिए टिकटों का मूल्य काफी कम रखने की बाध्यता ही जरूरी फंड के अभाव के लिए जिम्मेदार है। इस कमी को दूर करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में कॉर्पोरेट क्षेत्र को भागीदार बनाने का फैसला किया। इसने 2016 में ही कॉर्पोरेट घरानों से ऐतिहासिक इमारतों को 'गोद' लेने का न्योता दिया ताकि उनकी सही तरह से देखभाल की जा सके। दिल्ली के लोदी गार्डन स्थित स्मारकों और जंतर मंतर से लेकर महाबलीपुरम के मंदिरों और वारंगल किले की देखभाल के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियां आगे आईं। पर्यटन मंत्रालय को अपना यह फैसला कुछ हद तक सफल होता दिखा तो उसने गत वर्ष सितंबर में 'स्मारक मित्र' योजना के दायरे में निजी क्षेत्र को लाने का भी फैसला कर लिया। इस योजना के तहत पहला अनुबंध डालमिया भारत समूह को मिला है। डालमिया अगले पांच वर्षों तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला को गोद लेगा। लेकिन जनमानस में लाल किले के प्रति खास लगाव को देखते हुए सरकार का यह फैसला विवादों में आ गया है। लोगों को लग रहा है कि जिस ऐतिहासिक इमारत के प्राचीर से प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर पूरे देश को संबोधित करते हैं, उस 'राष्ट्रीय' स्मारक की एक निजी कंपनी द्वारा 'ब्रांडिंग' करना खासा असुविधाजनक है। भारत के अग्रणी पर्यटक स्थल ताजमहल की देखभाल के अनुबंध के लिए भी आईटीसी और जीएमआर के बीच मुकाबला चल रहा है। देखभाल के लिए तैयार सहमति पत्र का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इमारतों के संरक्षण एवं संवर्द्धन का काम अब भी एएसआई ही करेगा जबकि संबद्ध कंपनी बुनियादी एवं उन्नत सुविधाएं प्रदान करेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालयों के अलावा एएसआई के सदस्यों वाली एक निगरानी समिति इन स्मारकों पर मुहैया कराई जा रही सुविधाओं पर नजर रखेगी। स्मारक की कानूनी हैसियत और उसके विकास का दायित्व भी एएसआई में ही निहित रहेगा।

भले ही अनुबंध की शर्तें देखने में स्वीकार्य लगती हैं लेकिन इसमें शंका की पर्याप्त गुंजाइश है। स्मारकों की सुंदरता को बनाए रखना ऐसी ही एक आशंका है। अभी तक ऐतिहासिक स्थानों की देखरेख का जिम्मा उठा रही सार्वजनिक इकाइयों ने अपनी ब्रांडिंग से परहेज ही किया है। सवाल है कि क्या निजी कंपनियां भी ऐसा ही रवैया अपनाएंगी जबकि ब्रांडिंग उनके प्रतिस्पर्द्धी भाव का अहम हिस्सा है। इमारतों की देखभाल का इन कंपनियों के पास कोई अनुभव नहीं होने से ऐसा हो पाना और भी मुश्किल हो सकता है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि लाल किले के इर्दगिर्द संबंधित कंपनी के बैनर-पोस्टर नजर आने लगें और इसका पुरातात्विक गौरव कहीं क्षीण न हो जाए। स्मारक मित्र योजना में किए जाने व्यय को कंपनी के सामाजिक दायित्व (सीएसआर) का हिस्सा बनाए जाने से प्रचार-प्रसार की आशंका और अधिक लग रही है। सवाल है कि क्या पर्यटन मंत्रालय पुरानी इमारतों के संरक्षण में महारत रखने वाली एजेंसियों पर भरोसा नहीं कर सकता था? काफी कुछ इस पर निर्भर करेगा कि यह समझौता किस तरह अमल में लाया जाता है?

देश के धरोहर स्थल

## होशंगावाद का किला रखरखाव के अभाव में जर्जर



नर्मदा तट पर बना प्राचीन ऐतिहासिक होशंगशाह का किला उपेक्षा के चलते धीरे-धीरे धराशायी होता जा रहा था। प्राचीन धरोहर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर बीच में प्रशासन ने रूचि लेना शुरू किया। इस दौरान लगा कि जल्द ही किले को रूप संवर जाएगा, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब एक बार पुन? उपेक्षा के चलते किले का रूप उजड़ने लगा है।

शहर की प्राचीन धरोहर को बचाने के लिए इसकी सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के प्रयास जब शुरू हुए, तो लोगों को उम्मीद जगी की किले के दिन फिरेंगे। परिसर की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए काम भी शुरू हुआ था। किले को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना थी। इसके लिए आनन-फानन में सफाई की गई और सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल बनाई गई। इसके अलावा अधिकारियों के दल ने किले का निरीक्षण कर इसके जीर्णोद्धार के बारे में मंथन किया था।

**तत्कालीन कलेक्टर ने की थी पहल :** किले की सूरत बदलने के लिए तत्कालीन कलेक्टर राहुल जैन ने पहल की थी। इसके बाद प्राचीन किले के दिन फिरने लगे थे। लेकिन कुछ दिन तक तो काम हुए और फिर इस तरफ से ध्यान हटा लिया गया। इससे सौंदर्यीकरण का काम ठप हो गया।

**50 लाख से हो रहे थे कार्य :** जिला प्रशासन की नाजरात शाखा से 20 लाख की राशि और नगरपालिका से 30 लाख की राशि से परिसर और किले में सुधार कार्य शुरू हो गए थे। निर्माण कार्यों के साथ ही यहां नाले के कटाव को रोकने के लिए काम होना था। इसके अलावा पर्यटकों के लिए बैंच रखी जाना थी। बाउंड्रीवाल और पार्क के काम ने भी गति पकड़ ली थी।

**झेली हैं कई बाढ़ :** मां नर्मदा के तट पर बने इस किले ने नर्मदा में आई वर्ष 1926, 1973, 1999 और 2013 सहित पूर्व की कई बार आई बाढ़ को झेला है और कटाव होने से रोका है। किले का जिस समय निर्माण हुआ, उस समय ईंट का प्रचलन नहीं था। पूरा किला पत्थर, बील, चूना तथा प्राचीन पद्धति से बना हुआ है। जीर्ण-शीर्ण होने के बाद भी किले का जो हिस्सा खड़ा है, उसकी मजबूती सैकड़ों वर्ष बाद भी देखी जा सकती है।

**लिखी थी कविता :** देश के जाने माने सुप्रसिद्ध राष्ट्रकवि पं. भवानीप्रसाद मि ने इसी किले के समीप स्थित मंगलवारा घाट के पास बैठकर किले के राजा रानी से संबंधित सन्नाटा नामक कविता लिखी है। यह कविता भवानी दादा की प्रमुख कविता में से है। पहले कोर्स में यह कविता पढ़ाई जाती थी अब हटा दी गई है। नगर पालिका अध्यक्ष माया नारोलिया ने कहा था कि कविवर भवानीदादा कि इस कविता का फोटो सहित होर्डिंग लगाया जाएगा। लेकिन इस बीच चुनाव आ गए और होर्डिंग नहीं लग सका है। किले के सौंदर्यी करण का कार्य परिषद में स्वीकृत कार्य है इसे गति मिलना चाहिए। लेकिन कुछ माहों से किले के पास कोई कार्य नहीं हो रहा है।

# गालिब ने 1857 के गदर पर कलम क्यों नहीं उठाई?




आर.के. सिन्हा

**मिर्जा** मोहम्मद असादुल्लाह बेग खान यानी मिर्जा गालिब एक से बढ़कर एक कालजयी शेर कहते हैं। कौन सा हिन्दुस्तानी होगा जिन्हें गालिब साहब के कहे ह्लहजारों ख्वाहिशें ऐसीं, कि हर ख्वाहिश पर दम निकले, बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले...ह्व और ह्लहमको मालूम है जन्नत की हकीकत, लेकिन, दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है...ह्व जैसे शेरों को सुन-सुनकर आनंद न मिलता हो।

गालिब अपनी शायरी में वे सारे दुख, तकलीफ और त्रासदियों का जिक्र करते हैं जिससे वे महान शायर बनते हैं। लगता है कि गालिब में भी एक आम आदमी की कई कमजोरियां थीं। गालिब ने अपने जीवन में भी कई दुःख देखे। उनके सात बच्चे थे लेकिन सातों की मृत्यु हो गई थी। उनकी माली हालत तो कभी बहुत बेहतर नहीं रही। वे जीवनभर किराये के घर में ही रहे। दिल्ली-6 में जहां गालिब की यादगार बनी है, वे वहां पर ही वे एक किराये के घर में रहते थे। वे मशहूर तो अपने जीवनकाल में हो गए थे, पर पर्याप्त पैसा उनके पास नहीं था।

खैर, मिर्जा गालिब वर्ष 1827 में दिल्ली से कोलकाता गए थे। वे दिल्ली से कोलकाता जाते वक्त कानपुर, लखनऊ, बांदा, इलाहाबाद होते हुए बनारस पहुंचे। वे बनारस में छह महीने ठहरे। वहां गालिब ने दिल्ली और दिल्ली के अपने दोस्तों को भी बड़ी शिद्दत के साथ याद किया। गालिब लिखते हैं कि जब से किस्मत ने उन्हें दिल्ली से बाहर निकाल दिया है, उनके जीवन में एक तूफान उठ खड़ा हुआ है। अब न कोई उनका हमदर्द है न ही उनका कोई वतन है। अपने उसी बनारस प्रवास के दौरान गालिब ने बनारस के बारे में फारसी में एक प्रसिद्ध मसनवी की रचना की, जिसे ह्यचिराग-ए-दैरह्ण के नाम से जाना जाता है। मसनवी उर्दू कविता का ही एक है रूप जिसमें कहानी किस्से रचे जाते हैं। गालिब ने अपनी इस मसनवी में बनारस के तमाम रंगों और विविध छटाओं को बखूबी उकेरा है।

गालिब 29 नंवबर 1829 को वापस अपने शहर दिल्ली आ गए। उसके बाद उनके बल्लीमरान के घर में फिर से दोस्तों आना-जाना चालू हो गया। उनका शेष जीवन दिल्ली की गलियों में ही गुजरा। उर्दू शायरी गालिब के बिना अधूरी है ह्लउनके देखे से जो आ जाती है मुंह पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है...ह्व अब भी गालिब की शायरी के शैदाई इस शेर को बार-बार पढ़ते हैं। उनका एक और शेर पढ़ें। ह्लरोने से और इश्क में बे-बाक हो गए...धोए गए हम इतने कि बस पाक हो गए...ह्व। गालिब के कुल 11 हजार से अधिक शेर जमा किये जा सके हैं। उनके खतों की तादाद 800 के करीब थी। वे फक्कड़ शायर थे। गालिब के हर शेर और शायरी में कुछ अपना सा दर्द उभरता है।

पर गालिब तब लगभग चुप क्यों थे जब दिल्ली में पहली जंगे आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी। 11 मई, 1857 को मेरठ में अंग्रेजों को रौंदने के बाद बागी सिपाही पहले हिंडन और फिर यमुना नदी को नावों से पार करके सलीमगढ़ के रास्ते भोर में ही दिल्ली में दाखिल हो गए थे। इनके निशाने पर यहां पर काम कर रहे गोरे और ईसाई बन गए हिन्दुस्तानी थे। ये सब उस दौर में दिल्ली के दिल दरियागंज में काफी संख्या में रहते थे।

बागियों ने जामा मस्जिद के उर्दू बाजार में स्थित दिल्ली बैंक को लूटा। कश्मीरी गेट की सेंट जेम्स चर्च को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त किया। उस समय हर ओर दिल्ली में अव्यवस्था का आलम था। बागियों ने बहादुरशाह जफर को हिन्दुस्तान का बादशाह घोषित कर दिया और इसके साथ ही दिल्ली उनके कब्जे में थी। गालिब खुद मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के पास ही काम करते थे। यानी गालिब ने1857 में भारतीय स्वतंत्रता का पहला युद्ध अपनी आंखों के सामने से देखा था।

गालिब जहां निर्विकार भाव से उस गदर को देख रहे थे, तब दिल्ली के एक पत्रकार-संपादक मौलाना मोहम्मद बकर को 1857 में गोरी सरकार ने गदर को कुचलने के बाद फांसी पर लटका दिया था। वे शिया मुसलमान थे। बकर साहब का जुर्म इतना भर था कि वे गोरी सरकार के खिलाफ निर्भीकता से लिखते थे। वे ह्लदेहली उर्दूह्व अखबार के संपादक थे। आजादी की जंग के खत्म होते ही बकर साहब को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 14 दिसंबर, 1857 को फांसी पर लटका दिया गया।

देहली उर्दू अखबार 1836 में चालू हुआ था। वह न केवल दिल्ली बल्कि सारे उत्तर भारत से छपने वाला पहला उर्दू का अखबार माना जाता है। वह हर हफ्ते छपता था। तो जब 1857 का गदर हुआ उस दौर में मिर्जा गालिब सारी स्थितियों को करीब से देख रहे थे। उन्होंने कभी देहली उर्दू अखबार के लिए कुछ लिखा हो, इसकी जानकारी नहीं मिलती है।

यह अखबार चार पन्नों का छपता था। हरेक पन्ने में दो कॉलम और 32 लाइनें रहती थीं। इसमें ही मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर सार्वजनिक सूचनाएं छपवाते थे। ये लगभग 21 सालों तक छपा। ये शिक्षा के महत्व पर लगातार लिखता था। इसमें दिल्ली के सामाजिक और सियासी हालातों को सही से कवर किया जाता था। जहां पर गोरों को शिकस्त मिलती थी, उसे ह्यदिल्ली उर्दू अखबारह्ण प्रमुखता से छापता था। इसमें क्रांतिकारी कविताएं भी छपती थीं। इससे पहले दिल्ली में कुछ फारसी के अखबार भी छपते थे।

देहली उर्दू अखबार का कॉलम ह्यहजूर ए वालाह्ण को पाठक बहुत पसंद किया करते थे। मुमकिन है कि गालिब कत्लेआम को देखकर अंदर से बहुत डरे हुए हों। कहने वाले यह भी कहते हैं कि वे इनाम, वजीफे, पेंशन और उपाधियों के लिए अंग्रेजों के पीछे भागते थे। क्या यही वजह रही कि उन्होंने कभी अंग्रेजों के बारे में कुछ भी कठोर नहीं लिखा, ताकि उन्हें अंग्रेजों से पेंशन जैसे फायदे मिल सके?

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मरीजो का नि:शुल्क ईलाज






# आदि गुरु दत्तात्रेय जंयती मनी







श्री सवेश्वरी समूह की राँची शाखा - औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड पश्चिम, में दो दिवसीय - परम पूज्य अघोरेश्वर महाविभूति कलश सह चरणपादुका स्थापना एवं आदिगुरु भगवान दत्तात्रेय जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अग्रहण पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सर्वप्रथम प्रातः 6.00 से सात बजे श्रमदान एवं सफाई के पश्च्यात 8.30 बजे पूजन आरती तथा 9.00 बजे से अघोरान्ना परो मंत्रः, नास्ति तत्त्वं गुरौ परम का अष्टयाम संकीर्तन प्रारंभ किया गया जिसमें श्री सवेश्वरी समूह संस्था के अध्यक्ष परम पूज्य गुरुपद संभव राम जी स्वयं उपस्थित हुए।

प्रातः 10 बजे से आश्रम प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जो अपराह्न 4.00 बजे तक चला। डॉ. एस. एन. सिन्हा, डॉ. रोहित कुमार सिंह, डॉ. रंजन नारायण, डॉ. शंकर रंजन, डॉ. सुधाकर त्रिगुनायक द्वारा एलोपैथी तथा डॉ. उत्पल कुमार एवं डॉ. त्रिविदा रघुवंशी ने होमियोपैथी का परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध करायीं।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मेसर्स मेयर फार्मा, मेसर्स करैंकों इंडियन, मेसर्स एल्केम लेन लिमिटेड तथा मेसर्स एबोर्ट द्वारा बी. एम. आई., हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड शुगर तथा लिपिड प्रोफाइल की निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध कराई गई। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लगभग 225 लोगों ने उठाया।

दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन बुधवार 27 दिसम्बर 2023, बुधवार को प्रातः 9.00 बजे अष्टयाम संकीर्तन के समापन, 10.30 बजे लघु विचार गोष्ठी एवं सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ होगा। देर रात निर्धन एवं जरूरतमंद के बीच कम्बल वितरण का आयोजन होगा। आयोजित कार्यक्रमों में श्री सवेश्वरी समूह की जमशेदपुर, डालटनगंज, नगर उंटारी, घाघरा, गुमला आदि शाखाओं से स्वयंसेवक एवं श्रद्धालु उपस्थित हुए।